www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:41 सूर्यास्त 6:23

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | -0.1 न्यू | 10.04 अधि |
| धर्मशाला | 06.5 न्यू | 14.09 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73872.29 |
| निफ्टी | 22405.60 |
| सोना | 64,090 |
| चांदी | 73,600 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



तीन पेसरों के साथ उतर सकता है भारत ...पेज 14

धर्मशाला | मंगलवार, 5 मार्च 2024 | 22 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 77 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए

## बाबा अखंडलमणि उड़ीसा के रूप में बाबा भूतनाथ का मनमोहन श्रृंगार



मंडी। महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू हुए 26वें दिन बाबा भूतनाथ मठ मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग पर बाबा अखंडलमणि उड़ीसा का स्वरूप उकेरा गया। बता दें कि यह मंदिर अराडी में बैतरणी नदी के तट पर स्थित है। किंवदंति है कि 350 वर्ष पहले राजा नीलाद्री समारा सिंह महापात्र के शासन में खेती करते हुए किस का हल ग्रेनाइट पत्थर के शिवलिंग से टकरा गया, जिससे खून निकलने लगा। उसी दिन राजा को शिवजी का स्वप्न आया, उसके उपरांत यहां मंदिर की स्थापना की गई।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मुख्यमंत्री योगी को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पुलिस कंट्रोल रूम में आए एक कॉल से हड़कंप मच गया है। इस कॉल के जरिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सुरक्षा मुख्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी ने महानगर थाना में इसकी शिकायत दर्ज करायी है। यह कॉल शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम के सीयूजी नंबर पर आया था।

### कस्टम विभाग ने जब्त किया 4.66 करोड़ का सोना

**जयपुर।** राजस्थान में कस्टम विभाग ने सोने की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ 2 बड़ी कार्रवाइयां की है। कस्टम विभाग ने जोधपुर रेलवे स्टेशन और जयपुर एयरपोर्ट पर तस्करी का सवा सात किलो सोना बरामद किया है। जब्त किए गए इस सोने का बाजार मूल्य 4.66 करोड़ रुपए से ज्यादा है। कस्टम विभाग के अधिकारी इन दोनों मामलों की छानबीन करने में जुटे हैं।

### पाकिस्तान में बर्फबारी और बारिश से 27 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के विभिन्न हिस्सों में हुई मूसलाधार बारिश और बर्फबारी से मरने वालों की संख्या रविवार को 27 तक पहुंच गई। इनमें 18 बच्चे भी शामिल हैं। पिछले दो दिनों में बारिश और बर्फबारी से 20 बच्चों सहित कम से कम 38 लोग घायल हो गए।

### भाजपा के कुलजीत बने चंडीगढ़ के नए सीनियर डिप्टी मेयर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर पद पर भाजपा के कुलजीत सिंह संधू जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के गुरप्रीत सिंह गाबी को हराया है। भाजपा के कुलजीत संधू को 19 वोट मिले तो वहीं, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सांझा उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गाबी को 16 ही वोट मिल सके।

### 15 जून तक खाली करना होगा 'आप' का कार्यालय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राऊज एवेन्यू में दिल्ली हाई कोर्ट की जमीन पर बनाए गए 'आप' कार्यालय को खाली करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिस जमीन पर आप ने अपना दफ्तर खोला है, वह दिल्ली हाई कोर्ट को आवंटित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 'आप' को 15 जून तक दफ्तर खाली करने को कहा गया है।

## टॉप स्टोरीज

जिन्होंने ली पैसे की अटैचियां उनका पर्दाफाश ...पेज 2

किन्नौर में जगह-जगह गिरे ग्लेशियर मार्ग अवरुद्ध, 404 ट्रांफार्मर ठप ...पेज 4

माइनिंग लीज एरिया से बाहर हो रहा खनन ...पेज 11

### सुप्रीम कोर्ट का सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार; 25 साल पुराना फैसला पलटा

# नोट लेकर वोट दिया तो मुकदमा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने सोमवार को 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए एस बोपन्ना, एम एम सुंदरेश, पी एस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा, 'हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।' 1998 में 5 जजों की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

**7 जजों की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने फैसला सुनाया**

### शीर्ष अदालत ने विशेषाधिकार की परिभाषा बदली

**इस** मामले में 1998 में 5 जजों की बेंच ने 3-2 के बहुमत से फैसला दिया था कि संसद में जो भी कार्य सांसद करते हैं, यह उनके विशेषाधिकार में आता है, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने उस परिभाषा को ही बदल दिया है। अब सांसदों और विधायकों को रिश्वतखोरी की छूट नहीं होगी।



### स्वतंत्र रूप से लिया निर्णय : डीवाई चंद्रचूड़



सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया है। क्या सांसदों को इससे छूट मिलनी चाहिए? इस बात से हम असहमत हैं और बहुमत से इसे खारिज करते हैं।

नरसिम्हा राव मामले में बहुमत का फैसला, जिससे रिश्वत लेने के लिए अभियोजन को छूट मिलती है, वह सार्वजनिक जनजीवन पर बड़ा प्रभाव डालता है

### किस मुद्दे से जुड़ा है मामला

दरअसल, यह मामला झामुमो के सांसदों के रिश्वत कांड पर आए आदेश से जुड़ा है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट विचार कर रहा था. आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था

### कोर्ट के फैसले में यह कहा गया

- अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है, जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है।
- संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है, जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। अनुछेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है।
- रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।

### पीएम मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में 'नोट लेकर वोट' देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'स्वागतम! सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला जो स्वच्छ राजनीति तय करेगा और व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा करेगा।'

# सुक्खू बोले-पहली अप्रैल से महिलाओं के खाते में आएंगे 1500-1500 रुपए

### 18 से 59 साल की हर महिला को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की महिलाओं के लिए 1500 रुपए देने का ऐलान कर दिया है। 18 साल से 59 साल की हर महिला को प्रतिमाह 1500 रुपए मिलेंगे। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह घोषणा उनकी ओर से बजट के के दौरान की जानी थी, लेकिन विपक्ष के शोर के बीच इस घोषणा को करना सही नहीं समझा। इस घोषणा से प्रदेश की करीब पांच लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। राज्य सरकार इसमें हर महीने करीब 800 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

प्रदेश की महिलाओं को यह राशि 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के तहत दी जाएगी। सुक्खू ने कहा कि चुनाव से पहले यह कांग्रेस की सबसे बड़ी गारंटियों में से एक थी। हालांकि जब कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले यह गारंटी दी थी, तब बिना किसी शर्त हर महिला को 1500 दिए जाने की बात कही थी।

हिमाचल प्रदेश में 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के हर्ष महाजन की जीत के बाद मुख्यमंत्री कई बड़े फैसले लेते हुए नजर आ रहे हैं।

**'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के तहत दी जाएगी यह राशि**



### पांच लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ

प्रदेश में महिलाओं की संख्या करीब 23 लाख है, लेकिन अब सरकार ने इसके लिए आय सीमा भी तय की है। नियमों के मुताबिक अब प्रदेश की करीब पांच लाख महिलाओं को ही इसका लाभ मिल सकेगा। सुक्खू ने कहा कि महिलाओं से इसके फॉर्म भरवाए जाएंगे और 1 अप्रैल से ही यह लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। फरवरी महीने के अंत में ही मुख्यमंत्री ने जिला लाहौल स्पीति की महिलाओं को यह लाभ देना शुरू किया था।

## अनुराग ठाकुर ने ऊना से हरिद्वार के लिए ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संत समाज के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन ऊना से हरिद्वार जाने वाली एमईएमयू ट्रेन को 1.50 बजे हरी झंडी दिखाई। इस दौरान डेरा बाबा रुद्रानंद से हेमानंद महाराज, संत रामानंद महाराज सहित डीआरएम अंबाला मनदीप सिंह भाटिया मौजूद रहे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि डेरा बाबा रुद्रानंद महाराज और संत बाबा बालजी महाराज ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन आदि धार्मिक स्थलों के लिए ट्रेन चलाने की मांग की थी। इसे पूरा करते हुए पहली हरिद्वार ट्रेन को शुरू कर दिया गया है। जल्द प्रयागराज, उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले 10 दिन में ट्रेन शुरू की जाएगी। देवभूमि का महाकाल लोक तक जुड़ाव होगा, ट्रेन को मंजूरी मिल गई है। समयसारिणी तय जल्द कर दी जाएगी। रेल विस्तार के साथ ही अन्य राज्यों से हिमाचल की दूरियां कम हुई हैं।

**महाकाल के दर्शन के लिए 10 दिन में ट्रेन शुरू की जाएगी**



ट्रेन को रवाना करते अनुराग ठाकुर।

## कांग्रेस के बागी विधायक पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, सुनवाई 6 मार्च को

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा कांग्रेस के 6 बागी विधायक को अयोग्य घोषित करने के मामला मामला सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पहुंच गया है जिस पर 6 मार्च को सुनवाई होनी है।

दरअसल राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के बाद कटौती प्रस्तावों पर वोटिंग के लिए सदन के भीतर उपलब्ध न होने का आधार बनाकर स्पीकर की ओर से 6 विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। स्पीकर के फैसले के खिलाफ बागी विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

इन विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, चैतन्य शर्मा, रवि ठाकुर, इंद्र दत्त लखनपाल और देवेंद्र कुमार शामिल हैं। ये सभी विधायक फिलहाल पंचकूला के एक होटल में ठहरे हुए हैं। इन सभी विधायकों की सीटों को विधानसभा ने खाली घोषित कर दिया है। यदि सुप्रीम कोर्ट से स्पीकर के फैसले पर रोक नहीं मिली तो इन्हें उपचुनाव में जाना होगा।

### सोनिया गांधी से मिलने दिल्ली पहुंचे अनिरूद्ध



प्रदेश में सियासी उठा पटक के बीच चर्चाओं व अफवाहों का बाजार गर्म है। रोजाना मीडिया और सोशल मीडिया में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को चर्चा चली है कि हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज व ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री अनिरूद्ध सिंह सोनिया मिलने दिल्ली पहुंचे हैं। हालांकि मंत्री अनिरूद्ध सिंह या उनकी कार्यालय की तरफ से इस मीटिंग की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

**लोकसभा चुनाव से पहले सुक्खू सरकार का तोहफा**

## 5 लाख सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलेगा एरियर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

लोकसभा चुनाव से पहले सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनरों को तोहफा दिया है। प्रदेश के 5 लाख सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों को एरियर मिलेगा। बता दें कि प्रदेश में नियमित सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान का फैसला लिया है। इसके साथ ही नियमित कर्मचारियों को 1 जुलाई 2022 से देय महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भी भुगतान किया जाएगा।

इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। संशोधित वेतनमान के कुल एरियर का 1.5 फीसदी मार्च और तीन फीसदी भुगतान वार्षिक रूप से वित्तीय वर्ष 2024 में किया जाएगा जो प्रति माह कुल बकाया का 0.25 फीसदी की दर से वितरित किया जाएगा। संशोधित वेतनमान का एरियर वेतन-पेंशन के साथ मासिक रूप से वितरित किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में नियमित सरकारी कर्मचारियों के वेतन के साथ महंगाई भत्ते का बकाया 1.5 फीसदी की मासिक दर से वितरित किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बकाया की मात्रा वेतनमान और डीए के बकाया के लिए निर्धारित सीमा से अधिक न हो।

बजट पेश करते समय सुक्खू सरकार ने दो लाख कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नए वेतनमान का एरियर देने और करीब साढ़े तीन लाख कर्मियों-पेंशनरों को चार फीसदी महंगाई भत्ता जारी करने की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की दाखिल याचिका को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

किसान आंदोलन को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। इससे पहले पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में भी किसान आंदोलन को लेकर याचिका दी जा चुकी है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में इसी बात की याचिका पर सुनवाई लंबित होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल इस याचिका में गुहार लगाई गई है कि अदालत सरकार को निर्देश दे कि किसान जिन मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, उन मांगों पर विचार किया जाए। याचिका में यह भी मांग की गई है कि प्रदर्शकारी किसानों पर पुलिस बल प्रयोग की जांच और पुलिस कार्रवाई में घायल और मारे गए किसान के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। किसान पंजाब-हरियाणा पर खनौरी और शंभू बॉर्डर पर रुके हुए हैं और अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



## मोदी की तेलंगाना को 56,000 करोड़ की सौगात

**एजेंसी,आदिलाबाद**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित कई विकासात्मक परियोजनाओं का उदाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिलाबाद की भूमि न केवल तेलंगाना बल्कि पूरे देश से संबंधित विकास परियोजनाओं का गवाह बन रही है, क्योंकि 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की 30 से अधिक विकास परियोजनाएं या तो राष्ट्र को समर्पित की जा रही हैं या आज उनका शिलान्यास हो रहा है। इन परियोजनाओं में राज्य में ऊर्जा, पर्यावरण स्थिरता और सड़क कनेक्टिविटी से संबंधित कई परियोजनाएं शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और तेलंगाना राज्य दोनों ने लगभग 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सरकार अपने नागरिकों के सपनों को साकार करने के लिए राज्य को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने राज्यों के विकास से देश के विकास का मंत्र दोहराया। उन्होंने कहा कि बेहतर अर्थव्यवस्था से देश में भरोसा बढ़ता है और राज्यों को भी निवेश मिलने से उसका फायदा होता है।

### 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार : मोदी

मोदी ने लालू प्रसाद यादव के 'परिवार' वाले बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'इन्हें बताना चाहता हूं कि मेरा देश, 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। मैं जब भी परिवारवाद की राजनीति की बात करता हूं, तो विपक्ष के लोग कहते हैं कि मोदी का तो कोई परिवार ही नहीं है।' 3 मार्च को लालू यादव ने कहा था, 'पीएम मोदी आजकल परिवारवाद पर हमला करते हैं। मैं पूछता हूं कि तुम बताओ कि तुम्हारी कोई संतान क्यों नहीं हुई।' इस पर अमित शाह, जेपी नड्डा, स्मृति ईरानी, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने यूजर नेम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ लिया है।

## नड्डा ने हिमाचल राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिमाचल राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, गुजरात से वे राज्यसभा सदस्य बने रहेंगे। उनका इस्तीफा राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने स्वीकार कर लिया है।



दरअसल, जेपी नड्डा का हिमाचल से 14 दिन का कार्यकाल बाकी था। बीजेपी अध्यक्ष राज्यसभा सीटों पर हाल ही में हुए चुनाव में निर्विरोध चुने गए थे। वे गुजरात से राज्यसभा सांसद चुने गए हैं।

27 फरवरी को 15 राज्यों की 56 सीटों पर राज्यसभा चुनाव हुए थे। इनमें से 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध जीते थे, क्योंकि इन सीटों पर एक-एक उम्मीदवार ही मैदान में था, जबकि 15 सीटों पर चुनाव हुए थे। ये सीटें यूपी, हिमाचल और कर्नाटक की थीं। यूपी की 10, हिमाचल की 1 और कर्नाटक की 4 सीटों पर चुनाव हुआ था।

**टी-20 विश्वकप** रीसेल प्लेटफॉर्म पर दोबारा मिल रहे मुकाबले के टिकट, 9 जून को होगी भिड़ंत

# भारत-पाक मैच की सबसे महंगी टिकट 1.86 करोड़ में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**टी-20** विश्व कप 2024 का शेड्यूल जारी किया जा चुका है। वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले इस क्रिकेट के फटाफट महाकुंभ का रोमांच इसलिए भी बढ़ चुका है क्योंकि भारतीय टीम को ग्रुप-ए में पाकिस्तान के साथ रखा गया है।




भारत और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला 9 जून को खेला जाएगा। मुकाबले को लेकर दर्शकों में अभी से उत्साह देखने को मिल रहा है।

भारत और पाकिस्तान मैचों के टिकट लगभाग बिक गए हैं। अब कुछ रीसेल प्लेटफॉर्म पर दोबारा भारत और पाकिस्तान मैच के टिकट मिल रहे है। प्लेटफॉर्म सीटगीक के मुताबिक टी-20 विश्व कप में भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए इस साइट पर सबसे महंगी टिकट 1,75,000 डॉलर यानी लगभग 1.4 करोड़ रुपए की है। इसमें प्लेटफॉर्म चार्ज और अतिरिक्त फीस जोड़ दें तो आंकड़े करीब 1.86 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता हैं। आगामी टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी रोहित शर्मा और पाकिस्तान की कप्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी करते दिखेंगे।

### भारत के ग्रुप दौर में 4 मुकाबले

**आईसीसी** टी-20 विश्व कप के लिए शेड्यूल जारी हो गया है। भारतीय टीम को आयरलैंड, पाकिस्तान, अमरीका और कनाडा के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। भारतीय टीम के शुरुआती तीनों ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में होंगे, जबकि उसका आखिरी ग्रुप मैच फ्लोरिडा में होगा।

**भारत के मुकाबले**

| | |
|---|---|
| भारत बनाम आयरलैंड | 5 जून |
| भारत बनाम पाक | 9 जून |
| भारत बनाम अमेरिका | 12 जून |
| भारत बनाम कनाडा | 15 जून |

### दोनों टीमों का रिकॉर्ड

**टी-20** विश्व कप में दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी आठवीं बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले सात मौकों पर टी-20 विश्व कप में भारत का सामना पाकिस्तान से हुआ है। छह बार टीम इंडिया ने मैच जीता है, जबकि एक बार पाकिस्तान की टीम जीत हासिल करने में सफल रही है। वनडे और टी-20 दोनों विश्व कप मिलाकर भारतीय टीम सिर्फ एक बार पाकिस्तान से हारी है। यह मैच 2021 टी-20 विश्व कप में खेला गया था, जिसे पाकिस्तान ने 10 विकेट से जीता था।

### ऐसे बनाएंगी टीमें फाइनल में जगह

**20 टीमों** वाला टूर्नामेंट कुल नॉकआउट समेत कुल तीन स्टेज में खेला जाएगा। सभी 20 टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप की टॉप-दो टीमें सुपर-8 में एंट्री करेंगी। इसके बाद फिर सभी आठ टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। सुपर-8 स्टेज में दोनों ग्रुप की दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी। सेमीफाइनल मुकाबले के जरिए दो टीमें फाइनल में जगह बनाएंगी।

## ऑपरेशन लोटस को धराशायी करने के लिए सीएम ने पहले तैयार रखा था प्लान 'बी'

### अवैध खनन पर सख्ती करने के लिए यही विधायक डालते थे अड़ंगा : सुक्खू

**अरविंद शर्मा, शिमला**

राज्य सरकार में वर्तमान समय में चल रही उथल-पुथल में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक बड़ी भूमिका में नजर आए। कहीं न कही अपनी सूझबूझ के कारण भाजपा के ऑपरेशन लोटस को संभालने में सफल हुए।

जिस प्रकार 6 कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग कर राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया गया और अन्य कांग्रेस विधायकों के राज्य सरकार से भागम भाग करवाने के चर्चे हो रहे थे, उसे सुक्खू ने रोक लिया है। साथ ही सीएम का एक बयान भी सामने आया है कि यह बागी विधायक वहीं हैं जब राज्य सरकार अवैध खनन को लेकर सख्ती कर रही थी और आपदा के समय क्रेशर बंद करवाए थे तो सबसे ज्यादा तकलीफ उन्हें ही हो रही थी।

**करीब 16 विधायकों के पास हैं अपने क्रशर**

विधानसभा में करीब 16 विधायक ऐसे हैं जिनके अपने एक या फिर इससे ज्यादा क्रशर हैं। केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व भी सुक्खू के साथ ढाल बन कर खड़ा है। सरकार बनने के बाद सीएम जानते थे कि भाजपा कभी भी कांग्रेस विधायकों को अपने पाले में करके सरकार को अस्थिर कर सकती है। इसलिए सुक्खू ने प्लान 'बी' तैयार रखा था, जिसकी भनक न तो बागी विधायकों को थी और न ही भाजपा को। जैसे ही राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के 6 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके राज्य सरकार को झटका देना चाहा, वहीं सुक्खू ने प्लान नंबर 'बी' शुरू करके पहले भाजपा के 15 विधायकों को विधानसभा से सस्पेंड करवाकर बजट पास करवाया।

फिर बागी 6 विधायकों को विहिप जारी करके विधानसभा में हाजिर होने के आदेश दिए। और आगे की करवाई करते हुए बागी 6 विधायकों की विधायक की सदस्यता रद्द कर दी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक नौ को

**पधर।** हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग खंड की मासिक बैठक नौ मार्च को प्रातः 11 बजे उरला वन विश्राम गृह में प्रधान एमसी चौहान की अध्यक्षता में होगी। सचिव गोकुल चंद ने द्रंग खंड के सभी विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि सभी बैठक में उपस्थित होकर सभा में अपने विचार रखें और यदि कोई समस्या भी है तो उसे भी साझा करें ताकि कार्यकारणी उनकी समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा करवा सके।

### प्राकृतिक खेती के बारे में किया जागरूक




स्यांजी कोठी में किसान गोष्ठी के दौरान किसान सामूहिक चित्र में।

**गोहर।** ग्राम पंचायत स्यांजी कोठी में कृषि विभाग विकास खंड धनोटू की ओर से प्राकृतिक खेती पर एकदिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया। किसानों को विभाग के अधिकारियों ने जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत बनाने की विधि और उसके उपयोग करने की विधि के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि यह शून्य बजट की कृषि है क्योंकि इसमें किसानों को फसल उत्पादन के लिए उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर खर्च करने की आवश्यकता नहीं होती। किसानों को फसल संरक्षण के लिए गोबर, पौधों एवं मानव के अपशिष्ट, केंचुआ एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी गई। किसानों को विभाग की ओर से फ्रासबीन, करेला, भिंडी तथा खीरे के बीज भी बांटे गए। इस गोष्ठी में खंड तकनीकी अधिकारी नरेंद्र कुमार, सहायक तकनीकी अधिकारी सौरभ वालिया, मास्टर ट्रेनर सरवण, रोशन लाल, नंद लाल, ग्राम पंचायत स्यांजी कोठी के उपप्रधान खेमू व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### छात्रों को अग्निवीर बनने की जानकारी दी

**मंडी।** भर्ती कार्यालय मंडी द्वारा आईटीआई बल्ह और डैहर के प्रशिक्षुओं को अग्निवीर बनने की जानकारी प्रदान की गई। भर्ती कार्यालय द्वारा आईटीआई बल्ह में शुक्रवार को और आईटीआई डैहर में बुधवार को अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया, पात्रता, ऑनलाइन पंजीकरण, वित्तीय पैकेज, अग्निवीर के बाद का जीवन, आगामी रैली, शारीरिक मापदंड और शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी दी गई। भर्ती कार्यालय मंडी के सहायक भर्ती अधिकारी सूबेदार मेजर विकास चंद्र ने यह जानकारी दी।

### देव माहूंनाग आठ मार्च को पहुंचेंगे मंडी



**मंडी।** श्री देव कमरूनाग 29 फरवरी को अपने भंडार से मंडी शिवरात्रि के लिए प्रस्थान कर चुके है। सात मार्च को देव कमरूनाग का जिलाधिकारी मंडी पुलघराट में राजमहल की छड़ी सहित स्वागत करेंगे। श्री देव माहूंनाग तरौर नाचन अपने लाव-लश्कर के साथ आठ मार्च को करीब 2:30 बजे पुलघराट में पहुंचेंगे। पुलघराट के पास तहसीलदार सदर मंडी माधोराय की छड़ी के साथ देवता का स्वागत करेंगे। बता दें कि माहूंनाग देवता आधी सुकेत रियासत के राजा हैं, इन्होंने सुकेत के राजा को मुगलों से आजाद करवाया था, तभी से इन्हें आधा राज्य दिया गया था। यह आधि व्याधि को नष्ट करने वाले देवता हैं और राजा ने इन्हें राजमहल के साथ ही अन्यत्र स्थान उपलब्ध करवाया है, देवता वहीं ठहरते हैं और भंडारा लगाते हैं। इन्हें दानवीर भी कहा जाता है, मनुष्य इनके बल की सीमा नहीं जानते हैं।

### बगला में किया श्री कमरुनाग का स्वागत

**मंडी।** नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र शर्मा द्वारा मंडी के आराध्य देव श्री कमरुनाग के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला के आगमन पर राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बगला में स्थित बाला कामेश्वर मंदिर परिसर में देवता का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की उप महापौर माधूरी कपूर, पार्षद वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, नेहा कुमारी, मनोनीत पार्षद नितीन भाटिया उपस्थित रहे।

एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने बोला हमला, कहा-सीआरपीएफ की सुरक्षा में फाइव स्टार होटल का खर्चा कौन दे रहा

# जिन्होंने ली पैसे की अटैचियां उनका पर्दाफाश

**अनिल शर्मा, मंडी**

एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर तीखा शाब्दिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कुछ विधायक पैसे के लालच में सीआरपीएफ की सुरक्षा में फाइव स्टार होटल में बैठे हैं, उसका खर्चा कौन दे रहा है, मेरा इन विधायकों से अनुरोध है कि जिस दिन आप यह सुरक्षा छोड़ेंगे उस दिन क्षेत्र के लोग आपके स्वागत के लिए खड़े हैं। हिमाचल में यूपी, बिहार की राजनीति शुरू कर दी, यहां हिमाचली लोग अपने नेता से भावनात्मक लगाव रखते हैं। हिमाचल की संस्कृति को बदनाम करने पर जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा को माफ करने वाली नहीं है।

उन्होंने बागी विधायक राजेंद्र राणा को लेकर कहा कि अपनी ही सरकार को अपने ही जिले के मुख्यमंत्री को डुबोने चले हुए हैं। सब जानते हैं कि वह किस पृष्ठभूमि से आए हैं और किस नेता को हरा कर आए हैं। संजीव गुलेरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस घटनाक्रम के बाद और मजबूत हुई है। जो पार्टी के गद्दार थे, जो वोटर के बाहर गए, जिन्होंने पैसे की अटैचियां ली, उनका पर्दाफाश हुआ है। आने वाले लोकसभा चुनाव में उनका हश्र देखने को मिलेगा। पूरे देश में सुखविंद्र सिंह ही ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने भाजपा के ऑपरेशन लोट्स को फेल किया है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव दिवेंद्र शर्मा, जिला महासचिव प्रदीप शर्मा, पार्षद योगराज, हरीश कुमार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



प्रेस वार्ता करते हुए एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया।

#### कांग्रेस पार्टी से हुई चूक

संजीव गुलेरिया ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से चूक हुई है कि हमने उन गद्दार विधायकों पर भरोसा किया। संजीव गुलेरिया ने कहा कि रोज प्रेस कांफ्रेंस हो रही है और नेता कह रहे कि हम मुख्यमंत्री के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कहां से षड्यंत्र रचा गया हिमाचल की पढ़ी लिखी जनता सब जानती है, किसी को कुछ बताने की आवश्यकता नहीं है।

## इलेक्शन में ड्यूटी न लगाई जाए



ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

परीक्षा विभाग में मात्र छह कर्मचारी है और इलेक्शन में उनमे से दो की ड्यूटी लगा दी गई। बता दें कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय में एग्जामिनेशन ब्रांच के छह में से दो कर्मचारियों की ड्यूटी आगामी चुनावों में लगा दी गई है। बता दें कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय एग्जामिनेशन विभाग में पहले से ही स्टाफ की भारी कमी है, जहां विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग पहले से ही कई समस्याओं से जूझ रहा है ऐसे में एग्जामिनेशन विभाग के कर्मचारियों की इलेक्शन में ड्यूटी लगाना उचित नहीं है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पहले ही 29 फरवरी को एडीएम मंडी के माध्यम से डीसी मंडी को इस विषय में ज्ञापन सौंपा था, परंतु इसके बाद भी इलेक्शन कमीशन द्वारा परीक्षा विभाग के कर्मचारियों की इलेक्शन में ड्यूटी लगा दी गई।

एबीवीपी इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने बताया कि विद्यार्थी परिषद इलेक्शन कमीशन से मांग करती है कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी परीक्षा विभाग के किसी भी कर्मचारी की सेवा आगामी चुनावों में न ली जाए और साथ में प्रदेश सरकार से भी यह मांग करती है कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में जल्द से जल्द स्टाफ की भर्ती की जाए ताकि विश्वविद्यालय का कार्य सुचारू रूप से संचलित हो सके।

## एक्सीलेंसी सेंटर कंसा चौक में वुशू खिलाड़ियों का स्वागत किया



**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

हिमाचल वुशू संघ द्वारा खेलो इंडिया नेशनल व फेडरेशन कप खेल कर आए खिलाडियों का वुशू एक्सीलेंसी सेंटर कंसा चौक में स्वागत किया गया। भारतीय वुशू संघ के उपाध्यक्ष एवं महासचिव हिमाचल वुशू संघ पीएन आजाद ने बताया कि महिला वर्ग में खेलो इंडिया (राष्ट्रीय स्तर) की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि फेडरेशन कप जो कि रांची-झारखंड में संपन्न हुआ वहां पर भी हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो सिल्वर, पांच कांस्य पदक जीते जबकि खेलो इंडिया में एक सिल्वर व एक कांस्य पदक जीत कर पूरे देश में हिमाचल का नाम रोशन किया। स्वागत समारोह में वुशू संघ के सभी पदाधिकारी व खिलाड़ियों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

## घंटाघर में महापौर ने किया वाचनालय का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम द्वारा संचालित इंदिरा मार्केट के मध्य में स्थित घंटाघर के धरातल पर वाचनालय की स्थापना की गई है। सोमवार को विधिवत तौर पर मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने इसका उद्घाटन किया।

इस अवसर पर घंटाघर के इतिहास और बुक कैफे से संबंधित एक बुकलेट का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के चार और वाचनालय भी नगर निगम क्षेत्र में शीघ्र ही प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के पुस्तकालयों का संचालन नगर निगम के कर्तव्यों में शामिल है। उन्होंने वयोवृद्ध साहित्यकार कृष्ण कुमार नूतन को सम्मानित किया। इससे पूर्व निगम के आयुक्त एचएस राणा ने सभी का स्वागत करते हुए इस कार्य में पत्रकारों, साहित्यकारों व लेखकों को पुस्तकें दान करने ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने की अपील की। पार्षद राजेंद्र मोहन ने युवाओं को नशे आदि की बुराइयों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे वाचनालयों की स्थापना पर जोर दिया।

उपमहापौर माधूरी कपूर ने उपस्थित जनों का आभार जताकर सहयोग मांगा। इस मौके पर पूर्व महापौर दीपाली जसवाल सहित निर्वाचित व मनोनीत पार्षद, वरिष्ठ नवोदित साहित्यकार तथा नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेटी की शादी के लिए फरिश्ता बने दानवीर

### नेर घरवासड़ा पंचायत में जरूरतमंद परिवार का शादी का खर्च उठाया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में बिन बाप की बेटी की शादी के लिए दानवीर फरिश्ता बने हैं। प्रशासन ने भी परिजनों की मदद की है। बेटी की शादी के खर्च को लेकर मां बहुत परेशान थी। इसी बीच जोगिंद्रनगर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने राशन की व्यवस्था कर दी, जबकि स्थानीय प्रशासन से शादी समारोह के लिए टेंट, बिस्तर और अन्य साजो सजावट का सामान भी उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान की है। जानकारी के अनुसार नेर घरवासड़ा पंचायत से संबंध रखने वाली कृष्णा देवी की बेटी की शादी मार्च माह की आठ तारीख को तय हुई है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर उन्होंने मंडल भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष मेघना ठाकुर के माध्यम से सहायता की गुहार लगाई। इसी बीच रोटरी क्लब के सदस्यों को भी जब अवगत करवाया गया तो उन्होंने शादी समारोह के लिए राशन की व्यवस्था कर दी। सोमवार को रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजय ठाकुर, राम लाल वालिया और रोटेरियन डॉ. अनिल चौहान ने बताया कि स्थानीय लोगों के आह्वान पर उन्होंने राशन की व्यवस्था जरूरतमंद परिवार के लिए करवा दी है। वहीं एसडीएम मनीष चौधरी ने बताया कि प्रशासन के माध्यम से निर्धन परिवार की बेटी की शादी के टेंट, कुर्सियां, बिस्तरे व कुछ शामियाने उपलब्ध करवा दिए गए हैं।



रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजय ठाकुर, राम लाल वालिया और डॉ. अनिल चौहान।

## बगावत के बाद अब रेवड़ियां बांट रहे सीएम : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



सुंदरनगर से भाजपा विधायक व मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस में खुलकर कलह मची हुई है। कभी कैबिनेट मीटिंग से मंत्री नाराज होकर बाहर निकलते हैं तो कभी कैबिनेट मीटिंग ही रद्द कर दी जाती है। जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद इस बात को कहते हैं कि 80 प्रतिशत विधायक उनके संपर्क में हैं। इसका अर्थ साफ है कि 20 प्रतिशत विधायक सुखविंद्र सिंह को मुख्यमंत्री नहीं मानते। कांग्रेस की इसी कलह से लगता है कि सरकार में भारी फूट है और सरकार जल्द ही अपने ही भार से डूब जाएगी। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि डैमेज कंट्रोल को रोकने के लिए सुक्खू सरकार में जिस तरह ताजपोशियां की जा रही है, सरकार यह बताए कि अभी तक तो आपके पास प्रदेश चलाने के लिए हिमाचल सरकार के पास पैसा नहीं था, पर आज जब अपने हाथ से सत्ता खिसकती दिख रही है तो हर उस विधायक जो उन्हें खिसकता दिख रहा, उन्हें कैबिनेट रैंक से नवाजा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लोगों को झूठी गारंटियों के स्वप्न दिखा कर बनी है।

## राष्ट्र निर्माण के लिए दें अपना सहयोग

### मंडी में राज्य सभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार का कार्यकर्ताओं से आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। पार्टी संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए और बड़ी जीत के लिए मैदान में उतर चुकी है। इसी कड़ी में भाजपा संगठन के मजबूत आधार स्तंभ बूथ को और अधिक सशक्त करने के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्य सभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने जिला मंडी के तीन महत्वपूर्ण मंडलों बल्ह, द्रंग और सदर के त्रिदेव सम्मेलनों में शिरकत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले और उसके बाद के भारत में बहुत बड़ा अंतर है और प्रत्येक भारतीय के लिए यह अंतर समझना अत्यंत आवश्यक है।



मंडी में आयोजित त्रिदेव सम्मेलन में राज्य सभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

जहां एक ओर पहले विकास की रफ्तार बहुत धीमी थी तो वहीं मोदी सरकार ने मात्र दस वर्षों के कार्यकाल में विश्व के बड़े-बड़े देशों को पीछे छोड़ दिया है। आने वाले कुछ वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्षेत्र, बैंकिंग क्षेत्र हो या समाजिक सुरक्षा हर ओर भारत का डंका बज रहा है और पूरा विश्व भारत को बड़ी आशा के साथ देख रहा है। महिला, युवा और समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अगले 100 दिन तक राष्ट्र निर्माण के लिए दिन रात एक कर पुन: भाजपा सरकार बनवाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर मंडी विधायक अनिल शर्मा, संसदीय क्षेत्र विस्तारक सुरेश शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के सभी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नानक चंद ने बतौर थाना प्रभारी कार्यभार संभाला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

▶ कहा- नशे के खिलाफ विशेष अभियान रहेगा जारी

पुलिस थाना सुंदरनगर में इंस्पेक्टर नानक चंद ने बतौर थाना प्रभारी कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नशा माफिया को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाकर उन्हें सलाखों के पीछे धकेला जाएगा। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में नानक चंद ने कहा कि सुंदरनगर में पुलिस ने नशा माफिया के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत अभी तक इस धंधे में संलिप्त कई लोगों को पकड़ा जा चुका है, लेकिन स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना इस अभियान को सफल नहीं किया जा सकता है।



चिट्टे जैसे जानलेवा नशे की गिरफ्त में आकर युवा जान से हाथ धो रहे हैं। अब यह समय की मांग है कि ऐसे लोगों को पकड़वाने के लिए लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और शांति बनाए रखने के लिए भी उचित प्रयास किए जाएंगे।

## कंसा में सीडी को-ऑपरेटिव समिति की शाखा में सेंधमारी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

▶ मकान मालिक की मुस्तैदी से भागे चोर, पुलिस जांच में जुटी

बल्ह पुलिस थाना के अंतर्गत कंसा चौक में स्थित सीडी को-ऑपरेटिव समिति चच्योट की शाखा में चोरों ने सेंधमारी करने की कोशिश की, लेकिन मकान मालिक की मुस्तैदी ने चोरों को घटना को अंजाम देने में नाकाम कर दिया।

चोरों ने रविवार रात को लगभग दो बजे शाखा के शटर का ताला तोड़ उसमें रखी चेस्ट को ले जाने की कोशिश की, लेकिन मकान मालिक ऊपर की मंजिलें में सो रहे थे, उन्हें आवाज आई तो उन्हें चोरी का शक हुआ। उठकर देखा तो तीन लोग सड़क से भागे। मकान मालिक दीपाली व सुभाष तथा उनके बच्चों श्रेष्ठ व दक्ष ने चोरों का पिछा करने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही दरवाजा खोलने लगे दरवाजा नहीं खुला। चोरों ने दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था। शोर मचाने पर चोर भागे तो उनकी साइकिल वहीं छूट गई। उन्होंने पुलिस व सीडी को-ऑपरेटिव शाखा के प्रबंधन को फोन पर घटना की सूचना दी। मकान मालिकों का दरवाजा भी पुलिस ने आकर खोला। मकान मालिक की मुस्तैदी से चोर शाखा रखी चेस्ट नहीं ले जा पाए, जिससे वहां पर रखी नकदी बच गई। उसी समय शाखा प्रबंधक व अन्य शाखाओं के प्रबंधक भी वहां पहुंच गए।

वहीं पुलिस थाना प्रभारी पुरुषोत्तम धीमान ने कहा कि चोरों ने जो साइकिल व अन्य सामान प्रयोग किया है उसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। चोर कबाड़ी का काम करने वाले हो सकते हैं तथा उनके साथ अन्य लोग भी हो सकते हैं। कंसा व आसपास के लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है साथ ही सीसीटीवी की फुटेज को भी जांचा जा रहा है।

## सिद्धपुर में सजा किसान मेला

**सरकाघाट।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आतमा जिला मंडी द्वारा सोमवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के सिद्धपुर में जिला स्तरीय किसान मेला आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता विधायक चंद्रशेखर ने की। किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ने प्राकृतिक खेती पर बल देते हुए कृषि वैज्ञानिकों,आतमा प्रोजेक्ट तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन व परंपरागत रसायन मुक्त खेती पर बल देने की बात कही। विधायक ने यहां मत्सय, बागवानी, कृषि विभाग तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का भी शुभारंभ व अवलोकन किया वहीं ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव को प्रदर्शित किया गया।

**समस्या** विश्वकर्मा चौक पर हो रही दिक्कत, समाधान मांगा

## कीचड़ व उड़ती धूल से हर कोई परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बरसात की आपदा से शहर के विश्वकर्मा चौक के पास टारना की पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण चली आ रही दिक्कतें अभी भी जारी हैं। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस व लोक निर्माण विभाग यहां पर केवल लीपापोती करके ही कई महीनों से काम चला रहे हैं। इसके चलते पुराने सुकेती पुल, मंगवाईं व थनेहड़ा बाजार के मध्य कभी यातायात खोल दिया जाता है तो कभी बंद कर दिया जाता है। आलम यह है कि थोड़ी सी बारिश होने पर ऊपर से मिट्टी और पत्थर गिरना शुरू हो जाते हैं,



सड़क पर पड़ी मिट्टी से उड़ रही धूल, जिससे राहगीर खासे परेशान हैं।

जिससे वाहन चालक और मंगवाईं व थनेहड़ा के मध्य पैदल राहगीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। सोमवार को कई दिनों से बंद इस सड़क मार्ग पर पुन: ऊपर से गिर रहे पत्थर व मिट्टी को थामने के लिए कार्य किया गया। जिसके तहत कुछ राहत मिलने की संभावना तो है, लेकिन इस स्थान पर जब बारिश होती है तो पानी व चिकनी मिट्टी से कीचड़ से परेशानी होती है। जब यह मिट्टी सूख जाती है तो गाड़ियों की आवाजाही से यह सारी की सारी मिट्टी हवा में उड़ कर पूरे थनेहड़ा व मंगवाईं बाजार की तरफ दोनों बाजारों का पर्यावरण धूलमय में हो जाता है। दुकानदारों, पैदल राहगीरों और वाहन चालकों को भी इससे बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। थनेहड़ा बाजार शॉपकीपर एसोसिएशन के सदस्यों, दुकानदारों अवनीश पटियाल, गजेंद्र पाल, सर्वजीत, दीपक गुलेरिया और बीरबल शर्मा आदि ने नगर निगम, स्थानीय प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि यहां से फालतू मिट्टी को उठाया जाए व सड़क पर जम चुकी मिट्टी को फायर बिग्रेड के पानी प्रेशर से धोया जाए ताकि निजात मिल सके।



शिमला के रिज मैदान से एशिया राफ्टिंग चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न देशों के खिलाड़ी अपने देश के झंडे के साथ।

### अभिलाषी विश्वविद्यालय तीन दिवसीय प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू, विश्वभर के वैज्ञानिक ले रहे भाग

# कृषि और प्रौद्योगिकी का सेहत और पर्यावरण पर प्रभाव

**अनंत ज्ञान, गोहर**

अभिलाषी विश्वविद्यालय और सोसायटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल, हॉर्टिकल्चरल एंड अलाइड साइस कुरुक्षेत्र हरियाणा ने संयुक्त रूप से अभिलाषी यूनिवर्सिटी मंडी में तीन दिवसीय प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सतत कृषि और प्रौद्योगिकी प्रभाव (फ्यूचर स्ट्रेटेजीज फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी इम्पैक्ट ऑन ह्यूमन हेल्थ एंड एनवायरनमेंट) के लिए भविष्य की रणनीतियों का शुभारंभ किया।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यातिथि डॉ. आरके अभिलाषी कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, प्रतिकुलाधिपति, डॉ. एचएस बनयाल कुलपति अभिलाषी विश्वविद्यालय एचसी शर्मा पूर्व कुलपति डॉ. वाईएस परमार विश्वविद्यालय, डॉ. एचके चौधरी पूर्व कुलपति, डॉ. पंकज सूद अध्यक्ष केवीके सुंदरनगर मंडी ने भाग लिया और विशिष्ट अतिथि डॉ. वीपी शर्मा अध्यक्ष ऑनलाइन मोड से कांफ्रेंस में जुड़े रहे। मुख्य संयोजक रहे डॉ. डीआर ठाकुर, डॉ. कपिल कपूर, डॉ. राजन कंबोज और डॉ. रविंदर सोसायटी फॉर एडवासमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल, हॉर्टिकल्चरल एंड अलाइन साइंस कुरुक्षेत्र हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. राजन कम्बोज, उपाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार, सचिव डॉ. कुणाल नरवाल और उपसचिव डॉ. आकाश काम्बोज ने कार्यक्रम में अपनी बहुमूल्य उपस्थिति सुनिश्चित की।

सम्मेलन में विदेशी प्रतिनिधि डॉ. मरियम समानी, मृदा वैज्ञानिक, जंजन विश्वविद्यालय, ईरान से, डॉ. करेन स्टेरे सहायक वैज्ञानिक फ्रांस और डॉ. जॉन डेविड वैज्ञानिक बायर फसल विज्ञान जर्मनी से भी ऑनलाइन मोड में समिलित हुए। मुख्यातिथि डॉ. एलके अभिलाषी ने सम्मेलन में प्राकृतिक खेती, कृषि संस्कृति या जैविक खेती के बारे में विस्तार से चर्चा की। (अनंत ज्ञान)



अभिलाषी यूनिवर्सिटी मंडी में तीन दिवसीय प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ के मौके पर उपस्थित पदाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### दाड़लाघाट में नाबालिग के साथ बलात्कार, मामला दर्ज


**अर्की।** दाड़लाघाट थाना के तहत पुलिस ने शिकायत के आधार पर नाबालिग के साथ बलात्कार का मामला दर्ज किया है।



जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी ने शिकायत पत्र में बताया कि इसकी लड़की, जो नाबालिग है ने बताया कि अनिल कुमार पुत्र हुकम चंद गांव बहल डा. हनुमान बड़ोग ने उसके साथ एक महीना पहले बलात्कार किया था। अनिल कुमार ने रविवार को इसकी बेटी को मोबाईल फोन पर कॉल करके धमकी दी थी कि यदि तुमने उपरोक्त घटना बारे घर में कुछ बताया तो वह इसे जान से मार देगा। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### नाहन में 16 वर्षीय बालक ने लगाया फंदा, मौत

**नाहन।** नाहन शहर के चौगान मैदान के नजदीक 16 वर्षीय बालक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है।



मृतक अमन पुत्र लल्लन प्रसाद ने रविवार रात करीब दस बजे के आसपास फांसी लगा ली। बालक ने पीपल के चबूतरे के साथ बिजली के ट्रांसफार्मर के पाइप के साथ रस्सी बांधकर फांसी का फंदा बनाया। जैसे ही बालक ने फंदा लगाया उसे कुछ ही मिनट के बाद लोगों ने फंदे से उतार लिया। बालक को तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के द्वारा करीब 10:15 बजे के आसपास गुन्नू घाट पुलिस चौकी में इसकी सूचना भी दी। बालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत पीजीआई रेफर कर दिया गया पर पीजीआई में युवक की देर सुबह मौत हो गई। जवान बेटे की मौत हो जाने से गरीब सब्जी विक्रेता के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### निलंबित सचिव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने को-ऑपरेटिव सोसायटी नंगल सालंग्री जिला ऊना के निलंबित सचिव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।




न्यायाधीश सुशील कुकरेजा ने मामले से जुड़े रिकॉर्ड के दृष्टिगत प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया। प्रार्थी धीरज कुमार और अन्य दो आरोपियों पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र रच कर एफडीआर के रूप में जमा किए 36 लाख रुपए की निकासी का आरोप है। यह आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता अनीता रानी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि प्रार्थी सहित अन्य दो आरोपियों ने मिलकर उसके और उसके पति द्वारा सोसाइटी में अलग-अलग एफडीआर के रूप में जमा करवाए 36 लाख रुपए की निकासी कर दी। आरोपियों ने उनके जाली हस्ताक्षर कर उक्त राशि निकाली। कोर्ट ने मामले की जांच के दौरान प्रार्थी के आचरण को देखते हुए उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

# सरकार में एक को मंत्री बनाने, चार विधायकों को कैबिनेट रैंक देने की तैयारी

## सीएम सुक्खू मंत्रिमंडल में खाली पड़े एक पद को भरने का कभी भी ले सकते हैं फैसला

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश सरकार लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले सरकार में एक को मंत्री बनाने व चार विधायकों को कैबिनेट रैंक देने की तैयारी है। अभी प्रदेश मंत्रिमंडल में एक पद खाली चल रहा है। हिमाचल प्रदेश में सियासी गहमागहमी के बीच व अपनों की नाराजगी दूर करने के लिए सुक्खू सरकार एक विधायक को मंत्री बनाने और चार अन्य को कैबिनेट रैंक देने की तैयारी में है।



प्रदेश सरकार लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले यह फैसला ले सकती है। अभी प्रदेश मंत्रिमंडल में एक पद खाली चल रहा है। इसके अलावा मुख्य सचेतक, उपमुख्य सचेतक व खाद्य आपूर्ति निगम और हिमफेड के अध्यक्ष की तैनाती होनी है। राज्यसभा चुनाव से लेकर अब तक चल रहे सियासी भूचाल के बीच अभी हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने होलीलॉज के करीबी रामपुर के विधायक नंद लाल को सातवें वित्त आयोग का अध्यक्ष और फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया को राज्य योजना बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाकर कैबिनेट रैंक दिया है। इसी तरह का दर्जा चार अन्य विधायकों को भी देने की तैयारी है। इससे पहले सरकार बनने के कुछ समय बाद ही नगरोटा बगवां के विधायक रघुबीर सिंह बाली को राज्य पर्यटन विकास बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाकर कैबिनेट रैंक दिया गया था। भाजपा की अगली चाल का जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी सरकार के किले को इस तरह की सियासी रणनीति से मजबूत करने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने ताजपोशियों के लिए विधायकों की एक सूची भी तैयार कर ली है। कुल्लू के विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाने के लिए उनका नाम सबसे आगे है।

मुख्यमंत्री सुक्खू मंत्रिमंडल में रिक्त पड़े एक पद को भरने का कभी भी फैसला ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, मनाली के भुवनेश्वर गौड़, धर्मपुर के चंद्रशेखर, शिमला शहरी के हरीश जनारथा, कसौली के विनोद सुल्तानपुरी, कुटलैहड़ के सुदर्शन बबलू और ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न में से किन्हीं चार विधायकों को कैबिनेट रैंक दिया जा सकता है। विनोद सुल्तानपुरी को तो शिमला संसदीय सीट से लोकसभा का टिकट भी दिया जा सकता है। अन्य की भी बोर्डों, निगमों या अन्य स्वायत्त संस्थानों में अध्यक्षों या उपाध्यक्षों के पद पर नियुक्तियां की जा सकती हैं। इसके अलावा मुख्य सचेतक और उपमुख्य सचेतक बनाया जाना भी लगभग तय है। पिछली जयराम सरकार ने रमेश धवाला को मुख्य सचेतक और नरेंद्र बरागटा को उपमुख्य सचेतक बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया था। (अनंत ज्ञान)

### डाउनलोडिंग में पूर्व सचिव के हवाले से दी गई इंस्ट्रक्शंस

# राज्य चयन आयोग की नई वेबसाइट पर आरोपी सचिव जितेंद्र कंवर का नाम

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राज्य चयन आयोग की नई वेबसाइट पर पेपर स्कैम में आरोपी पूर्व सचिव जितेंद्र कंवर का नाम अंकित है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

उनके हवाले से वेबसाइट में निर्देशों की सूची डाली गई है। डाउनलोडिंग में जाकर महत्वपूर्ण निर्देश देखने के लिए जब क्लिक किया जा रहा है, तो पांच पेज की जो सूची उपलब्ध हो रही है, उसके ठीक नीचे डॉ. जितेंद्र कंवर का नाम हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के हवाले से लिखा गया है। काबिले गौर यह है कि आयोग की पुरानी वेबसाइट की जगह अब सरकार ने जिस नए हिमाचल राज्य चीन आयोग को गठित किया है, उसकी वेबसाइट भी अलग से तैयार की है। उसी की मार्फत अब नई नियुक्तियों और भारती का प्रोसेस शुरू होगा।

यह वेबसाइट कुछ समय पहले ही शुरू की गई है। पहली भर्ती प्रक्रिया इसी वेबसाइट के जरिए हो रही है, लेकिन अहम बात यह है कि जब मुकम्मल तौर पर वेबसाइट पर कोई भी डाउनलोड सिस्टम में जा रहा है, तो उसमें जो निर्देशों से संबंधित सूची डाली गई है, वह पूर्व सचिव के हवाले से डाली गई है। यही असल में विवाद है। अब यदि आरोपी पूर्व सचिव के हवाले से इस तरह किसी चीज का हवाला दिया जा रहा है, तो फिर संदेश तो गलत जा ही रहा है, जिसने भी यह वेबसाइट तैयार की है और इन निर्देशों को डाला है, उसमें आरोपी पूर्व सचिव का हवाला नहीं दिया जा सकता। (अनंत ज्ञान)

### निर्देशों की पुरानी सूची की अपलोड

**दरअसल** निर्देश तो अभ्यर्थियों के लिए वही रहेंगे, जो पहले हुआ करते थे, लेकिन गलती इसमें यह हुई है कि पुरानी पांच पेज की निर्देशों वाली सूची को ही इसमें अपलोड कर दिया गया है। अब इस वेबसाइट को चले हुए तकरीबन 15 दिन होने को हैं, लेकिन नई व्यवस्था में इसे क्यों नहीं जांचा परखा गया, यही विषय सवालों में है।



### ठंड से रोहड़ू में एक की मौत

**रोहड़ू।** रोहड़ू फॉरेस्ट कॉलोनी में रविवार रात को ठंड से एक व्यक्ति की मौत का मामला आया है। पुलिस को सूचना मिली है कि एक व्यक्ति फॉरेस्ट कॉलोनी गेट नियर चांशल होटल रोहड़ू पर पड़ा हुआ है। इस सूचना पर एएसआई राजीव जोशी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे, जहां प्यारे लाल पुत्र स्व. कर्म जिउ आर/ओ विला। पटसारी डाकघर हाटकोटी तहसील जुब्बल जिला शिमला हिमाचल प्रदेश उम्र 54 वर्ष मृत पाया गया, जिसकी मौत पूरी रात बर्फ में पड़े रहने से मानी जा रही है। शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया, पूछताछ में किसी भी व्यक्ति ने इस घटना पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है। शव का सिविल अस्पताल रोहड़ू में पोस्टमार्टम किया गया और अंतिम संस्कार के लिए उसके परिवार को सौंप दिया गया। डीएसपी रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है।

### नदी में गिरने से नेपाली की गई जान

**रोहड़ू।** रोहड़ू बस स्टैंड के पास नशे की हालत में एक नेपाली युवक की मौत का मामला सामने आया है, युवक की पहचान गणेश पुत्र खुम लाल (28) निवासी ग्राम गुर्था नगरपालिका सल्यानी जिला सुरखेत आंचल भेरी नेपाल के रूप में हुई है। युवक को सीएच रोहड़ू में मृत अवस्था में लाया गया है। इस सूचना पर एचसी प्रमोद नंबर 23 सीएच रोहड़ू गए और पूछताछ के दौरान पता चला कि गणेश अपने भाई और उसके दोस्त के साथ था। गणेश नशे की हालत में था, जब वे नए बस स्टैंड रोहड़ू के पास पहुंचे तो उनका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गए। शव सीएच रोहड़ू के शवगृह में रखा गया है। डीएसपी रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नियमानुसार आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### हेमंत को डिप्टी एडवोकेट जनरल बनने पर सम्मान



डिप्टी एडवोकेट जनरल बनने के बाद मुख्यमंत्री से मिलते हेमंत वर्मा।

**अर्की।** युवा कांग्रेस अर्की के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अर्की लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अर्की युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हेमंत वर्मा के डिप्टी एडवोकेट जनरल बनने पर सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अर्की अध्यक्ष सतीश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हेमंत वर्मा का स्वागत किया तथा एडवोकेट हेमंत वर्मा को डिप्टी एडवोकेट जनरल बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। युवा साथियों ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वर्मा एवं ब्लॉक कांग्रेस अर्की अध्यक्ष सतीश कश्यप को शाल, टोपी पहना कर सम्मानित तथा फूलों के बुके भेंट किए। ब्लॉक कांग्रेस अर्की अध्यक्ष ने युवा कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष हेमंत वर्मा के डिप्टी एडवोकेट जनरल बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा सीपीएस संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया।

### सीएम के मजबूत नेतृत्व के आगे भाजपा फेल: निशांत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ओछे हथकंडे अपनाकर अलोकतांत्रिक तरीके से सत्ता हथियाने की फिराक में भाजपा के सभी सपने धराशायी हो गए हैं।



युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों को प्रलोभन देकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग तो करवा ली, लेकिन इससे बागी विधायकों को कुछ नहीं मिला। भाजपा तो प्रदेश की सत्ता को भी हथियाना चाहती थी, परंतु मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सशक्त नेतृत्व के आगे भाजपा की एक भी नहीं चल पाई। निशांत शर्मा ने कहा कि भाजपा दोहरे मुखौटे वाली पार्टी है। पिछले वर्ष हिमाचल में इतनी बड़ी आपदा आई तो प्रदेश भाजपा के नेता केवल मगरमच्छी आंसू बहाते रहे। वे केंद्र से एक पैसे की मदद नहीं ला पाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार स्थिर है तथा 5 वर्ष पूरे करने के बाद दोबारा भी सत्ता आएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैंए उन्हें जनता ने पहले आइना दिखाया है और आगे भी ठेंगा दिखाएगी।

### अब रेवड़ियां बांट रहे सीएम: राकेश जम्वाल

**शिमला।** सुंदरनगर से भाजपा विधायक व मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने सीएम सुखविंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस में खुलकर कलह मची हुई है।



कभी कैबिनेट मीटिंग से मंत्री नाराज होकर बाहर निकलते हैं तो कभी कैबिनेट मीटिंग ही रद्द कर दी जाती है। जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद इस बात को कहते हैं कि 80 प्रतिशत विधायक उनके संपर्क में हैं। इसका अर्थ साफ है कि 20 प्रतिशत विधायक सुखविंद्र सिंह को मुख्यमंत्री नहीं मानते। कांग्रेस के इसी कलह से लगता है कि सरकार में भारी फूट है और सरकार जल्द ही अपने ही भार से डूब जाएगी। डैमेज कंट्रोल को रोकने के लिए सुक्खू सरकार में जिस तरह ताजपोशियां की जा रही हैं सरकार यह बताए कि अभी तक तो आपके पास प्रदेश चलाने के लिए पैसा नहीं था, पर आज जब अपने हाथ से सत्ता खिसकती दिख रही तो सीएम रेवड़ियां बांट रहे हैं। हर उस विधायक जो उन्हें खिसकता दिख रहा, उन्हें कैबिनेट रैंक से नवाजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में आपसी सांमजस्य नहीं है तो उसका भुगतान प्रदेश की जनता क्यों करे। इससे पहले भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लोगों को झूठी गारंटियों के स्वप्न दिखा कर बनी है।

### भाजपा ने अपनाए अनैतिक तरीके: धर्माणी


**घुमारवीं।** प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की जो कोशिश की है यह उसी का नतीजा है कि जितने भी भ्रष्टाचारी थे, उन्होंने अपना एक ग्रुप बना डाला



और सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र रचा, लेकिन यह लोग अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए और न ही कभी हो पाएंगे। यह बात तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को घुमारवीं के लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित हुए कही। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के बागी विधायकों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी एक वर्ग पर भी कई निशाने साधे। उन्होंने कहा कि इस षड्यंत्र को रचने के लिए काफी अनैतिक तरीके अपनाए गए। यहां तक की धन बल के साथ साथ ईडी का सहारा लिया गया, लेकिन यह लोग अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि इस सारे कृत्य में भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता शामिल हैं, जो कांग्रेस के इन बागियों के साथ मिलकर इस पूरे घटनाक्रम में शामिल रहे।

### भाजपा आगे, विरोधी लड़खड़ा रहे: शांता

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि भाजपा की ओर से नरेंद्र मोदी द्वारा एक मुश्त 195 लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा भारत के इतिहास में पहली बार हुई है।



भाजपा बहुत आगे निकल चुकी है, विरोधी बहुत पीछे लड़खड़ा रहे है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री दस दिन में 12 राज्यों के 29 स्थानों पर जन सभाओं को संबोधित करेंगे। शांता कुमार ने सोमवार को एक बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी इतिहास के पहले प्रधानमंत्री है, जिनका कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं, कोई परिवार नहीं। भारत ही परिवार है और उसी के लिए चलते रहना उनका जीवन कार्य है। कई बार सोच कर हैरानी होती कि आखिर नरेंद्र मोदी भी एक मनुष्य है, कब आराम करते होंगे। उन्होंने कभी कोई छुट्टी नहीं मनाई। इतना सर्घषशील प्रधानमंत्री भारत को इतिहास में पहली बार मिला है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता भी लोकसभा चुनाव में नया रिकार्ड बनाएगी। प्रभु कृपा से 500 सालों के कठोर संर्घष और 100 सालों की मुकदमेबाजी के बाद अयोध्या में राम मंदिर बन गया। पूरा भारत राममय हो गया। गांव और गरीब के लिए नई योजनाएं बनीं। इन सब ऐतिहासिक उपलब्धियों को देख कर पूरा भारत मोदी की ओर देख रहा है।

# भाजपा के सात विधायकों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

## जयराम बोले- विधानसभा अध्यक्ष ने गठित की प्रिवलेज कमेटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा में भाजपा विधायकों द्वारा की गई हुड़दंबाजी को लेकर अब सात और विधायकों पर कार्रवाई की तलवार लटकती नजर आ रही है।



यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकमुर ने खुद सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सोमवार को प्रिवलेज कमेटी भी बनाई गई। इसकी मीटिंग भी की गई और भाजपा के सात विधायकों को नोटिस देने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा से माननीय सदस्य की सदस्यता खत्म करने का प्रयत्न किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि उनको फिलहाल कोई नोटिस नहीं मिला है, लेकिन प्रिवलेज कमेटी ने फोन करके दस दिन के अंदर विधायकों को जवाब देने को कहा है। 14 मार्च तक का समय इसके लिए उनके पास है। दरअसल 29 फरवरी को जब विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा के 15 विधायक सदन की कार्यवाही से निष्कासित किए गए थे। इसके बाद विपक्ष ने सदन में जोरदार हंगामा किया। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने मार्शल बुलाकर विपक्ष को सदन से बाहर निकालने के निर्देश दिए। तब स्पीकर स्पीकर खुद सदन के बाहर चले गए। इसके बाद विपक्ष के कुछ विधायकों पर आरोप है कि उन्होंने कुछ फाइल व कागजात स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके और उनका आचरण सही नहीं था। विपक्ष के इस आचरण को लेकर विधानसभा सचिवालय प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। इसके संकेत नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने खुद दे दिए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि अपनी सरकार को बचाने के लिए निरंतर इस तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने सदन में अनेक बार माइक तोड़ते हुए और कपड़े फटते हुए हुए देखे हैं। मगर, ऐसी पेनाल्टी कभी नहीं देखी। यह सरकार को बचाए रखने के लिए किया जा रहा है। हिमाचल विधानसभा में अभी भाजपा के 25 विधायक है। ऐसे में यदि सात सदस्य पर कार्रवाई की जाती है, तो विपक्ष के सदस्यों की संख्या कम हो सकती है।

जयराम ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदेश की 18 से 59 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने के की घोषणा पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएम सुक्खू आनन-फानन में इस तरह की घोषणा कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बताए गए महिलाओं के पांच लाख के आंकड़े पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पता नहीं सीएम सुक्खू ने यह आंकड़ा कहा से लिया है, जबकि प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार महिलाओं की संख्या इससे कई गुणा अधिक है।

**सियासत** | बोले- हर्ष महाजन की जीत से बौखलाई प्रदेश सरकार

# तानाशाह बनी सरकार: बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में हर्ष महाजन की जीत के बाद कांग्रेस पार्टी की सरकार पूरी तरह बौखलाहट में आ गई है।



कांग्रेस सरकार लगातार एक के बाद एक तानाशाही फैसले लेकर हिमाचल प्रदेश के वातावरण को दूषित करने के अंदर जुट गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 सदस्यों को सस्पेंड करके और अन्यायपूर्ण तरीके से बजट को पास कराना तत्पश्चात छह कांग्रेस के विधायकों को अन्यायपूर्ण तरीके से उनकी सदस्यता को समाप्त कर देना। यह पूरी तरह लोकतंत्र की हत्या है। डॉ. बिंदल ने कहा कि इतना करने के बाद भी वर्तमान कांग्रेस सरकार संतुष्ट नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी की सरकार ने जिन विधायकों को टर्मिनेट किया, उनके खिलाफ और इंडिपेंडेंट विधायकों के खिलाफ लगातार पुलिस और प्रशासन का डंडा चलाने का काम शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह किसी भी तरह से मान्य नहीं है। विधायको के घरों पर छापे मारना उनके बिजनेस आउटलेट्स के ऊपर छापे मारना, भय का माहौल पैदा करना यह किसी भी तरह से असहनीय है और बर्दाश्त नहीं होगा।

### प्रदेश बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार



सोलन के आंजी में बीजेपी चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डॉ. राजीव बिंदल व अन्य।

**सोलन।** लोकसभा के मद्देनजर भाजपा ने सोलन में शिमला संसदीय क्षेत्र के हाइटेक कार्यालय का शुभारंभ कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉस राजीव बिंदल ने कहा कि कार्यालय शहर के आंजी क्षेत्र में खोला गया। कार्यालय तीन मंजिला है। हाइटेक तकनीक से सुसज्जित इस कार्यालय में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर भाजपा सह-प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता हमारी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमें अपने कार्यक्रम, कार्यकर्ता और कार्यालय का समावेश करना बड़ा जरूरी है। उनका दावा है कि जैसे हमने पिछले दो चुनाव में चारों सीटें जीती इस बार भी बीजेपी चारों सीटें पर जीत दर्ज करेगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। इस कार्यक्रम में बीजेपी सहप्रभारी विजय टंडन, शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप तथा हिमाचल भाजपा उपाध्यक्ष रश्मि धर भी मौजूद रहीं।

# धर्मशाला की सड़कों पर दौड़े इंग्लैंड टीम के खिलाड़ी




वार्म अप करने के बाद एक साथ नजर आए इंग्लैंड टीम के खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सोमवार को प्रैक्टिस सेशन के रद्द होने के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी सड़कों पर दौड़ लगाते नजर आए। हैरानी की बात ये कि इस दौरान सुरक्षा के बिना ये खिलाड़ी धौलाधार की वादियों में बिंदास वार्म अप करते नजर आए।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक के अलावा दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी इस दौरान आम यातायात के बीच जोगिंग कर रहे थे। इन खिलाड़ियों के साथ सुरक्षा नहीं थी तो वहीं शायद हिमाचल जैसे शांत राज्य में कोई खतरा न होने की बात इनके ध्यान में होने के कारण इन्हें सुरक्षा की कोई जरूरत नहीं लगी हो। वहीं, इस दौरान खिलाड़ियों के धौलाधार के सुंदर नजारों को अपने कैमरों में कैद भी किया तथा सेल्फी के साथ अपने फोटो भी लिए। ये सभी खिलाड़ी खनियारा के आस-पास के क्षेत्रों में मैच को लेकर अपनी तैयारियां कर रहे थे ताकि 3-1 से पहले ही हार चुके पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 7 मार्च को होने वाले अंतिम मैच में ये एक सम्मानजनक वापसी कर पाएं।



धौलाधार की वादियों में दौड़ते इंग्लैंड टीम के खिलाड़ी।

### पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने दी जानकारी, सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला पुलिस का बताया प्लान

# टेस्ट मैच के लिए 600 जवान किए तैनात

**पुनित शर्मा, धर्मशाला**

भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए जिला पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस सादी वर्दी में सुरक्षा की जांच कर रही है। मैच के सफल आयोजन के लिए जिला पुलिस ने करीब 600 जवानों की तैनाती की है। यह जवान वर्दी एवं सादे कपड़ों में सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे।

यातायात व्यवस्था पूर्व में हुए क्रिकेट मैचों की भांति रखा गया हालांकि पार्किंग के लिए दाड़ी मैदान विंटर कार्निवल की बजह से उपलब्ध नहीं होगा, इसके विकल्प के तौर पर चीलगाड़ी मार्ग के एक तरह पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि क्रिकेट मैच के दौरान करीब 8 हजार दर्शक प्रतिदिन पहुंचने की उम्मीद है जिसके लिए पर्याप्त पार्किंग है। उन्होंने बताया कि मुख्यतः दर्शकों के लिए पार्किंग पुलिस मैदान में रहेगी, इसके अतिरिक्त साई हॉस्टल पार्किंग, फुटबॉल मैदान, जोरावर स्टेडियम और विकल्प के तौर पर चीलगाड़ी मार्ग रोड साइड पार्किंग रहेगी। मैच कवर करने के लिए आने वाले मीडिया कर्मियों के लिए राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में पार्किंग होगी। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए सर्किट हाउस मार्ग से गाड़ियां के लिए अपवर्ड और मुख्यमार्ग से डाउनवर्ड रूट रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि क्रिकेट स्टेडियम परिसर को सुरक्षा की दृष्टि से 2 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें पुलिस जवान वर्दी और सादे कपड़ों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे। यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मशाला क्षेत्र को 7 सेक्टरों में बांटा गया है। (अनंत ज्ञान)



धर्मशाला स्टेडियम का फाइल फोटो।



एसपी शालिनी अग्निहोत्री।

### संदिग्ध गतिविधियों की पुलिस को जल्द दें सूचना

**पुलिस** अधीक्षक कांगड़ा ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि वह कोई संदिग्ध गतिविधि देखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। गौरतलब है कि पूर्व में धर्मशाला में हुए मैचों में खालिस्तान जिंदावाद सहित विभिन्न नारों की वॉलपेंटिंग्स पाई गई थी जिसके कारण धर्मशाला में खौफ का माहौल बन गया था। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की जल्द पुलिस को दे सूचना।

### पैराग्लाइडिंग गतिविधियां रहेंगी बंद

**पुलिस** अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि टेस्ट मैच के दौरान पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। यह आदेश मैच के दौरान लागू रहेंगे और यदि मैच तय सीमा से पूर्व खत्म हो जाता है तो पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को शुरू कर दिया जाएगा।

### कुलदीप यादव ने जीता धर्मशाला वासियों का दिल



**धर्मशाला।** भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने धर्मशाला के लोगों का दिल जीत लिया है। कुलदीप यादव सोमवार को मैक्लोडगंज के धर्मकोट घूमने पहुंचे। यादव ने स्थानीय रेस्तरां में लोकल व्यंजनों का लुत्फ उठाया और उसके बाद एक कैफे में कॉफी पी। इस दौरान कुलदीप यादव ने प्रसंशकों के साथ फोटो खिंचवाई। कुलदीप यादव धर्मशाला दौरे के दौरान हमेशा धर्मकोट पहुंचते हैं और प्रकृति को निहारते हैं। कुलदीप यादव अपने कुछ प्रसंशकों के घर भी गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुलदीप यादव बेहद सौम्य एवं मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति हैं और हर क्रिकेट प्रसंशक के साथ मिलते हैं। गौरतलब है कि कुलदीप यादव ने धर्मशाला पहुंचने से पूर्व सोशल मीडिया पर ब्रिटिश इंग्लिश फैशन के साथ एक फोटो शेयर की थी और यह फोटो उनके धर्मशाला के पूर्व में किए दौरों में से एक थी। धर्मशाला के लोगों ने उस फोटो पर उन्हें धर्मशाला वेलकम टू धर्मशाला सहित विभिन्न कमेंट किए थे।

### खिलाड़ियों ने लिया रोप-वे का लुत्फ

इंग्लैंड की क्रिकेट टीम भी रोप-वे के माध्यम से मैक्लोडगंज पहुंची। टीम के खिलाड़ियों ने रोप-वे से धर्मशाला की खूबसूरत वादियों को निहारा। टीम ने महामहिम दलाई मंदिर भ्रमण भी किया।

# मौसम रहा मेहरबान तो बनेंगे ये कीर्तिमान

## एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में सात मार्च से शुरू होगा टेस्ट मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विश्व के सुंदर क्रिकेट मैदानों में शुमार एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में 7 मार्च से खेले जा रहे भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच में कई कीर्तिमान बन सकते हैं। शर्त यही है कि भगवान इंद्र नाग की कृपा बनी रहे और मौसम खेल को न बिगाड़े।

भारतीय टीम ने पहला टेस्ट मैच साल 1932 में खेला था, तब से अब तक 578 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इनमें भारत ने 177 मुकाबले अपने नाम किए हैं जबकि 178 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अगर टीम इंडिया धर्मशाला में खेले जाने वाले मुकाबले में जीत हासिल करती है तो जीत और हार का आंकड़ा बराबर हो सकता है। ये आंकड़ा 178-178 हो जाएगा। बहरहाल, टेस्ट मैच खेलने के लिए टीमें तैयार है।

### इस मैच में इतिहास रचने का मौका होगा



**धर्मशाला** में भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। जायसवाल धर्मशाला में टेस्ट सीरीज में अपने रनों की संख्या 800 तक पहुंचा सकते हैं। ऐसा हुआ तो एक टेस्ट सीरीज में 800 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले वो पहले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। यशस्वी को इसके लिए 145 रन की जरूरत है। सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत के यशस्वी जायसवाल शीर्ष पर हैं।

### अश्विन-बेयरस्टो खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट मैच





**बताते** चलें कि धर्मशाला में भारतीय खिलाड़ी आर अश्विन और इंग्लैंड जोनी बेयरस्टो अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सिर्फ तीसरी बार ऐसा होगा जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक ही मैच में अपना अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे।

### मौसम हो सकता है खराब, यह धर्मशाला है जनाब

**भारतीय** मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार टेस्ट मैच के पहले दिन तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। पहले दो दिनों में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की गई है। पहले दिन दोपहर में गरज के साथ बारिश पहले दिन के खेल को खराब कर सकती है। पहले दिन बारिश की 82 प्रतिशत संभावना है। ओले गिरने की संभावना है। इसके बाद 8 मार्च को छोड़ कर अगले 3 दिन भी मौसम फिफ्टी-फिफ्टी रहने की संभावना है।

### शॉन पोलक और स्टीफन फ्लेमिंग भी एक साथ खेल चुके है अपना 100वां टेस्ट

2006 में दक्षिण अफ्रीका के शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने अपना अपना 100वां टेस्ट एक साथ खेला था। 2013 में एशेज सीरीज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच में इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक और ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क ने एक साथ अपना अपना 100वां टेस्ट मैच खेला था।

## न्यूज ब्रीफ

### रन फॉर नेशन कार्यक्रम किया आयोजित

**कांगड़ा।** रन फॉर नेशन कार्यक्रम शाहपुर के सत्यम नर्सिंग कॉलेज में सोमवार को आयोजित किया गया। इसमें 240 लड़कियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व पूर्व विधायिका मंडल शाहपुर से सरवीन चैधरी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा रंजु रस्तोगी, प्रदेश सचिव रजनी ठाकुर, कोषाध्यक्ष नीतू दामीर, निशा शर्मा, जिला महामंत्री रेखा चैधरी, उपाध्यक्ष बीना थापा, मधु शर्मा, शक्ति चड्डा, अरुण प्रधान, शिखा, अनीता, रीना शर्मा भाजपा जिला महामंत्री राकेश चैहान, मंडल अध्यक्ष रवि शर्मा, डायरेक्टर सत्यम कॉलेज भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल शर्मा, विस्तारक अशोक, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा व अन्य गणमान्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। वहीं मैराथन दौड़ के बाद नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को जूस एवं बिस्कुट रिफ्रेशमेंट के तौर पर दिए गए।

### भाजपा ने शुरू की ग्राम परिक्रमा यात्रा

**धर्मशाला।** भाजपा ग्राम परिक्रमा यात्रा के तहत सोमवार को बूथ नंबर 50 के गांव केंद्र में भाजपा मंडल धर्मशाला ने यात्रा की शुरुआत की। इस परिक्रमा यात्रा में कांगड़ा प्रभारी डॉक्टर मिन्हास, मंडल महामंत्री राज चैधरी, धर्मशाला किसान मोर्चा के अध्यक्ष सिंपल भुल्लर, कमला नाग, उपप्रधान नरेश कुमार तथा समस्त पदाधिकारी यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पदाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की विकासात्मक नीतियों को लेकर लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचने का काम पदाधिकारी द्वारा किया गया और हर बूथ से भाजपा को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया।

### पं. संतराम कॉलेज में वार्षिक समारोह कल

**बैजनाथ।** पं संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ का 12वां वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह छह मार्च को होना सुनिश्चित हुआ है। इसमें बैजनाथ के विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र पाल ने बताया कि समारोह में वर्ष 2022-23 में शैक्षणिक, खेलों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# केवल सिंह पठानिया को सरकार में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

शाहपुर के तेज तर्रार विधायक केवल सिंह पठानिया को सरकार में कोई बड़ा ओहदा मिल सकता है। सुक्खू सरकार संगठन से जुड़े नेताओं व विधायकों को बोर्डों व निगमों मे अरजेस्ट करने मे जुट गई है, ताकि फिर से सरकार पर कोई राजनीतिक संकट न आए।

गौरतलब है कि बोर्डों व निगमों मे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के डेढ़ दर्जन से अधिक पद खाली है, जिसे सरकार कभी भी भर सकती है। विधायक केवल सिंह पठानिया पहली मर्तबा शाहपुर से विधायक बने है। वहीं, कांग्रेस पार्टी मे उनकी पहचान एक तेजतर्रार सक्रिय व पार्टी के प्रति बफादार नेता के रूप मे होती है। इससे पहले भी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल मे पठानिया एचआरटीसी व वन निगम के उपाध्यक्ष रह चुके है। विधायक केवल सिंह पठानिया विपक्ष मे रहकर भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे है व समय समय पर भाजपा को काउंटर अटैक करते रहते है। इससे पहले भी कांग्रेस पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी केवल सिंह पठानिया को सौंपी उसे उन्होंने पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाया उन्हें शाहपुर मे गरीबों व जरूरतमंद लोगों का मसीहा भी कहा जाता है। पठानिया कांग्रेस संगठन मे भी कई ओहदों पर रहे है व पार्टी मे उनकी अच्छी पकड़ है। अभी हाल ही मे जब कांग्रेस सरकार पर राजनीतिक संकट आया तो पठानिया पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा निभाते हुए सीएम के साथ हमेशा खड़े रहे, इसी बफादारी का उन्हें तोहफा मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)



### ज्वालामुखी की निजी धर्मशाला में मृत मिला श्रद्धालु

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी शहर में एक निजी धर्मशाला के एक कमरे में एक 63 वर्षीय श्रद्धालु मृत अवस्था मे पाया गया। ज्वालामुखी पुलिस ने दरवाजे की कुड़ी तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की पुष्टि ज्वालामुखी थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने की है और बताया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। ज्वालामुखी की एक निजी धर्मशाला में एक श्रद्धालु जिसकी पहचान राकेश शर्मा पुत्र धनी राम शर्मा, निवासी हाउस नंबर-102, बसंत विहार कॉलोनी बस्सी जोड़वाल लुधियाना पंजाब के रूप में हुई है। बताया जा रहा है श्रद्धालु रविवार को ज्वालामुखी की एक निजी धर्मशाला में रुका था। आज सुबह निजी धर्मशाला के कर्मचारियों ने पाया कि रात को रुका हुआ श्रद्धालु कमरे से बाहर नही आया तो कर्मचारियों ने इसकी सूचना तुरंत प्रबंधक को दी और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कमरे के दरवाज़े की कुंडी तोड़ी और मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लिया। फिलहाल मौत के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। श्रद्धालु अकेला ही यहां पर रुका था, उसके साथ कमरे में और कोई नही था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।पुलिस ने परिजनों को लुधियाना में सूचना दे दी है और धर्मशाला के स्थानीय लोगो के बयान दर्ज किए हैं।

# केवल सिंह पठानिया ने किया नलकूप का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

विधायक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को मकरोटी पंचायत में जल शक्ति विभाग द्वारा 80 लाख रुपए की लागत से तैयार उठाऊ पेयजल योजना लदबाड़ा के सुधारीकरण के अंतर्गत नलकूप मकरोटी का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में समान विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत को वरियता देते हुए शाहपुर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक साल में विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतो में विकास की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि अगले 10-15 वर्षों में विधानसभा क्षेत्र शाहपुर को जनता के आशीर्वाद से मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा।



नलकूप का उद्घाटन करते केवल सिंह पठानिया

### छात्रों को दिए करियर बनाने के टिप्स

**धर्मशाला।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में एक दिवसीय करियर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग एवम प्लेसमेंट सेल द्वारा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा करवाई जा रही सिविल सेवा परीक्षाओं के बारे में विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधित तैयारी एवं तकनीकी पहलुओं के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर चाणक्य आई ए एस अकादमी की चंडीगढ़ स्थित शाखा से अभिषेक कुमार ने परीक्षा से जुड़े तथ्यों, तैयारी और परीक्षा के पैटर्न के बारे में विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की एवं विगत वर्षों में सफल रहे विद्यार्थियों के जीवन संघर्ष के बारे में प्रकाश डाला और उन सफल परीक्षार्थियों के जीवन में संघर्ष से सफलता तक की कहानी को साझा किया।

### दसवीं व जमा दो के 14-14 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि बोर्ड द्वारा मार्च 2023 में संचालित दसवीं तथा जमा दो नियमित परीक्षा उतीर्ण करने वाले 14-14 मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों को डॉ. राधा कृष्णन छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। उपरोक्त छात्रवृति हेतु पात्र विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्रवृत्ति से संबंधित परीक्षार्थी सहमति पत्र, बिल प्रवत्र व व दिशानिर्देश बोर्ड की वेबसाइट के नोटिफिकेशन लिंक पर उपलब्ध है। समस्त योग्य छात्र अपने आवेदन, सहमति प्रपत्र व बिल प्रपत्र बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड करने के उपरांत भरकर अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य अथवा संस्था के मुखिया से सत्यापित करवाकर 31 मार्च तक बोर्ड कार्यालय को प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस सरकार के 15 महीनों में जनता त्रस्त, सुक्खू सरकार मस्त: चक्षु

**धर्मशाला।** कांग्रेस सरकार के 15 महीने में जनता त्रस्त हो गई है। इतना ही नहीं पिछले एक साल में सरकार के मंत्री-विधायक भी परेशान हैं। जबकि सुक्खू की मित्रमंडली की सरकार मस्त है। हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एवं पूर्व सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हथियाने को दस झूठी गारंटियां दी थी, जिनका अब धीरे-धीरे भंडाफोड हो गया है। पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर टू सीएम ने झूठी गारंटियों का पिटारा खोलते हुए आज के सच से भी कांग्रेस सरकार को अवगत करवाया है। उन्होंने कहा कि पहली झूठी गारंटी प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को एक जनवरी 2023 से 1500 रुपए महीना देने की थी, लेकिन सच्चाई यह है कि अभी तक प्रदेश की सभी महिलाएं इंतजार में बैठी हैं। वहीं, इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।

# उद्घाटन के बाद भी शुरू नहीं हुआ मानसिक रोगी अस्पताल

**आशीष दामीर, कांगड़ा**

मानसिक रोगियों के लिए टांडा अस्पताल ने करोंड़ों रूपए की लागत से अस्पताल तो बनाया, उसका उद्घाटन भी पूर्व सरकार में कर दिया लेकिन मरीजों के लिए इसे अभी नहीं खोला गया है। जिला कांगड़ा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज कांगड़ा टांडा में मानसिक रूप से अस्वस्थ रोगियों के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए से बनाया गया भवन तो पूरी तरह से बनकर तैयार है।

इसका उद्घाटन पूर्व भाजपा सरकार के शासन 6 सितंबर 2022 को हो चुका है, लेकिन सरकार इसे अभी तक चालु नहीं कर पाई है। 100 बेड की कैपेसिटी वाले इस भवन में तमाम सुविधाएं उपलब्ध है जोकि मानसिक अस्वस्थ रोगियों को मिलनी चाहिए। फिलहाल अस्पताल के पुराने भवन में इन रोगियों के लिए मात्र 10 बेड की ही कैपेसिटी है। इसमें रोगियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि अस्पताल प्रशासन इन रोगियों की समस्याओं से कैसे निपटा पाएगा। इतना ही नहीं अस्पताल प्रशासन ने इसे अपना पल्ला झाड़कर सरकार के पाले में डाल दिया है। अस्पताल की प्रधानाचार्य डॉ. अजय भानु ने बताया कि इस बाबत सरकार को अवगत करवा दिया गया है, अब सरकार ही इस पर कोई निर्णय ले सकती है। वहीं, विधायक कांगड़ा पवन काजल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अनंत ज्ञान के माध्यम से यह मामला उनके समक्ष आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को आगामी विधानसभा में उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



उद्घाटन पट्टिका का फाइल फोटो।

### दिक्कत — वार्ड नंबर-5 के लोगों ने नगर परिषद की बैठक में जमकर जताया विरोध

# सॉलिड वेस्ट संयंत्र बंद न करने पर भड़के ग्रामीण

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**

गौरतलब है कि पिछले लगभग दो सालों से नगर परिषद का सॉलिड वेस्ट संयंत्र वार्ड नंबर-5 में रिहायशी कॉलोनी, स्कूल व सब्जी मंडी के साथ बनाया गया है।

इसका विरोध पिछले कई महीनों से वहां के बाशिंदे व सब्जी मंडी व सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रशासन करते रहे है। क्योंकि सॉलिड वेस्ट संयंत्र के पास दुर्गंध व लगाए गए कूड़े के ढेर से वहां आसपास के लोग परेशान है। दुर्गंध से साथ लगते मकान व स्कूल प्रशासन व बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। वार्ड नंबर-5 के लोगों ने नगर परिषद द्वारा आयोजित बैठक में अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि हजारों बार शिकायत करने के बाद भी नगर परिषद ने आज दिन तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया आए दिन उन्हें बदबू व कूड़े के ढेरों का सामना करना पड़ रहा है पीड़ित लोगों ने नगर परिषद को दो टुक कह दिया कि यदि उक्त संयंत्र को किसी अन्य जगह स्थानांतरित या बंद नहीं किया गया तो स्थानीय लोग स्वयं इसे बंद करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। कूड़ा संयंत्र के साथ सब्जी मंडी में उठती बदबू से प्रभावित सब्जी मंडी के व्यापारियों ने नगर परिषद को संयंत्र को बंद करने तथा शहर के अन्य वार्डो का कूड़ा इस स्थान पर डंपिंग साइड बनाने का विरोध जताया । इसी दौरान सीनियर सेकेंडरी स्कूल बॉयज के प्रधानाचार्य दीपक मनु एवं स्कूल के अन्य शिक्षकों ने भी लिखित में प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत नगर परिषद के हाउस के समक्ष रखी । प्रतिनिधि मंडल ने नगर परिषद के सदस्यों से गुहार लगाई कि पार्षद एक दिन के लिए कुछ मिनट भी स्कूल के प्रांगण में आकर बैठक का आयोजन कर देखें कि स्कूली बच्चे किस तरह से प्रभावित हो रहे है। उन्होंने कहा कि कूड़ा संयत्र स्कूल के लगभग 10 मीटर दूर पर है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा बच्चों को किसी अन्य स्थान पर बिठाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी कंचन वाला नगर परिषद की अध्यक्षता रजनी बस्सी उपप्रधान नवयोग भारद्वाज पार्षद-5 नंबर वार्ड मधु शर्मा, वार्ड नंबर-3 की पार्षद स्वर्णा वलिया व नॉमिनेटेड पार्षद मुकेश मेहता, शेखर कुमार,वंदना शर्मा, गिरीश धवन मौजूद रहे। सभी ने उक्त स्थल से इसे हटाने की रजामंदी जताई। (अनंत ज्ञान)



बैठक में भाग लेते पार्षद।

# लोगों के दुख-तकलीफ को अच्छी तरह से समझती है कांग्रेस: किशोरी लाल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने सोमवार को ग्राम पंचायत द्रुग के धन्डेरा में 5 लाख से सामुदायिक भवन पर पहली मंजिल के कार्य की आधारशिला रखी। सीपीएस ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आम, गरीब तथा असहाय लोगों की सरकार है और लोगों के दुख-तकलीफ को अच्छी तरह से समझती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश में आयी आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद के लिए कारगर कदम उठाये। लोगों के राहत और पुर्नवास के लिये राज्य सरकार द्वारा 4500 करोड़ का आपदा राहत पैकेज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित को कच्चे अथवा पक्के मकान के पूर्ण क्षतिग्रस्त होने 7 लाख रुपए की राशि देने के अलावा सरकारी दरों पर सीमेंट तथा मुफ्त में पानी तथा बिजली के कनेक्शन देने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के लिए एक लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई। (अनंत ज्ञान)



उद्घाटन करते हुए सीपीएस

## न्यूज ब्रीफ

### नाग मंदिर करियाड़ा में शिवरात्रि मेला शुरू

**गरली।** करियाड़ा गांव के सुप्रसिद्ध प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ नाग मंदिर परिसर में सोमवार को पांच दिवसीय महामृत्युंजय हवन-यज्ञ के साथ शिवरात्रि महोत्सव मेला शुरू हो गया है। मंदिर परिसर में 4 से 8 मार्च तक चलने वाले उक्त शिवरात्रि मेले का उद्घाटन नाग मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया द्वारा किया। वहीं, पंडित भवानी शंकर के नेतृत्व में अंबाला व लुधियाना से आए विद्वानों ने पूजा-अर्चना कर समारोह का उद्घाटन किया। आठ मार्च की रात यहां भव्य झांकियों के साथ विशाल जागरण और कागंड़ी धाम का आयोजन होगा।

### महिलाएं ले रही आपदा प्रबंधन पर ट्रेनिंग

**गरली।** बीडीसी दयाल नैहरनपुखर रजना धीमान ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की तमाम महिलाओं की तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग 5 से 7 मार्च तक ब्लॉक खंड परागपुर मे होगी। इसमें 18 पंचायतों की उपरोक्त समूह की महिलाएं ट्रेनिंग लेंगी। रंजना धीमान ने बताया कि इस दौरान यहां ट्रेनिंग मे भाग लेने वालों के लिए चाय और दोपहर का भोजन व तीन दिन का 800 दैनिक भत्ता भी मिलेगा।

### आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**डाडासीबा।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 5 मार्च को 66 केवी सब-स्टेशन संसारपुर टैरस के आवश्यक जरूरी रख रखाव हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। इसके तहत केवी फीडर गोयल फरलैंस, एल्कोवेव प्रीमियम, शंकर बोर्ड, दीपक इंटरनेशनल, इंस्ट्रीयल एरिया फेज-1, फेज कस्वा कोटला, संसारपुर टैरस, घाटी, घमरूर, बाड़ी, जंडोर, कस्बा कोटला, मलोट, अमरोह, कहानपुर व आसपास के क्षेत्र आदि के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है। यह जानकारी सहायक अभियंता डाडासीबा ई. दिनेश कुमार विद्युत उपमंडल संसार पुर टैरस ने दी है।

### गैरकानूनी मोडिफिकेशन करने के नुकसान बताए

**डाडासीबा।** चार मार्च को बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडसीबा में करियर एंड गाइडेंस सेल तथा रोड सेफ्टी क्लब द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य वाहनों की अनेतिक रूप से की जा रही मोडिफिकेशन के नुकसान तथा ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के विविध अवसरों पर प्रकाश डालना था। इस कार्यशाला में मारुति सुजुकी इंडिया के अंतर्गत विख्यात व्हीकल ऐड कांगड़ा, सुनहेत के वर्कशॉप मैनेजर विजय कौंडल व बॉडीशॉप मैनेजर कुलदीप ने ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में सुजुकी मोटर के योगदान तथा कंपनी द्वारा विविध रोजगार के अवसरों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही वाहनों के गैरकानूनी मॉडिफिकेशन को रोकने हेतु दंड के प्रावधानों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जतिंद्र कुमार ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. दविंद्र सिंह, खेम चंद, शीतल, व लिपिक रामदयाल भी मौजूद रहे।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने दी जानकारी

# बेटी है अनमोल योजना के तहत अब तक दिया दो करोड़ रुपए का अनुदान

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में बेटी है अनमोल योजना के तहत बेटी के जन्म तथा शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप के तहत जिला में साल 2023-24 में करीब दो करोड़ रुपए का अनुदान वितरित किया गया है।

जिला के 15 विकास खंडों में से कांगड़ा में सबसे ज्यादा 30,70000 रुपए का बजट तो फतेहपुर में सबसे कम 3,31000 रुपए का अनुदान वितरित किया गया। जिला भर में कुल बजट 19754000 में से 1957000 रुपए व्यय किए गए हैं। इसके तहत बैजनाथ खंड में 55 बेटियों के जन्म तथा 70 की शिक्षा पर 19,80000 रुपए, भवारना खंड में 25 बेटियों के जन्म तथा 52 की शिक्षा पर 16,22000 रुपए, देहरा खंड में 15 बेटियों के जन्म तथा 205 की शिक्षा पर 25,10000 रुपए, धर्मशाला खंड में दस बेटियों के जन्म तथा 50 की शिक्षा पर 4,50000 रुपए, फतेहपुर खंड में 25 बेटियों के जन्म तथा 235 की शिक्षा पर 3,31000 रुपए, इंदोरा खंड में दस बेटियों के जन्म तथा 12 की शिक्षा पर 2,50000 रुपए का बजट खर्च किया गया है। कांगड़ा खंड में 12 बेटियों के जन्म तथा 110 की शिक्षा पर 30,70000 रुपए, लंबागांव खंड में 15 बेटियों के जन्म तथा 89 की शिक्षा पर 17,10000 रुपए, नगरोटा बगवां खंड में 20 बेटियों के जन्म तथा 59 की शिक्षा पर 900000 रुपए, नगरोटा सूरियां खंड में 15 बेटियों के जन्म तथा 42 की शिक्षा पर 12,10000 रुपए, का बजट खर्च किया है। वहीं, नूरपुर खंड खंड में 11 बेटियों के जन्म तथा 31 की शिक्षा पर 7,48000 रुपए, पंचरूखी खंड में 17 बेटियों के जन्म तथा 181 की शिक्षा पर 1450000 रुपए, परागपुर खंड में 14 बेटियों के जन्म तथा 100 की शिक्षा पर 13,10000 रुपए, रैत खंड में 37 बेटियों के जन्म तथा 51 की शिक्षा पर 11,54000 रुपए तथा सुलाह खंड में आठ बेटियों के जन्म तथा 46 की शिक्षा पर 8,76000 रुपए का अनुदान दिया गया। जिला भर में बेटी है अनमोल योजना के तहत 289 बेटियों के जन्म तथा 1133 बेटियों की शिक्षा पर कुल 1,95,70000 का बजट खर्च किया गया है। (अनंत ज्ञान)


### जिले के 15 विकास खंडों में खर्च किया बजट



**इस** बारे में जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि साल 2023-24 में 1422 मामलों में करीब दो करोड़ रुपए का अनुदान वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला के 15 विकास खंडों में यह बजट खर्च किया गया है।

# आवारा कुत्तों ने दो बकरियों और एक बकरे को नोच कर मार डाला

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नोंची गई बकरियां।

गरीब परिवार की दो गाभिन बकरियों एवं एक बकरे को आवारा कुत्तों ने नोच कर मार डाला। नगरोटा बगवां विधानसभा की पंचायत राजियाना के गरीब परिवार से संबंधित संतोष कुमार की तीन बकरियों को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह नोच कर मार डाला। उपप्रधान राज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पीड़ित परिवार को करीब 40 से 50 हजार का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की है कि उक्त पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से आम आदमी का जीना हराम कर दिया है तथा यह कुत्ते इतने खूंखार हो गए हैं कि लोगों की पशुशालाओं में बंधी भेड़ों, बकरियों एवं मुर्गों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की आर्थिकी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताया की पहले ही किसान लावारिस पशुओं, बंदरों द्वारा नकदी फसलों, सब्जियों, फलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा किसान खेतों खलिहानों में खेतीबाड़ी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। इससे हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि खंडर हो कर रह गई है। पंचायत प्रतिनिधियों ने केंद्र और राज्य सरकारों से गुहार लगाते हुए मांग रखी है कि लावारिस पशुओं, बंदरों एवं आवारा कुत्तों से निजात दिलवाए, ताकि आम जनता एवं किसानों को भरपुर लाभ प्राप्त हो।

### टीबी रोग से पीड़ित परिवार के लिए मसीहा बनी बीडीसी रंजना धीमान



**गरली।** दयाल नैहरनपुखर की बीडीसी एवं ओम साई हैंडलूम शोरूम की मालिकन करीब 3 वर्षों से लगातार राजनीति से ऊपर उठकर उपमंडल देहरा के आम गरीब जरूरतमद लोगों की सेवा में जुटी हुए है। बढ़ती महंगाई के इस सकंटकाल में जहां आर्थिक मदद के नाम पर लोग अपनो को भूल रहे है तो बीडीसी रंजना धीमान अपने ही जेबी खर्चे से गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही है। वहीं, इस कड़ी में रंजना धीमान यहां हार पचायत में टीबी रोग से पीड़ित गरीब परिवार को करीब चार महीनों से लगातार जहां अपने जेबी खर्चे से घर का राशन मुहैया करबा रही है तो वहीं दयाल नैहरनपुखर के जीवन सिह को नया शौचालय बनाने के लिए सिमेंट आदि के लिए अपने जेबी खर्चे से मदद कर कर रही है। वहीं, रंजना धीमान आज तक करीब 72 गरीब बेटियों की शादी पर अपनी ओर से कुछ न कुछ आर्थिक मदद देकर कन्यादान जैसा पुन्य कमा चुकी है। इतना ही नहीं रंजना धीमान नैहरनपुखर मे झुगीं झोपड़ी बनाकर जीवन यापन कर रहे गरीब मजदूरों को बिगत दिनों ठंड से बचने के लिए नए कंबल दान कर चुकी है, जो कि इलाके के लिए एक मसाल है।

# कल 550 महिला मंडलों को चेक वितरित करेंगे बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में मौजूद कांग्रेस के सदस्य।

8 मार्च को विश्व में महिला दिवस मनाया जाता है। नगरोटा बगवां में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 6 मार्च को गांधी ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला दिवस कार्यक्रम के इस विशेष मौके पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली मुख्यातिथि बनकर मौजूद रहेंगे। इस विशेष मौके पर आरएस बाली द्वारा नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड में 550 पंजीकृत महिला मंडलों को चेक वितरित किए जाएंगे।

इसमें प्रत्येक महिला मंडल को 11000 रुपए की राशि महिला मंडल के उत्थान के लिए दी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नगरोटा गांधी ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने पार्टी के सदस्यों के साथ इस कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में महिला मंडलों को चेक वितरित करने के अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र में की गई विभिन्न घोषणाओं के शिलान्यास भी आर.एस बाली द्वारा किए जाएंगे। उन्होंने सभी महिला मंडल सदस्य और कार्यकर्ताओं से महिला दिवस के इस कार्यक्रम पर पहुंचने का आग्रह किया है। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह सहित प्रदेश सचिव अजय वर्मा, उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुंता देवी, बीडीसी अध्यक्ष अंजना देवी, महासचिव अरुण कटोच, महासचिव अजय सिपहिया, बलदेव चौधरी, धर्मचंद, कुलदीप जोंकी, धनीराम, निर्मल पाराशर, अजय पनियारी, रविंद्र सैनी, सुरेश कोंडल, सुनील जोनू, स्वरूप चौहान, हंसराज, करमचंद और डीपी कालो मौजूद रहे।

### शिव मंदिर जुगियाल में निकाली शोभा यात्रा

**शाहपुरकंडी।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष में आज ब्राह्मणी माता लंगर सेवा समिति जुगियाल की ओर से विशाल शोभायात्रा का आयोजन करवाया गया। शोभायात्रा में आम आदमी पार्टी के नेता साहब सिंह साभा एवं एडवोकेट भानु प्रताप सिंह विशेष तौर पर उपस्थित हुए। शोभा यात्रा शिव मंदिर जुगियाल से शुरू होकर स्थानीय बैंक चौक, टी-1 चौक , गोल मार्केट, आदर्श नगर, शाहपुरकंडी से होते हुए अंबिका माता मंदिर शाहपुरकंडी में संपन्न हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भोले बाबा के श्रद्धालुओं खाने-पीने के स्टाल लगाए गए थे।

# पर्यटकों से वसूली के नाम पर वन विभाग कर रहा भ्रष्टाचार : पंकू

## जिला परिषद सदस्य ने लगाए आरोप; बोले- वसूली की रकम अलग, विभाग के खाते में रकम अलग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के पर्यटकों स्थलों में आवागमन में वन विभाग द्वारा की जा रही बसूली में भ्रष्टाचार हो रहा है। मौके पर पर्यटकों के जत्थे से प्रति व्यक्ति 100 रुपए वसूले जा रहें जबकि जो पैसे जमा हो रहे हैं प्रति जत्था 100 रुपए ही जमा हो रहे हैं।

वन विभाग द्वारा काटी गई पर्चियों की प्रतिलिपियों का हवाला देते हुए यह आरोप शाहपुर विधानसभा जिला परिषद सदस्य एवं डीएलसी मेंमर एफआरए पंकू कांगड़िया ने लगाए हैं। उन्होंने इस मामले को लेकर एक शिकायत जिलाधीश कांगड़ा, पुलिस अधीक्षक विजीलेंस और मुख्य अरण्यपाल वन विभाग को भी सौंपी है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों से प्रतिदिन बसूली जा रही फीस में चैंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि गत दिन दस मिनट के भीतर वन विभाग के कर्मचारी ने विभिन्न पर्यटकों को कुल 4600 रुपए की पर्चियां बांटी। जबकि विभाग के खाते में मात्र 16 रुपए जमा हुए। उन्होंने कहा कि दस मिनट के भीतर ही 3000 रुपए का भ्रष्टाचार हो गया।

उन्होंने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी पर्यटकों के ग्रुप के प्रत्येक व्यक्ति से 100-100 रुपए वसूल कर जाली पर्चियां दे रहे हैं और विभाग के खाते में प्रति पर्यटक जत्था 100 रुपए ही जमा करवा रहे हैं। पंकू कांगड़िया ने वन विभाग के अधिकारियों की इस भ्रष्टाचार में संलिप्तता का भी संदेह जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यटकों से आज तक वन विभाग करीब 50 लाख रुपए वसूल चुका है और एक अनुमान के अनुसार इस पूरे मामले में करीब 20 लाख रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार बचाने के प्रयास में हैं।

### जयसिंहपुर में सौगातें देने पर मंत्री यादविंद्र गोमा का किया थैंक्स

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने प्रदेश कैबिनेट की बैठक में जयसिंहपुर को बड़ी सौगातें मिलने पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कैबिनेट व आयुष व खेल मंत्री कानून मंत्री यादविंद्र गोमा का आभार का आभार जताया है । जयसिंहपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जयसिंहपुर में जल शक्ति विभाग का डिवीजन, सलियाना छिंज मेले को राज्य स्तरीय दर्जा, चन्द्रोंन मिडिल स्कूल का दर्जा हाई स्कूल करने, जयसिंहपुर होली मेला को जिला स्तरीय दर्जा मिला है साथ ही हलेड हाई स्कूल का नाम क्षेत्र के सबसे बड़े बहादुरी पुरस्कार विजेता चंबी के शहीद अनिल चौहान के नाम पर किया गया । जसवंत डढवाल ने कहा कि शहीद अनिल चौहान मात्र 21 वर्ष की आयु में अपनी पहली की पोस्टिंग के दौरान 2002 में असम में तीन उग्रवादियों को मार कर देश के लिए शहीद हो गए थे। बाद में उनकी बहादुरी के लिए वर्ष 2003 के उन्हें कीर्ति चक्र से नवाजा गया था । डढवाल ने कहा कि बर्षो से शहीद अनिल चौहान के परिजन हलेड़ स्कूल का नाम उनके नाम पर करने के प्रयास कर रहे थे, लेकिन उनकी फ़ाइल आगे नहीं बढ़ पा रही थी। जब शहीद अनिल के भाई संदीप चौहान मंत्री यादविंद्र गोमा से मिले तो उन्होंने तुरंत उनकी फाइल मंगवाई और एक महीने के भीतर ही प्रदेश कैबिनेट ने स्कूल का नाम शहीद अनिल चौहान के नाम पर करने की मुहर लगा दी ।

# थुरल कॉलेज के छात्रों ने पहाड़ी गानों व नाटी पर मचाया धमाल

**राकेश डोगरा, डरोह**



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के स्टाफ सदस्य।

सोमवार को महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि की भूमिका संजय सिंह चौहान अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य सरकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक ने अदा की। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसमें पहाड़ी नाटी, जमाकड़ा व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए।

प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 को प्रस्तुत किया। अतिथियों में नौरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा तथा विभिन्न विभागों से अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने वार्षिक परिणाम में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कॉलेज में चल रहे विभिन्न क्लबोन में सक्रिय रूप से भाग ले कर अपने जीवन के नेतृत्व के गुणा को विकसित कर सकते हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना, रोड सेफ्टी क्लब, रोवर रेंजर्स, इको क्लब और रेड रिबन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. कमल, प्रो. रवि सिंह पलसरा, प्रो. अमित, प्रो. लेख राम, डॉ. विशाल, प्रो. पवन राणा, डॉ. शिशुपाल, डॉ. संजीव, प्रो. नविता, प्रो. अजय, प्रो. कुशल, प्रो. प्रेम, प्रो. रणजीत राणा, सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष अनीता, सलमान खान, सुजल, इशिका, सैन अनमोल, दिव्यांश, मंथन, प्रथम, शुभम, अदिति, रितिका, सलोनी, पारुल, महक, गुंजन, शगुन, पलक, निखिल, अनामिका, वंश, विजय, आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# खांसी के साथ खून आया तो समझो टीबी के लक्षण

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में मंगलवार को रेड रिबन क्लब की सौजन्य से क्षय रोग (टीबी रोग) पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. सुरेंद्र कुमार सोनी ने किया। कार्यशाला के मुख्य प्रवक्ता स्वस्थ्य विभाग की डॉ. अनुराग शर्मा ने टीबी के बारे में जानकारी दी और बताया कि यह रोग जानलेवा है।

वहीं, इसका जानकारी और समय से इलाज से ही इस रोग से बचा जा सकता है। टीबी रोग पर अपने व्याख्यान में डा. अनुराग ने बताया कि टीबी रोग एक ऐसा वायरस है जो शरीर की किसी भी भाग में फैल सकता है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक तक खांसी के साथ खून आने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि टीबी वायरस की प्रति सावधानी और समय से इलाज इसका समाधान है। प्राचार्य डॉ. सोनी ने भी इस संदर्भ में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि टीवी का समय रहते इलाज नहीं किया जाय तो यह जानलेवा होता है। उन्होंने बताया कि रोगों से लड़ने की लिए रोग प्रतिशोध क्षमता को बढ़ाना जरूरी है और ध्यानयोग भी इसका विकल्प है। आर्ट ऑफ लिविंग का जिक्र करते हुए प्राचार्य ने बताया कि ध्यानयोग नशों से दूर रखकर विद्यार्थी जीवन के लिए एक संजीवनी का काम करता है। इसलिए टीबी के लक्षण पता चलते ही इसका इलाज करवाएं। कार्यशाला आयोजक प्रो. माधवी परासर ने सभी प्रवक्तागणों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी, डॉ. अनुराग शर्मा, प्रो. माधवी परासर, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. राजीव कुमार इत्यादि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बढेडा विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

अध्यक्षता : श्री राजेश शर्मा — दिनांक 23/02/2024

उपस्थिति 7/7 — प्रस्ताव संख्या 14

**विषय : सामग्री की सप्लाई के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

आज दिनांक 23/02/2024 की ग्राम पंचायत बढेडा में राजेश शर्मा जी ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया की ग्राम पंचायत बढेडा के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं। अत: बैठक में चर्चा उपरांत पास हुआ कि निविदाएं डाक द्वारा या वाई हैंड 07/03/2024 तक ग्राम पंचायत में जमा करवाएं और दिनांक 08/03/2024 को समय 02 बजे निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति द्वारा खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रशर, क्रशर बजरी | प्रति cum |
| 2. | बजरी 20,40,10एमएम | प्रति cum |
| 3. | बोल्डर पत्थर | प्रति cum |
| 4. | सटरिंग स्टील/लकड़ी | प्रति SF |
| 5. | पानी टैंकर | प्रति टैंकर |
| 6. | ढुलाई सीमेंट हमीरपुर से कांगू | प्रति बैग |
| 7. | ढुलाई सीमेंट नादौन से कांगू | प्रति बैग |
| 8. | ईंट अव्वल, दोम | प्रति ईंट |
| 9. | टाइल आईएसआई मार्का 40,60,80एमएमए | प्रति पीस |
| 10. | साईन बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 11. | मिक्सचर मशीर बिना डीजल के | प्रति दिन |
| 12. | हैंडपंप बोरवैल ड्रीलिंग | प्रति फुट |
| 13. | समर्सिबल पंप मोटर फीटिंग | प्रति पाईप |
| 14. | खड्ड बजरी | प्रति cum |
| 15. | धुला रेता | प्रति cum |
| 16. | डस्ट | प्रति cum |
| 17. | जेसीबी | प्रति घंट |
| 18. | सेटरिंग लेंटल | प्रति फुट |

**नोट :-** निविदा के साथ जीएसटी नंबर कापी संग्लन करना आवश्यक है। बिना जीएसटी के निविदा रद्द की जाएगी। निविदा पास होने पर सप्लाई न देने पर 25000/-तक का जुर्माना हो सकता है। निविदा पारित फर्म को माल कार्य स्थल तक पहुंचाना होगा। ग्राम पंचायत के पास निविदा को बिना सूचना के रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सिक्यूरिटी राशि के तौर पर 10000/- रू. जमा करवाने होंगे। नादौन ब्लॉक में रजिस्टर्ड वैंडर को वरीयता दी जाएगी। प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित हुआ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बढेडा**



अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**05 मार्च, 2024, मंगलवार**

विक्रमी संवत : 2080, शक संवत :1945 (शोभकृत), मास : फाल्गुन, तिथि :नवमीं (08:07): नक्षत्र : मूल (04:00), पक्ष : कृष्ण, योग सिद्धि (02:07) शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09)-(12:56)।

### विशेष दिन

- 05 मार्च 2024 को समर्थ रामदास नवमीं
- 06 मार्च को विजया एकादशी व्रत।

**मेष** : आज धनलाभ का योग है। कार्यस्थल पर आ रही समस्या के निदान के लिए कार्यस्थल पर वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें।

**वृषभ** : बेहतर उन्नति के लिए अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में बदलाव की जरूरत है। एक समय पर एक ही काम करें।

**मिथुन** : ग्रह अनुकूल है। आज के दिन आप के कार्यों में गति आएगी। मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम प्रसगों में सफलता मिल सकती है।

**कर्क** : आप की सफलता के पीछे आपके परिश्रम के साथ कई लोगों की दुआ भी है। स्वास्थ पर धन खर्च होगा।

**सिंह** : कानूनी अड़चनें आ सकती है। किसी बात से बैचेन रहेंगे। तेल व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे।

**कन्या** : जीवन बहुत छोटा है। समय रहते अपनी गलतियां सुधार करें। कई दिनों से अटके मसले आज सुलझ सकते है।

**तुला** : आप प्रसन्न रहें और चिंता त्यागें। व्यर्थ सोचना बंद करें। आप के वाक् चातुर्य से कार्य बन जाएंगे। आप के शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक** : पड़ोसियों से आज विवाद हो सकता है। स्वास्थ में सुधार के लिए डॉक्टर बदलना पड़ सकता है। मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

**धनु** : समय की अस्थिरता से परेशान रहेंगे। पारिवार में आई समस्या का निदान होगा। रंगमंच से जुड़े जातकों के मान में वृद्धि होगी।

**मकर** : किसी अनजान पर भरोसा न करें। आज भी कार्य पुरे नहीं हो पाएंगे। खान-पान पर पर्ण नियंत्रण रखें। अकस्मात आए खर्च से

**कुंभ** : व्यापारिक उन्नति के अवसर है। कार्यों में आ रही परेशानी से सहज ही निकल जाएंगे। बर्तन व्यापारियों के लिए समय उपयुक्त है।

**मीन** : धैर्य रखें, जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। कानूनी कार्यों में उलझ सकते है। मामूली बात पर विवाद संभव है।


# लोकसभा चुनावों में चारों सीटें जीतेगी कांग्रेस : सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कांगड़ा चंबा लोकसभा चुनाव क्षेत्र की सरगर्मियां तेज हो चुकी है। आगामी लोकसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए आलाकमान द्वारा मनोनीत प्रवेक्षकों की टीम द्वारा हाल ही में शिमला राजीव भवन कांग्रेस मुख्यालय में स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन पूर्व में रहे केंद्रीय रेल मंत्री माननीय भक्त चरण दास जी द्वारा आवेदनकर्ताओं का परिचय लेकर छंटनी उपरांत प्रवल दावेदारों के नाम सीईसी के लिए अनुमोदित कर दिया है।

इस कड़ी में कांगड़ा चंबा लोकसभा के प्रवल दावेदार का नाम दिल्ली सीईसी के लिए अनुमोदित कर दिया गया। विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कांगड़ा-चंबा लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए तीन आवेदकों का नाम पैनल में है। इसमे प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा एक नया चेहरा होने के साथ-साथ अकसर केंद्र में विपक्ष को घेरते रहे है। वहीं, पूर्व में रही जयराम सरकार को हर क्षेत्र में सुदर्शन शर्मा ने बतौर प्रवक्ता जोरदार टक्कर दी है। वहीं, इनका प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ गहरे राजनीतिक रिश्ते जगजाहिर है व प्रदेश अध्यक्षा रानी प्रतिभा का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की चारों की चारों सीटो पर कांग्रेस जोरदार जीत दर्ज करेगी व देश में फिर से कांग्रेस के नेतृत्व में जोरदार सत्ता वापसी होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मंझेली विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

**आज दिनांक 23-02-2024 को ग्राम सभा मंझेली की बैठक श्री हाकम सिंह प्रधान व उपप्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

**नकल/प्रस्ताव संख्या 12** — **उपस्थिति 7/7**

**विषय : सामग्री की सप्लाई के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे**

पंचायती बैठक में प्रधान महोदय जी ने पंचायत सदस्यों के सामने प्रस्ताव रखा कि महोदय जी अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत मंझेली के लिए वर्ष 2024-25 के लिए सामग्री सप्लाई हेतु निविदाएं मांगी जानी हैं। बैठक में चर्चा के उपरांत पास हुआ कि निविदाएं दिनांक 5/3/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मंझेली में पहुंच जानी चाहिए। और दिनांक 7/3/2024 तक समय 11:00 बजे निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय कमेटी द्वारा खोली जाएंगी। विवरण निम्न प्रकार से है:

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रशर | प्रति cum |
| 2. | बजरी क्रशर | प्रति cum |
| 3. | बोल्डर | SF |
| 4. | खड्ड की बजरी | SF |
| 5. | सीमेंट ढुलाई | |
| 6. | सेटरिंग डंगा | |
| 7. | सीमेंट लैंटल | |
| 8. | धुला रेता | प्रति cum |
| 9. | टाइल आईएसआई मार्का 40,60,80एमएमए | प्रति टाईल |
| 10. | ईंट अव्वल | प्रति ईंट |
| 11. | पानी टैंकर | प्रति दिन |
| 12. | मिक्सचर मशीन | प्रति दिन |
| 13. | डस्ट रेता | प्रति cum |
| 14. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 15. | साइन बोर्ड | प्रति बोर्ड |

**उपरोक्त** प्रस्ताव को पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया। — **प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मंझेली**

भक्ति वह है जो ज्ञान उत्पन्न करती है, ज्ञान वह है जो स्वतंत्रता को गढ़ता है।
-तुलसीदास

# जल प्रदूषण पर पंजाब और हिमाचल में तनातनी

**पंजाब** और हिमाचल में अब जल प्रदूषण को लेकर तनातनी बढ़ गई है। दोनों राज्य इस मसले पर आमने-सामने हो गए हैं। सरसा और स्वां नदी का प्रदूषण कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। ऐसे में कोई भी राज्य अपने ऊपर जिम्मेदारी लेने से डर रहा है और एक-दूसरे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। पंजाब के पर्यावरण विभाग का कहना है कि ये दोनों नदियां हिमाचल की हैं, इसलिए वहीं से प्रदूषण नदियों में फैलकर पंजाब तक पहुंच रहा है। सरसा नदी औद्योगिक क्षेत्र बद्दी से होकर पंजाब आती है और स्वां नदी ऊना जिले के संतोषगढ़ से होते हुए पंजाब में दाखिल होती है, इसलिए दोनों नदियों में बढ़ रहे प्रदूषण के लिए निश्चित रूप से हिमाचल को ही जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

दूसरी ओर हिमाचल सरकार का पर्यावरण विभाग कहता है कि हमारी नदियां हिमाचल से साफ होकर गुजरती हैं, लेकिन दिक्कत पंजाब में है। वहां न जाने क्यों जल प्रदूषित हो रहा है। हम भी इस मसले को लेकर खासे परेशान हैं, क्योंकि हिमाचल ने तो यह जल प्रदूषित नहीं किया है तो आखिर जल प्रदूषित हो कहां से रहा है। इस मसले को लेकर पंजाब सरकार को ही अपने स्तर पर जांच करनी होगी, तभी समस्या की असली जड़ तक पहुंचा जा सकता है, वरना हम दोनों राज्य यूं ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहेंगे और समस्या जस की तस बनी रहेगी। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव यह पड़ेगा कि दोनों राज्यों के रिश्तों में भी खटास आ जाएगी।

यह मामला अब इतना ज्यादा भड़क गया है कि यह सीधे केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय तक पहुंच गया है। हाल ही में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के स्तर पर हुई सेंट्रल मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक में पंजाब व हिमाचल का यह विवादित अंतरराज्यीय मामला प्रमुखता से उठा था। दोनों राज्यों ने अपने-अपने तर्क दिए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने दोनों की बातों को ध्यान से सुना और निर्देश दिया कि अगली बैठक में इस मसले पर विस्तृत रिपोर्ट सौंपें। दरअसल, यह मामला तब से भड़का हुआ है, जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने देशभर की प्रदूषित नदियों के बारे में एक लिस्ट जारी की। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नेशनल वाटर क्वालिटी मॉनीटरिंग प्रोग्राम के तहत पिछले किई सालों से जल संसाधनों की वाटर क्वालिटी को परख रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी लिस्ट में पंजाब में बहने वाली लिस्ट को शामिल कर लिया था, लेकिन बाद में इस सूची से हटा दिया गया था। ब्यास नदी में जल की गुणवत्ता ठीक पाए जाने पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यह फैसला दिया था हालांकि पंजाब सीवरेज ट्रीटमेंट कैपेसटी बढ़ाने पर खासा जोर दे रहा है, लेकिन फिर भी नदियों का इस तरह से प्रदूषित होना बेहद चिंता का विषय है। हिमाचल सरकार अपने स्तर पर नदियों को प्रदूषित नहीं होने देती है तथा इसके लिए बकायदा विस्तरित योजना बनाकर अमलीजामा पहनाया जाता है, अब देखना है कि अब दोनों राज्य इस मसले को कैसे सुलझाएंगे।

# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल ?



लेखक : प्रभुनाथ शुक्ल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**भारत** घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहां हमें कठघरे में खड़ा करती हैं, वहीं उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद है। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है।

दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अकसर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है, लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं, वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए, लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिएं।

पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिएं, जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिएं। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए, वह व्यस्था सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए।

भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहां ठहर रहे हैं, कहां जा रहे हैं, उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध करानी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिएं। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है, ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिएं। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है।
भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए कि आप जहां जा रहे हैं, वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहां खतरा हो सकता है, इस संबंध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है।

विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहां माहौल पैदा करती हैं, वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था, वहीं अब पर्यटन उद्योग तेजी से आर्थिक समृद्ध की ओर बढ़ रहा रहा है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है।

भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है, लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती हैं। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं, लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, क्योंकि यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए।

विदेशी पर्यटक सड़क के किनारे टेंट लगाकर रह रहे हैं या समुद्र किनारे, होटल में रहें या पहाड़ों पर, उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। दुमका में स्पेनिश जोड़े सड़क के किनारे टेंट लगाकर रुके थे, जहां स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया और सामान भी लूटा। भारत पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर बनने और बनारस में बाबा काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के बाद दर्शन के लिए विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ रही है।

लॉकडाउन के बाद देश में तकरीबन हर साल एक करोड़ से अधिक विदेशी सैलानी भारत भ्रमण पर पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक मार्च और अप्रैल में विदेशी सैलानियों का आगमन होता है, क्योंकि पर्यटन के लिए यह मौसम अनुकूल होता है जो पर्यटकों को काफी प्रभावित करता है।

भारत में साल 2019 में एक करोड़ 8 लाख विदेशी पर्यटक घूमने आए। जिससे विदेशी पर्यटकों से सरकार को 2.10 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.94 जबकि 2018 1.77, वहीं 1016 में 1.54 और 2016 में 1.35 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.5, 2017 में 100, जबकि 2016 में 88.04 एवं 2015 में 80.27 लाख विदेशी सैलानी भारत घूमने आए। इस हालत में विदेशी सैलानियों की सुरक्षा सबसे अहम हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर कठोर से कम कठोर कदम उठाने चाहिएं, जिससे दुमका जैसी घटनाओं पर विराम लग पाए और भारत में विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिल पाए।

## नजरिया: कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते रसूखदार



लेखक : आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र पत्रकार

**इसमें** दो राय नहीं कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ लेते हैं। व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है, ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है।

पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया, लेकिन तब जब कोलकाता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही।

संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है, लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैरकानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

## अंदाज-ए-बयां: हमारा फायदा है



राजेंद्र पालमपुरी

*चलने दो सरकार हमारा फायदा है*
*हो चाहे तकरार हमारा फायदा है।*
*हमको तो मिल जाएगा जो चाहेंगे*
*हो जिसकी भी हार हमारा फायदा है।*
*बच्चों जैसे रूठें और मनाएं हम*
*ऐसा हो व्यवहार हमारा फायदा है।*
*इस पाले कभी उस पाले में जाएं तो*
*अपनी ओर हो भार हमारा फायदा है।*
*लड्डू बनकर इधर-उधर बस घूमें हम,*
*यही रहें संस्कार हमारा फायदा है।*
*एक नया घर अलग भले ही बन जाए,*
*चाहे गिरे दीवार हमारा फायदा है।*
*पाई धेला दमड़ी पैसा सब कुछ है,*
*फिर भी हो व्यापार हमारा फायदा है।*
*घर टूटता है तो चाहे जाए टूट*
*मतलब के हम यार हमारा फायदा है।*
*जिनके दम पर आज यहां तक आ पहुंचे*
*करते रहें चित्कार हमारा फायदा है।*

# एक को मना लो, तो दूजा रूठ जाता है अक्सर ही कोई ग्रुप टूट-छूट जाता है




लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

**ऐसी** दास्तां किसी काल्पनिक पुस्तक, फिल्मी दुनिया या परलौकिक संसार के चरित्रों की ही नहीं है। यह आज के डिजिटल संसार व उच्च से उच्चतर तकनीक (टेक्नोलॉजी) का कड़वा और अप्रिय सत्य भी है, विशेषकर व्हाट्सऐप और फेसबुक संसार के तो रंग ही अनूठे व निराले हैं। इस आभासी दुनिया में हमें अनेक प्रकार के विचित्र प्राणी अक्सर ही देखने, सुनने और पढ़ने को मिल जाते हैं। विभिन्न किस्म के ग्रुप्स के तो कहने ही क्या? ऐसे सिर-फुटव्वल, नोंक-झोंक, बहस-तकरार, रूठना-मनाना तो कई राजनीतिक गलियारों में भी अपेक्षाकृत कम सुनाई दिखलाई पड़ता है। कुछ लोग तो कितना ही उत्पात, धांधली, उपद्रव करते रहते हैं।

सर्वथा ऊल-जलूल, अप्रासंगिक, अविश्वसनीय पोस्ट लाइक, शेयर, कॉमेंट तो करते ही हैं, उस सारे कचरे और गंदगी को सैकड़ों लोगों में भी फैलाते रहते हैं। अतीत में भारत के एक बहु-प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के परिसर में कुछ राजनीतिक विवाद हो गया था। पुराने जमाने के पांच बार पांचवीं फेल लोग भी सोशल मीडिया पर उस विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी के विद्यार्थिओं, अध्यापकों, प्रबंधन को गाली-गलौच कर रहे थे। उस उच्चकोटि के श्रेष्ठ संस्थान में विश्वस्तरीय शिक्षण-प्रशिक्षण मिलता है और वहां के 95 प्रतिशत से अधिक लोग अच्छे व सच्चे देशभक्त और मानवता प्रेमी हैं परंतु कुछ घोर आपराधिक प्रवृत्ति के गुंडों-बदमाशों को यह सब समझाना लगभग असंभव है। कुछ ग्रुप के महामानव हमें लिखने और रचना भी नहीं करने देते। सरकार के किसी अच्छे कार्य की तारीफ कर दें तो हमें डिजाइनर पत्रकार तथा 'सरकारी चमचा' कहते हैं। अगर सरकार की किसी अप्रिय नीति के विरुद्ध लिखें, तो राजनीति और धर्म के स्वघोषित ठेकेदार हमें देशद्रोही घोषित करने का प्रयास भी करते हैं। ऐसे लोगों को देखकर मुझे तो बस उस पति, पत्नी और साथ चल रहे गधे की याद आती है। व्हाट्सऐप या फेसबुक के ग्रुप संचालन की बात करें तो इसे बहुत ही चुनौतीपूर्ण और साहसिक प्रयास माना जाना चाहिए। सभी सम्मानित सदस्यों के मध्य जिनमें अधिकतम सिर्फ ग्रुप एडमिन के ही पहचान के होते हैं।

धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र, राजनीतिक लाभ के आधार पर ग्रुप बनाना तो सरल, सुखद, सामान्य सा काम है। दुर्भाग्यवश अकसर ही ग्रुप में ऐसे लोगों का अपना भी अलग से समूह बन जाता है। कुछ लोग एक-दूसरे को घुर्राते रहते हैं। ग्रुप एडमिन के लिए यह स्थिति बहुत असहज और पीड़ाकारक होती है। ग्रुप में कुछ दुष्ट लोग भयंकर धांधली मचाते हैं। ईमानदारी से कुछ सुझाव दें तो तुरंत ही ग्रुप छोड़कर बाहर हो जाते हैं। किसी भी अच्छे ग्रुप का अस्तित्व बनाए रखने के लिए भगीरथ प्रयास करने होते हैं। ग्रुप के सभी सदस्यों में स्थायी शांति, सौहार्द, भाईचारा बने रहना बहुत ही मुश्किल होता है। फिर भी मेहनती, ईमानदार, कर्मठ एडमिन अपने शुभ कार्यों में दिन-रात लगे ही रहते हैं। इसके बावजूद हालात प्रायः कुछ ऐसे रहते हैं कि एक को मना लो, तो दूजा रूठ जाता है। अकसर ही कोई ग्रुप टूट-छूट जाता है ।

# अपने ही नजदीकी के रिश्ते बेटियों पर डाल रहे कुदृष्टि



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

**समाज** में आज अपने ही नजदीकी रिश्तों के ऊपर से विश्वास उठ गया है। लाज शर्म को दरकिनार कर कलयुग के नजदीकी रिश्तों ने खास रिश्तों का गला घोंटकर विश्वास को तार तार किया है। देवभूमि के शिमला जिले से गत पिछले दिनों रिश्ते में नाबालिग भतीजी को पढ़ाई करवाने के उद्देश्य से लड़की की मां ने अपने देवर के क्वार्टर में रखा। इसके साथ रिश्ते के चाचा ने लगातार शारीरिक संबंध बनाकर उसे गर्भवती करके अपनी राक्षस प्रवृत्ति का परिचय दिया। चाचा को भी पिता तुल्य समान दर्जा हासिल होता है, जो इस पिचास ने छीन-भिन्न कर दिया।

दूसरा कृत्य इसी जिला से रिश्ते के नाना द्वारा नाबालिग दोहती के साथ जोर जबरदस्ती कर रिश्ते को कलंकित किया। पहली बार अकेली राह चलती दोहती अपने रिश्ते के नाना द्वारा शिकार हुई। फिर दोबारा लगभग दस दिन के बाद बच्ची को जबरन घसीट कर रात्रि के समय अकेले उस नाना स्वरूप दैत्य ने अपने घर पर संबंध बनाए। उसने बच्ची को गर्भवती कर, डरा-धमकाकर यह बात किसी को न बताने को कहा और लड़की की मां ने साहस जुटाकर शिकायत पोस्को एक्ट के तहत थाने में दर्ज करवाई। उस दुष्कर्मी को कानून ने 20 साल की सख्त कठोर सजा सुनाई।

ये दोनों उदाहरण समाज को तोड़-मरोड़ कर रख, सोचनीय गहरी चिंता की ओर धकेलते हैं। पता नहीं कितनी ही ऐसी सैकड़ों घटनाएं, लोक लाज रख बच्चियों के भविष्य में शादी होने के सामाजिक डर के कारण दबा दी जाती हैं, जहां देवभूमि में देवताओं का वास है, इसकी भूमि के कण-कण में देव तत्व के रूप की बयार बहती है, जहां पूजा विधान में छोटी बच्चियों को नव दुर्गा शक्ति के प्रतीक के रूप हलवा पूरी खिलाकर पूजा जाता है। इस देवभूमि का शिक्षित समाज अपने ही नजदीकी रिश्तों से आज जवान होती बेटियों को बचा पाने में असमर्थ हो चुका है। सगे संबंधियों, परिवार के भीतर नजदीकी रिश्ते, यह घिनौना कृत्य खुद अंजाम देने लग गए हैं, तो फिर परिवार की बच्चियों के माता-पिता बाहरी समाज के दुष्कर्मियों से बचाव करने की अपेक्षा अपनों से उनकी बेटियों की रक्षा की उम्मीद कैसे कायम रख पाएंगे।

यह सोचना भी आज की बदलती मानसिक प्रवृत्ति के परिदृश्य से नासूर हो चुका है। मां-पिता कामकाजी या नौकरी शुदा हैं,या घर पर अपने बच्चों को मजबूरी वश अकेले छोड़ कर, नाले पहाड़ पर दुर्गम क्षेत्र के इलाकों में स्थापित अपने मकान से काम पर निकलने से पूर्व किसी नजदीकी आस-पड़ोस के रिश्तेदारों के ऊपर अंधे होकर विश्वास कर, बच्चों को अकेला छोड़ते हैं, तो उनके काम से वापस लौटते समय तक उनके साथ कोई अश्लील वारदात अंजाम तक पहुंची है या नहीं, यह सोचना कल्पना से परे है। सबसे बड़ी कमजोर कड़ी गलती हमारे अभिभावकों की ही है। हम इस तरह की शंका को मन में नहीं पालते एवं सजग सचेतता ही इस तरह के हमले से बचाव है। सर्वप्रथम घर से ही माता-पिता द्वारा बच्चों को किसी अन्य द्वारा उनके शरीर के साथ गलत छुअन और अच्छी छुअन की शिक्षा देकर शिक्षित करना चाहिए।

आस-पड़ोस के लोगों पर व अपने करीबी रिश्तेदारों के पास नाबालिग बच्चों को इतना विश्वास कर उनके पास अकेला कभी नहीं छोड़ना चाहिए। पढ़ाई ग्रहण करने के सिलसिले, कोचिंग, ट्यूशन संचालकों, अध्यापकों के ऊपर निर्भर रहकर उन्हें अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। माता-पिता को खुद बच्चों के साथ लगातार संप्रेषण व स्वच्छ वार्तालाप करनी चाहिए एवं किसी भी प्रकार की हीन भावना, संकोच, शर्म का परित्याग कर मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों की मनः स्थिति को तत्काल भांपकर उनके ऊपर नजर रखनी चाहिए, अगर शिक्षा ग्रहण करने के लिए मोबाइल फोन दिया है, तो उस पर अभिभावकों को उनकी कॉल डिटेल्स, गूगल सर्च हिस्ट्री पर भी बीच-बीच के अंतराल में लगातार नजर बनाए रखनी चाहिए। जहां तक संभव हो सके, छोटे नाबालिग बच्चों को खुद की निगरानी में ही मोबाइल फोन पर होमवर्क करवाएं, जब तक बच्चे बालिग न हो जाएं। घर, पारिवारिक वातावरण खुले रूप से बिना डर के बातचीत के सौहार्दपूर्ण वक्तव्य, विचार रखने या सभी परिवार के सदस्यों के साथ बात करने के तरीके तैयार किए जा सकते हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गहरी भावना डर, दबी हुई कुंठा, छेड़खानी की सोच को समय रहते उजागर किया जा सके। अकेले रास्तों से बच्चों को विद्यालय तक छोड़ने व वहां से वापस लाते समय परिवार में से माता या पिता गांव समाज क्षेत्र की अन्य महिला समूहों के साथ गठजोड़ रखकर समय अनुसार बच्चों के साथ अकेले रास्तों में चलना चाहिए। लगातार विद्यालयों के अध्यापकों के साथ संपर्क साधकर फीडबैक लेते रहें।

बच्चे भविष्य की अनमोल सामाजिक धरोहर हैं। यह अबोध रूप से किसी भी लालच दिए जाने, अनजाने तरीके से चालाक प्रवृत्ति के धूर्त व्यक्तियों के संपर्क में आकर आसानी से फंस जाते हैं। वह उनका अनुचित लाभ आसानी से उठाने के लिए यह दरिंदे उन्हे फिर सॉफ्ट टारगेट के रूप में प्रयोग करते हैं। अपने बच्चों को घर से दूर किसी नजदीकी रिश्तेदार के सरकारी क्वार्टर, भीड़ भाड़ वाले गली मोहल्ले में शहरों में पढ़ने के उद्देश्य से अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। हम सभी की गौर नहीं करने की प्रवृत्ति के अभ्यास के कारण इस तरह के मामले आए दिन उजागर होते रहते हैं, जो अन्य समाज के नजदीकी करीबी, आस-पड़ोस की सामाजिक नातेदारी व्यवस्था की सरंचना के भीतर ही घटना घटित हो जाने के कारण कलंक के प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हैं व लज्जित होने के साथ रिश्तों से ही विश्वास खत्म कर देते हैं।

# स्वामी दयानंद ने हिंदू समाज में फैली कुरीतियों का किया विरोध



जयंती विशेष

लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**आर्य** समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था, लेकिन हिंदू पंचांग के अनुसार उनकी जयंती प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की दशमी को मनाई जाती है, जो इस वर्ष 5 मार्च को है। ऐसे में हिंदू कैलेंडर के अनुसार स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 5 मार्च को मनाई जाएगी।

स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वह 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर-वार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और संन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वह स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच योग का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानंद ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिंदू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया।

जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'संन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आंदोलन किए। हिंदू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराइयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वह आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे।

स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुंबई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वह जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरूकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया, बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया, लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वह अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, संन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

स्वामी दयानंद हिंदी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिंदी' बोली जानी चाहिए। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वह एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता है, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है।

वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा। उनका कहना था कि अज्ञानी होना गलत नहीं है, लेकिन अज्ञानी बने रहना गलत है।

## अपनी बात

**बढ़ता** वायु प्रदूषण मानवता के लिए खतरा बनकर उभर रहा है। दूषित वायु प्रदूषण की वजह से लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वायु प्रदूषण से एलर्जी, चमड़ी रोग, खांसी, हृदयघात, हड्डी रोग और खुश्क त्वचा जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। वायु प्रदूषण इंसान के दिमाग पर असर करके शरीर को निर्जीव बनाकर रख देता है। इसे कंट्रोल करने में फिलहाल सरकारें नाकाम रही हैं। नतीजतन इसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है।

वाहनों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। लोग घरों, गली, मोहल्ले और सड़कों का कचरा उठाकर नाले और खड्डों में फेंक रहे हैं। तूफान आने पर वही कचरा आकाश में उड़कर पर्यावरण को दूषित करता जा रहा है। सर्दियों में लोग कूड़े-कचरे के ढेरों को ठंड में खुद को सेंकने के लिए आग लगाते हैं। ऐसे में कचरे से उठने वाला धुआं भी वातावरण को प्रदूषित बनाने का काम कर रहा है। जागरूकता के बिना यह सिलसिला सालों से इसी तरह चलता आ रहा है। बावजूद इसके कोई सीख लेने को तैयार नहीं है। बढ़ते वायु प्रदूषण से पूरा विश्व प्रभावित हैं। हिमाचल सरकार को पेड़ों के कटान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए। हम सभी को मिलजुलकर इससे निपटने को कदम उठाने होंगे।

-रजिंद्र कुमार, पालमपुर

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# फेसबुक पर उजागर करेंगे विकास के अभाव

## नगर परिषद चंबा से खफा पार्षदों ने लिया फैसला, 15वें दिन भी जारी रहा सांकेतिक धरना

**एमएम डैनियल, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर खफा पार्षदों को दो घंटे का सांकेतिक धरना लगातार जारी रहते हुए 15वें दिन में प्रवेश कर गया। जिसमें पार्षदों ने कहा कि अब यह लड़ाई आरोप-प्रत्यारोप की नहीं बल्कि वार्डों में मौजूद विकास कार्यों के अभावों की पोल खोल कर की जाएगी। जिसकी शुरूआत चौगान वार्ड से कर दी है। 15वें दिन दो घंटे के सांकेतिक घरने पर बैठी वार्ड पार्षद सीमा कुमारी ने कहा कि नप चंबा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोहरी नीति अपना रहे है। कभी वह समझौते के लिए तैयार हो जाते है तो कभी समझौते से इंकार कर देते है। नप अध्यक्ष अपनी शर्तों के तहत समझौता चाहते है, लेकिन शायद वे भूल रहे है कि धरने पर हरदापसपुरा, चौगान, सुल्तानपुर व सुराड़ा वार्ड सहित मनोनित पार्षद बैठे है। जिसके चलते धरने पर बैठे पार्षदों की मांगों के अनुरूप ही समझौता होगा। उन्होंने कहा कि नप चंबा हाऊस की भेदभाव की नीति के कारण कांग्रेस विचारधारा वार्ड पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य रूकने सहित प्रभावित हो रहे है। वहीं सफाई कर्मियों की सीमित संख्या के चलते वार्डों में पूर्ण रूप से सफाई व्यवस्था कायम नहीं हो पा रही है। वहीं वार्ड पार्षद हरदासपुरा अंजू राणा ने कहा कि नगर परिषद चंबा अध्यक्ष द्वारा झूठी बयानबाजी कर जिला प्रशासन से लेकर आम जनता को गुमराह किया जा रहा है। जिसमें गत दिनों आपसी समझौते को लेकर पहले दिन बैठक में सभी मांगों को स्वीकार करने के बाद दूसरे दिन भाजपा पार्टी या शीर्ष नेतृत्व का दवाब पड़ते ही दूसरे दिन की बैठक में नप अध्यक्ष समझौते के तहत लिखित बयान देने से मुकर गई। वहीं उन्होंने इसके अतिरिक्त उपायुक्त चंबा की ओर से कोटेशन वर्क करने की निविदाएं खोलने से भी इंकार कर दिया। जबकि उपायुक्त चंबा ने बताया कि उनकी नप अध्यक्ष से इस मसले पर कोई बात नहीं हुई है। जबकि नप अध्यक्ष अपनी कही बातों पर कायम नहीं रह पा रही है। जिससे स्पष्ट है कि नप अध्यक्ष राजनीति दवाब के चलते भेदभाव की नीति अपना रही है। वहीं चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा ने कहा कि नप चंबा के विकास कार्यों के दावे वार्डों में चल रहे अभावों से पूर्ण रूप से व्यक्त हो रहे है। नप चंबा अध्यक्ष द्वारा विकास कार्यों को लेकर आए दिन झूठी सूची जारी की जा रही है। 15 दिन के धरने से हाऊस को कोई फर्क पड़ता न देख समस्त वार्ड पार्षदों ने निर्णय लिया है कि अब वे अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों व अन्य अभावों को फेसबुक व मीडिया के समक्ष उजागर करेंगे। जबकि उक्त वार्डों के विकास कार्यों को उपायुक्त चंबा के माध्यम से करवाने की योजना तैयार करेंगे क्योंकि नगर परिषद चंबा हाऊस किसी तरह भी विश्वास योग्य नहीं रहे है।



नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते खफा पार्षद।

**नगर परिषद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के बयानों को दिया झूठा करार**

### ऑनलाइन होंगे टेंडर



नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने कहा कि जो उन्होंने उपायुक्त चंबा की ओर से कोटनेशन संदर्भ में बात रखी वह उन्होंने केवल उन्हें नहीं बल्कि उपाध्यक्ष व अन्य पार्षद प्रतिनिधिमंडल के समक्ष रखी जिसे उन्होंने साझा किया। टेंडर ऑनलाइन प्रक्रिया से ही लगाए जाएंगे यह बात तय है।

# आबकारी यूनिटों का आवंटन सात मार्च को : कंवर शाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



उप आयुक्त राज्य कर व आबकारी कंवर शाह देव कटोच ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी सह निविदा प्रक्रिया के माध्यम से जिला में आबकारी ठेकों एल-2, एल-14, एल-14ए और एल-20 बी में खुदरा शराब लाइसेंस के आवंटन के लिए मुहरबंद निविदा आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला से संबधित सभी एल-2, एल-14 के लिए निविदाएं प्रपत्र कार्यालय उपायुक्त राज्य कर व आबकारी, चंबा और सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी, डलहौजी स्थित बनीखेत से भी निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.hpta&.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता हैं। निविदाएं व बोली प्रक्रिया सात मार्च को बचत भवन में उपायुक्त की अध्यक्षता में पूर्ण होगी। निविदाएं छह मार्च तक सुबह 10 से शाम पांच बजे तक उपायुक्त राज्य कर व आबकारी के कार्यालय चंबा में ली जाएंगी। गैर वापसी योग्य निविदा शुल्क दो लाख प्रति निविदा होगा। ठेका इकाई के आवंटन के लिए प्रत्येक निविदा निर्धारित प्रारूप में की जाएगी। बोली निविदा शुल्क का भुगतान नीलामी सह निविदा हॉल में प्रवेश के समय नकद या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भी किया जा सकता है। एक आवेदक जितनी चाहे उतनी निविदाएं प्रस्तुत कर सकता है। ऐसी प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क संलग्न होना चाहिए। किसी भी आवेदक को एक ही विक्रेता-यूनिट के लिए एक से अधिक आवेदन दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए उप आयुक्त राज्य कर व आबकारी विभाग चंबा के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर ने जानकारी दी है कि डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चंबा जिले के 2400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्तर चार की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि भारी हिमपात होने से कई स्थानों में हिमस्खलन व भूस्खलन होने की संभावना है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा करने से परहेज करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों को हर स्थिति के लिए तैयार रहने के आदेश दिए हैं। वहीं पर भरमौर के कुगति में ग्लेशियरों का पिघलना जारी हो गया है।

### भाषण प्रतियोगिता में नीतिका रही प्रथम



भाषण प्रतियोगिता में अव्वल रही प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

**चंबा।** टीबी जन भागीदारी अभियान के तहत शकुंतला मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज सरोल में स्वास्थ्य विभाग चंबा की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित ने छात्रों को जिले मे चल रहे टीबी कार्यक्रम की जानकरी दी। उन्होंने बताया की 'टीबी हारेगा और देश जागेगा' मुहिम के चलते 25 फरवरी से 12 मार्च तक टीबी में जन भागीदारी अभियान चलाया गया है। जिस के तहत जन जन को टीबी बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त पंचायत, टीबी बीमारी के लक्षणों और बचाव के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर नर्सिंग स्कूल के छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें कुमारी नीतिका ने प्रथम स्थान, कनिका ने दूसरा और खुशबू ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रशिक्षु नर्सिंग स्टूडेंट्स ने बढ़िया तरीके से टीबी से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर शकुंतला मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल अंजू कुमारी और स्वास्थ्य विभाग से दीपक जोशी, नितेश और कॉलेज स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### भुरू नाग देवता मंदिर में भंडारा नौ को

**डलहौजी।** भुरू नाग देवता लंगर कमेटी बनीखेत द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर नौ मार्च को बनीखेत के भुरू नाग देवता मंदिर में भंडारे का आयोजन करवाया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर लंगर कमेटी के सदस्यों द्वारा सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि भुरू नाग देवता मंदिर में नौ मार्च को भारी संख्या में आकर भगवान शिव एवं नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त कर लंगर रूपी प्रसाद जरूर ग्रहण करें।

### सुल्तानपुर-ओबड़ी मार्ग की मरम्मत मांगी

**चंबा।** सुल्तानपुर से लेकर ओबड़ी को जाने वाली सड़क पर अत्यधिक गड्ढे पड़े हुए हैं। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व मोटरसाइकिल सवारों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस समस्या के बारे में कई बार नगर परिषद चंबा के कर्मचारियों को सूचित कर चुके हैं, मगर इसके बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस कारण मोहल्लावासियों में नगर परिषद के प्रति खासा रोष उत्पन्न हो गया है। लोगों ने कार्यकारी अधिकारी से मांग की है कि सुल्तानपुर से होकर ओबड़ी को जाने वाले मार्ग की मरम्मत की जाए ताकि यहां से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी न हो। क्षेत्रवासियों में जीवन कुमार, नरेश कुमार, विशाल कुमार, होशियार सिंह आदि का कहना है कि सुल्तानपुर से लेकर ओबड़ी को जाने वाले मार्ग पर अत्यधिक गड्ढे पड़े हुए हैं। इन गड्ढों में पानी भर जाने से मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है। मार्ग के खस्ताहाल होने के चलते यहां पर कई वाहन दुर्धटनाग्रस्त हो चुके हैं। इसलिए नगर परिषद से मांग है कि जल्द इस मार्ग की दशा को दुरुस्त किया जाए।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड का फैसला, छात्र जहां फंसे हुए हैं वहीं देंगे परीक्षा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**अभिभावकों ने किया बोर्ड के फैसले का स्वागत**

अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने बताया कि प्रदेश में हुई भारी बारिश और बर्फबारी के कारण बहुत से परीक्षार्थी जो कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र से संबंध रखते हैं, किन्हीं कारणों से वे अपने गृह क्षेत्र में वापस नहीं आ पाए हैं तथा वे अपने आवंटित परीक्षा केंद्रो में परीक्षा देने नहीं पहुंच पाए हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए आदेश जारी किए है कि ऐसे परीक्षार्थी जो किसी कारणवश अपनी परीक्षा देने के लिए बोर्ड द्वारा आवंटित किए गए परीक्षा केंद्र में नहीं पहुंच पाए हैं वे बोर्ड को संपर्क कर सकते हैं। वे जिस स्थान में फंसे है उनकी परीक्षा लेने संबंधी प्रबंध वहीं के नजदीकी परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि ऐसे परीक्षार्थियों का विवरण यदि केंद्र समन्वयक, अधीक्षक तथा उपाधीक्षक के संज्ञान में आता है तो वे बोर्ड कार्यालय में संपर्क कर ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा देने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश व बर्फबारी के कारण कई जगह से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाए थे।

ऐसे में ऐसे परीक्षार्थी व अभिभावकों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही थी। लगातार भारी बारिश व लैंडस्लाइड के चलते रास्ते खराब होने की वजह से कई जगह परीक्षार्थी प्रीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंच पाए हैं। ऐसे परीक्षार्थियों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है।

### चुवाड़ी में चिकित्सा शिविर कल

**चंबा।** भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के स्वास्थ्य चेकअप के लिए छह मार्च को सैनिक विश्राम गृह चुवाड़ी में और 12 मार्च को खैरी में चिकित्सा शिविर स्टेशन हेडक्वाटर ईसीएचएस द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कर्नल एस काने, डॉ. वाईडी शर्मा, लाभ सिंह, सुदर्शन कुमार, जोगिंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सेवानिवृत्त कैप्टन अनुमेहा पराशर उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने दी। उन्होंने बताया कि जिन्होंने खून व शुगर की जांच करवानी है वे खाली पेट आएं। उन्होंने समस्त भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों से आग्रह है कि वे सभी उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर में अपना चेकअप करवाकर दवाइयां ले सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सैनिक विश्राम गृह चंबा में पांच व छह मार्च को भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों के लिए कैंटीन की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# भरमौर की सड़कें छोटे व बड़े वाहनों के लिए की बहाल

## बर्फबारी के बीच काम में जुटे लोक निर्माण विभाग के कर्मी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पिछले दो दिन से लगातार हो रही भारी बारिश के बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग ने उपमंडल भरमौर के अंतर्गत आने वाली अधिकतर सड़कों को छोटे व बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है। बर्फबारी के बीच विभाग ने यहां पर लोगों को परेशानी न हो इसके लिए मशीनों व कर्मचारियों को तैनात किया हुआ है। पीडब्ल्यूडी की इस कार्यप्रणाली की लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

मीत शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर व विशाल चौधरी सहायक अभियंता ने कहा कि उन्हें इस तरह सड़कें बहाल करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए कड़ी मेहनत करके सड़कों को बहाल करने की भरसक कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए विभाग के कर्मचारयों व कनिष्ठ अभियंताओं का भी आभार व्यक्त किया है, जिनके कारण ही बर्फबारी व बारिश में काम करके लोगों की मुसीबत को कम करने का प्रयास किया जाता है।

क्षेत्र में हो रही भारी बारिश और बर्फबारी के कारण सबसे ज्यादा नुकसान सड़कों का हुआ है। विभाग दिन-रात कर्मचारियों के सहयोग से मेहनत करके जल्द से जल्द सड़कों को बहाल करने की भरसक कोशिश कर रहा है ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। हालांकि यहां पर अभी तक भी विभाग के पास सड़कों को बहाल करने के लिए सुविधाओं की कमी है, इसके बावजूद विभाग यहां पर अपनी तरफ से हरसंभव कोशिश कर रहा है।



भरमौर उपमंडल की सड़क पर पड़ी बर्फ को हटाते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी।

# भारी लैंडस्लाइड के कारण घरों को खतरा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**बारिश के कारण विधानसभा क्षेत्र भरमौर में हुआ नुकसान**

पिछले तीन दिन से हुई भारी बारिश के कारण दो अलग-अलग जगह दो मंजिला घरों को भारी लैंडस्लाइड के कारण खतरा पैदा हो गया है। रविवार को ग्राम पंचायत छतराडी के गांव चचीयां के निवासी रजिंद्र कुमार का शौचालय व आंगन पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गया है तो वहीं पर घर को भी खतरा बरकरार है।

वहीं दूसरी जगह सैहली पंचायत के गांव लूना में भी एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया है। यह मकान धर्म चंद व करम चंद दो भाइयों का है। यहां पर राजस्व विभाग की ओर से टीम ने मौका करके रिपोर्ट भी उच्च अधिकारियों को भेज दी है। वहीं चचीयां गांव में हुए भूस्खलन को लेकर प्रधान ने मौका किया है। गौरतलब है कि पिछले तीन दिन से हुई भारी बारिश के कारण विधानसभा क्षेत्र भरमौर में आधा दर्जन से अधिक गांवों में भूस्खलन की चपेट में आकर मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। तो वहीं पर अभी तक सैकड़ों बीघा जमीन भी भूस्खलन की चपेट में आकर बर्बाद हो चुकी है। हालांकि राजस्व विभाग द्वारा लगातार प्रभावित क्षेत्र का दौरा करके रिपोर्ट तैयार की जा रही है। भरमौर व चंबा प्रशासन में भी संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने के निर्देश दे दिए हैं।



ग्राम पंचायत सैहली के लूणा में भूस्खलन की चपेट में आया दो मंजिला मकान।

जानकारी के अनुसार इन तीन दिनों में हुई भारी बारिश और बर्फबारी के कारण सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग का हुआ है।

सोमवार को मौसम साफ होने के बाद प्रशासन ने नुकसान का जायजा लेने के आदेश विभागों को दे दिए हैं। विधानसभा क्षेत्र भरमौर में करोड़ों का नुकसान हुआ है जिसकी तुरंत रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जाएगी।

हालांकि यहां पर सबसे ज्यादा नुकसान राष्ट्रीय उच्च मार्ग व पीडब्ल्यूडी विभाग को हुआ है। यहां पर सड़कों को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, लेकिन अभी भी कई जगह लैंडस्लाइड जारी है। हालांकि अभी तक मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम बिगड़ैल ही रहेगा।

# रास्ता बंद होने से परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच पाए बच्चे

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर में हो रही भारी बारिश व जगह-जगह हो रहे लैंडस्लाइड के कारण कई मेधावी बच्चे स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप की परीक्षा नहीं दे पाए हैं। विभाग ने भी कानून का हवाला देकर इन बच्चों की परीक्षा में अनुपस्थिति दर्ज कर दी है। मौसम की बेरुखी के कारण इन बच्चों का स्कॉलरशिप की परीक्षा में टॉपर बनने का सपना अधूरा रह गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दुर्गठी के गांव गुरैठ से अरुण शर्मा, अरुण कुमार और स्मृति शर्मा स्कॉलरशिप की परीक्षा देने के लिए गरोला जा रहे थे, लेकिन लैंडस्लाइड से रास्ता बंद होने के कारण यह बच्चे परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाए। बीईईओ से संपर्क करने पर उन्होंने भी प्रिंसिपल का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। प्रदेशभर में मौसम का अलर्ट जारी होने के बाद भी इस तरह की परीक्षाएं आयोजित करने का खामियाजा आखिरकार परीक्षार्थियों को ही क्यों भुगतना पड़ा है। दूसरी जगह से भी बोर्ड की परीक्षाओं में भी बच्चे बारिश, बर्फबारी, लैंडस्लाइड व रास्ते बंद होने के कारण परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाए हैं जिससे उनका भविष्य भी अंधकारमय हो गया है। बच्चों के अभिभावक सुरेश कुमार ने कहा है कि वह सुबह ही अपने बच्चों को लेकर परीक्षा देने के लिए गरोला जा रहे थे, लेकिन यहां पर हो रही भारी बारिश और लैंडस्लाइड के चलते सड़क को पार करना नामुमकिन था। लिहाजा इसके बाद उच्च अधिकारियों से संपर्क भी किया गया, लेकिन उन्होंने भी उच्च अधिकारियों का हवाला दिया। इन बच्चों के अभिभावकों ने कहा है प्रशासन व सरकार द्वारा बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट घोषित था तो इस एग्जाम की तिथि को बढ़ाया जा सकता था। (अनंत ज्ञान)

# जल शक्ति विभाग मंडल कार्यालय का भटियात में स्थानांतरण दुर्भाग्यपूर्ण

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

**फैसले से डलहौजी क्षेत्र का हर एक व्यक्ति आहत**

जल शक्ति विभाग के मंडल कार्यालय का भटियात में स्थानांतरण के फैसले को लेकर डलहौजी क्षेत्र का हर एक व्यक्ति आहत है। एक-एक करके सरकारी कार्यालयों का यहां से स्थानांतरण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

बताते चलें कि जब उपमंडल कार्यालय अलग बन सकता है, लोक निर्माण विभाग मंडल कार्यालय नया बन सकता है तो फिर भटियात में जल शक्ति विभाग का मंडल कार्यालय नया क्यों नहीं बन सकता। इसको लेकर क्षेत्र के उपाध्यक्ष भाजपा मंडल डलहौजी प्रहलाद कुमार ने स्थानांतरण को लेकर विरोध जताते हुए प्रदेश सरकार की बदले की राजनीति करार दिया है। जिला परिषद सदस्य पवन टंडन ने जल शक्ति विभाग के मंडल कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार डलहौजी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है यह ओछी राजनीति की झलक दिखलाता है। वहीं डलहौजी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज चड्ढा ने भी सरकार पर सौतेले व्यवहार का आरोप जड़ते हुए कहा की सरकारी कार्यालयों का पलायन चिंता का विषय है। हर क्षेत्रवासी लोकसभा चुनावों में इसका जवाब प्रदेश सरकार को जरूर देगा।

छह बार की पूर्व विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने बताया कि सरकार का यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया है और यह एक घोषणा है। उपमंडल कार्यालय स्थानांतरण को लेकर शिमला में मुख्यमंत्री से जरूर बात करेंगी और यह कार्यालय यहां से स्थानांतरण न हो उसके लिए पुरजोर प्रयास किए जाएंगे। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डीएस ठाकुर ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब से प्रदेश सरकार बनी है तब से डलहौजी को केवल आश्वासन ही मिले हैं और जो डलहौजी के पास है उसे दूसरी जगह स्थानांतरण करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार सत्ता के नशे में इतनी खो चुकी है कि उन्हें किसी का हित भी दिखाई नहीं दे रहा।

यही कारण है कि प्रदेश सरकार आम आदमी के दिलों से उतरती जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस फैसले को गलत करार देते हुए कहा कि मजा तो तब होता कि भटियात में जल शक्ति विभाग का नया मंडल कार्यालय खोला जाता ताकि डलहौजी को नुकसान भी नहीं होता और विधानसभा अध्यक्ष भी खुश हो जाते। (अनंत ज्ञान)

### बालू में आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम

**चंबा।** नेहरू युवा केंद्र चंबा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय भवन बालू में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चंबा के रोजगार आधिकारी अरविंद चौहान थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपेंद्र गुप्ता सहायक प्रोफेसर,अंकिता धवन सहायक प्रोफेसर, अनूप कुमार सेवानिवृत्त अध्यापक उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र चंबा द्वारा करवाया जा रहा है जिसमें युवाओं को संसद की कार्यप्रणाली कैसी रहती है उन सब की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को नियमित खेलकूद एवं व्यायाम करने पर भी जोर दिया गया। मुख्य अतिथि अरविंद चौहान ने युवाओं को सदैव राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र हित में कार्य करने की सलाह दी।

**बेखौफ** | **नगर पंचायत चुवाड़ी में उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां**

# नालों के किनारे भवनों का निर्माण

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

नगर पंचायत चुवाड़ी में प्रदेश सरकार की आपदा प्रबंधन योजना आपात स्थिति से जूझ रही है। यहां पर इन नियमों की धज्जियां उड़ा कर बेतरतीब ढंग से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों व नालों के समीप भवन निर्माण की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। यदि शीघ्र ही इन पर कार्रवाई नहीं की गई तो इन नालों व जमीन के टूटे किनारे के कारण कभी भी अनहोनी हो सकती है। इसका खामियाजा लोगों के साथ प्रशासन को भी भुगतना पड़ेगा। गौर हो कि चुवाड़ी क्षेत्र नगर पंचायत के अंतर्गत आता है। जिसके चलते प्रत्येक भवन निर्माण से पहले वहां से एनओसी लेना आवश्यक है, लेकिन रसूखदार लोग किसी की परवाह न करके अनियमितता को बढ़ावा दे रहे हैं। चुवाड़ी मुख्यालय से होकर बहने वाले दो नालों के समीप लोगों ने दर्जनों के हिसाब से भवनों का निर्माण कर रखा है। जिनमें से अधिकतर तो नगर पंचायत में भी पंजीकृत नहीं हैं। नियमानुसार ऐसे क्षेत्र में भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती है। लोगों ने सुरक्षा नियमों को ताक पर रख कर यहां रिहायशी भवनों का निर्माण कर डाला है। इतिहास गवाह है कि जब यह नदी नाले प्राकृतिक घटनाओं से अपने प्रचंड बेग से बहते हैं तो इसके सामने ये मानव निर्मित ढांचे देखते ही देखते तितर बितर हो जाते हैं। ऐसे में यहां पर प्रदेश के आपदा प्रबंधन विभाग को शीघ्र कोई आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं राजस्व विभाग का कहना है कि उनके पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिसमें घरों का जिक्र हो। इस कारण पता लगाना मुश्किल है कि लोगों ने नाले में घर बनाए हैं या निर्धारित जगह पर घरों का निर्माण हुआ है। नगर नियोजन या नगर परिषद ही इस बारे में उचित जवाब दे सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



नगर पंचायत चुवाड़ी में नाले के किनारे किया गया निर्माण।

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों व नालों के समीप बिना अनुमति के भवन निर्माण करना असुरक्षित एवं गैर कानूनी है। इस दिशा में हालांकि समस-समय पर लोगों को चेताने के बावजूद वे भवन निर्माण कर रहे हैं। यदि ऐसे स्थलों पर कभी प्राकृतिक प्रकोप से लोगों को नुकसान पहुंचता है तो वे स्वयं इसके जिम्मेदार होंगे।

**-कुसम धीमान, अध्यक्ष, नगर पंचायत, चुवाड़ी।**

# अब हिमाचल के पशुपालकों की तकदीर बदलेगी 'अविशान' भेड़

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

- **एक साथ 3-4 बच्चों को देती है जन्म, 45 प्रतिशत ऊन और मांस, किसानों को सामान्य शीप की तुलना में तीन गुना अधिक होगी आय**
- **कुल्लू स्थित गड़सा अनुसंधान संस्थान में खोला जाएगा फार्म**

अनंत ज्ञान स्पैशल

आय बढ़ाने के लिए भेड़ पालन बहुत बेहतर व्यवसाय माना जाता है और देश ही नहीं हिमाचल में भी बहुत से लोग इस व्यवसाय से खूब पैसे कमा रहे हैं। इस व्यवसाय में अब हिमाचल प्रदेश में अविशान नस्ल की भेड़ अब पशुपालकों की तकदीर बदलने वाली है। अब हिमाचल में भी अविशान प्रजाति की भेड़ पशुपालकों को मालामाल करेगी। राजस्थान के अविकानगर का केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पंजाब (लुधियाना) के बाद अब हिमाचल में भी अविशान नाम की उत्तम किस्म की शीप का फार्म शुरू करेगा।

प्रदेश के कुल्लू स्तिथ गड़सा अनुसंधान संस्थान में फार्म खोलने के बाद यहां अविशान शीप की ब्रीडिंग शुरू होगी, जिसके चलते प्रदेश के किसानों और पशुपालकों को यह शीप इस संस्थान में उपलब्ध होगी और फिर भेड़ की यह प्रजाति हिमाचल के पशुपालकों के लिए खूब फायदेमंद साबित होगी।


अविशान प्रजाति की भेड़ व उसके मेमनों की फाइल फोटो।

अविशान नाम की यह भेड़ वर्ष 2016 में ही 16 वर्षों के शोध के बाद तैयार की है और उसके बाद अविकानगर से ही किसानों और पशुपालकों को उपलब्ध करवाई जा रही है, लेकिन अब हिमाचल के पशुपालकों और किसानों को यह भेड़ प्रदेश में ही उपलब्ध होगी। भेड़ की इस प्रजाति की खास बात यह है कि एक साल में दो बार इस भेड़ से ब्रीडिंग होती है। ये भेड़ एक साथ करीब 3-4 बच्चों को जन्म देती है। ऐसे में पशुपालकों को एक साल में करीब अधिक से अधिक 8 मेमने इस भेड़ से मिलेंगे सकते हैं, जिसके चलते पशुपालकों किसानों को काफी लाभ होगा। (अनंत ज्ञान)

## अविशान प्रजाति की भेड़ की देश के दस राज्यों में है भारी डिमांड

**अविशान** प्रजाति की भेड़ की एक साथ 4 से 5 मेमने पैदा करने के साथ साथ खासियत यह भी है कि इससे 40 प्रतिशत अधिक ऊन और मांस भी उपलब्ध होता है। साथ ही भेड़ की यह प्रजाति दूसरी भेड़ से 200 ग्राम अधिक दूध देती है। ऐसे में इसको पालने से किसान और पशुपालकों की 2 से तीन गुणा अधिक आय हो होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर राजस्थान में तैयार की गई इस उत्तम गुणवत्ता वाली भेड़ की देश के दस राज्यों में डिमांड चल रही है,जिसमें हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, झारखंड और हिमाचल प्रदेश शामिल है।

केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर ने अविशान नाम की शीप तैयार की है। अविशान भेड़ यानि भेड़ों की शान कहा जाता है। इसको हिमाचल के किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश के कुल्लू गड़सा में फार्म खोला जाएगा, ताकि किसानों के लिए यहीं ब्रीडिंग शुरू की जा सके।

**-डॉ. अरुण तोमर, निदेशक केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, राजस्थान।**

# मनाली में व्यक्ति को दोस्तों के साथ अगवा कर किया ब्लैकमेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**मनाली पुलिस थाना में मामला दर्ज, जांच शुरू**

पर्यटन नगरी मनाली में एक व्यक्ति को अगवा करने के बाद फिर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। मनाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मनाली पुलिस थाना में केहर सिंह पुत्र दासू राम गांव शूरू डाकघर प्रीणी तहसील मनाली जिला कुल्ल ने शिकायत दी है जिसमें केहर ने आरोप लगाया है कि एक मार्च को शाम के समय एक विजय कुमार नामक व्यक्ति ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे जबरदस्ती गाड़ी में बैठकर अगवा कर लिया। इसके बाद उसे 18 मील ब्राण ले गए और यहां उससे मारपीट की व जबरदस्ती स्टांप पेपर पर यह लिखवाया कि वह विजय कुमार की पत्नी को होटल ले गया और उसके साथ जबरदस्ती की तथा इसके लिए उसे 25,00,000 रुपए देने होंगे। उसके बाद केहर सिंह को कुल्लू ले गए और नोटरी वकील के पास इसके हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान स्टांप पेपर पर लिए। अगवा करने वालों ने उसके बाद केहर के मोबाइल फोन के गूगल-पे से 75000 रुपए विजय कुमार की पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद एटीएम कार्ड छीन कर एटीएम से भी पैसे निकाले गए। उधर, डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि केहर की शिकायत पर पुलिस ने मनाली थाना में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### संजीव बने जिला युवा मोर्चा के पालक

**कुल्लू।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने आज भाजपा के जिला के सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के पालकों की नियुक्ति की है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा को जिला युवा मोर्चा के पालक का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही उन्होंने जिला उपाध्यक्ष नारा ठाकुर को जिला महिला मोर्चा का पालक, जिला भाजपा सचिव सुनील कारवा को जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा का पालक, जिला भाजपा सचिव डाबे राम को जिला अनुसूचित जाति मोर्चा का पालक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष मुनशी मल्होत्रा को जिला किसान मोर्चा का पालक, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष कृष्ण ठाकुर को जिला ओबीसी मोर्चा का पालक, जिला भाजपा सचिव अशोक ठाकुर को जिला अल्पसंख्यक मोर्चा का पालक, इसके साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल को अहम ज़िम्मेवारी सौंपते हुए ज़िला के सभी प्रकोष्ठों का पालक नियुक्त किया है।

### जिया में महिलाओं को किया जागरूक

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कुल्लू के तत्वाधान में भुंतर सर्कल के आंगनबाड़ी केंद्र जिया-2 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर व खंड विकास अधिकारी भुंतर गौरव धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। वहीं खंड विकास अधिकारी ने महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी। हब की डीईओ मोनिका ने हब का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कार्य करना है। वहीं, सखी वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर अनीता ठाकुर ने महिला उत्पीड़न के बारे में बताया। इस दौरान वितीय साक्षात्कार विशेषज्ञ गीता देवी, वार्ड पंच चेत राम, आशा वर्कर सुदर्शना शर्मा भी उपस्थित रहे।

### अनमोल बने ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष

**बंजार।** द न्यू इनर सिराज वैली ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन बंजार के चुनाव चेयरमैन कृष्ण देव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। यूनियन के चेयरमैन कृष्ण देव ने बताया कि इस दौरान सर्व सहमति के साथ नवर्तमान अध्यक्ष अनमोल कुमार सांभर को फिर से अध्यक्ष बनाया गया वहीं, उप प्रधान के रूप में मोहन सिंह, कोषाध्यक्ष के रूप में खेम राज, महासचिव अरुण लाल सहसचिव डोला सिंह, अड्डा प्रभारी बुद्धि सिंह, मुख्य सलाहकार कुलदीप मल्ही को चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अनमोल कुमार ने सभी का आभार जताते हुए सभी को साथ लेकर चलने और उनकी समस्याओं का निवारण करने का अश्वासन दिया।

### भाजपा ने किया देव समाज प्रकोष्ठ का गठन

**मनाली।** लोक सभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने देव समाज प्रकोष्ठ का गठन किया है। मनाली के मकरध्वज शर्मा को जिला कुल्लू का अध्यक्ष बनाया है। जिल्ला संयोजक मकरध्वज शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल व देव समाज प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष प्रेम पंडित तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिल्ला कुल्लू देव समाज प्रकोष्ठ में कार्यकारिणी और विभिन्न मंडलों में नियुक्तियां की है। रूम सिंह भंडारी गावं संचानी कुल्लू , प्रीतम सिंह गांव पियाशनी भुंतर कुल्लू , केशव राम गांव गनेही बंजार, चंद्रकांत गांव मणिकरण कुल्लू, दुनी चंद महंत गांव चोंग कुल्लू , हरी सिंह गांव राहुक बर्शेनी कुल्लू, अर्जुन गांव लारंकेलो, सुभाष गांव रामपुर मनाली, तुले राम गांव कराडासू कुल्लू, बालक राम गांव शिलिहर कुल्लू, जिला कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गए हैं। कुल्लू मंडल में संयोजक रोशन लाल गांव कालंग कुल्लू और सह संयोजक राज कुमार महंत कुल्लू, सह संयोजक पूरण चन्द गांव शारानी बेहड़ जरी कुल्लू को नियुक्त किया गया है। बंजार मण्डल में संयोजक केवल ठाकुर गांव बलोन बाहू बंजार, सहसंयोजक चमन ठाकुर गांव नरेश भुंतर कुल्लू को नियुक्त किया गया है। मनाली मंडल में संयोजक पन्ना लाल ठाकुर गांव सजला मनाली तथा सह संयोजक हरी सिंह गोशाल मनाली, सह संयोजक रमन ठाकुर गांव पंनगा मनाली को नियुक्त किया गया है।

### आपातकालीन स्थिति में बचाव बारे किया जागरुक

**कुल्लू।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर बुनकर सहकारी सभा भुट्टिको में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भुट्टिको सभागार में सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने सभा के सभी बुनकरों, कर्मचारियों व अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के महत्व के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा बाढ़, भूकंप, आंधी-तूफान व आग से कैसे हम अपना व अन्य लोगों के जीवन को बचा सकते हैं। इस मौके पर सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, मोहर सिंह, निदेशक निर्मला देवी, इन्द्रा देवी, कलावती, टिकम राम, आत्मा राम मुख्य महाप्रबंधक विजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक रूप सिंह व अन्य कर्मचारी व बुनकर उपस्थित रहे।

# लाहौल-स्पीति की सभी व कुल्लू की 32 सड़कें बंद

## जनजीवन अस्त व्यस्त, अटल टनल रोहतांग में वाहनों की आवाजाही भी बंद, मनाली- केलांग मार्ग की बहाली में जुटा बीआरओ

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में सोमवार को चार दिनों के बाद खिली धूप से जहां चारों ओर बिखरी बर्फ की चांदी चमक उठी। वहीं, दूसरी ओर दोनों जिलों में अभी भी जन जीवन अभी भी अस्त व्यस्त है। लाहौल-स्पीति के जहां सभी संपर्क मार्ग बंद पड़े हैं और कई गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं वहीं, कुल्लू जिला में भी अभी तक 32 सड़कें अभी भी बंद हैं, वहीं 16 डीटीआर भी बंद पड़े हैं। इस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उधर, सोमवार को मौसम साफ होते ही बीआरओ और लोक निर्माण विभाग ने मानली-केलांग एनएच 03 को बहाल करने का कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया है। मनाली की तरफ से मार्ग को बहाल करते हुए बीआरओ सोलंगनाला से आगे पहुंच गया है, जबकि उधर लाहौल स्पीति की तरफ से भी मार्ग को बहाल करने का कार्य जोरों पर शुरू किया गया है। उधर, उपायुक्त कुल्लू तोरल एस रवीश ने बताया कि मनाली-केलांग मार्ग में अटल टनल की तरफ पर्यटकों को नेहरू कुंड तक ही जाने दिया जा रहा है। यहां से आगे लाहौल जाने वाले लोगों को ही फोर बाई फोर वाहनों के माध्यम से भेजा जा रहा है। मनाली लाहुल घाटी सहित पर्यटन नगरी मनाली में लगातार हो रहे बर्फबारी से वादियां निखर उठी हैं। गर्मियों में सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले रोहतांग दर्रे में अब तक 12 फीट से अधिक बर्फ जमा हो गई है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक जाम से निपटने को पर्यटन स्थलों में अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात किए हैं। सोमवार को फोर बाय फोर वाहन ही सोलंगनाला भेजे जबकि अन्य वाहन नेहरुकुंड तक गए।



मनाली-केलांग सड़क मार्ग की बहाली में जुटी बीआरओ की मशीनरी।

### फिर से अपना रास्ता बनाने लगी चिनाब नदी

**केलांग।** हिमस्खलन के कारण लाहुल स्पीति में जहां गत रविवार को चिनाब नदी (चंद्रभागा) नदी का बहाब जहां रुक गया था और ऐसे में खतरा पैदा हो गया था। वहीं, अब इस घटना के करीब 30 घंटे बाद अब चिनाब नदी धीरे-धीरे अपना रास्ता बनाने लगी है। गौर रहे कि जगह जगह हुए भारी हिमस्खलन से नदी का बहाव रुक गया है। तांदी से लेकर तिन्दी तक जगह-जगह नालों में हिमस्खलन हुआ है। थिरोट के पास डिमरु नाले में सबसे अधिक हिमस्खलन हुआ है जिससे नदी में झील बन गई है। हालांकि लाहुल में खतरा नहीं है लेकिन किश्तवाड़ वालों की चिंता बढ़ी है। किश्तवाड़ प्रशासन लाहुल प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में है और नदी का बहाव रुकने की जानकारी ले रहा है। लोगों से सतर्क रहने व हिमस्खलन वाली जगह नहीं जाने की अपील की गई है।

# पिता ने चार फीट बर्फ में बेटी को पहुंचाया स्कूल


ऋषिका अपने पिता के साथ भारी बर्फ के बीच से स्कूल जाती हुई।

**केलांग।** इन दिनों जनजातीय जिला लाहुल स्पीति में चारों ओर बर्फ की सफेद चादर बिछी हुई है। ऐसे में स्थानीय लोगों को अपनी दिनचर्या के साथ अन्य कार्य करने में भी काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं, वहीं, स्कूल में बोर्ड की ओर से परीक्षाएं ली जा रही हैं ऐसे में परीक्षाएं दे रहे विद्यार्थियों को बर्फ के बीच सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं, लेकिन फिर भी इन बच्चों के हौसले कम नहीं हैं। इसका ताजा उदाहरण सोमवार को 12वीं में पढ़ने वाली खंगसर की ऋषिका की मंजिल में चार फीट बर्फ की मोटी परत और चार किमी सफर भी बाधा नहीं बन पाई। एक ओर पेपर की चिंता तो दूसरी ओर बर्फ की मोटी परत। बेटी को चिंता में पड़े देख पिता रमेश ने उन्हें समय पर घर से निकलने को कहा। आगे आगे पिता व पीछे पीछे बेटी ने एक दूसरे के सहारे बर्फ से ढके चार किमी सफर को पार कर लिया।

# कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव की तीसरी संध्या में 'भगवद्ज़ुक्कम' नाटक का मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**दर्शकों को कभी गुदगुदाया तो कभी ठहाके लगाने पर किया मजबूर**

कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव की तीसरी संध्या नाट्यांश सोसायटी उदयपुर राजस्थान के कलाकारों ने बोधायन कृत नाटक 'भगवद्ज़ुक्कम' का रेखा सिसोदिया के निर्देशन में मंचन कर दर्शकों को कभी गुदगुदाया तो कभी ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। गौर रहे कि कुल्लू की स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में कलाकेंद्र कुल्लू में नौ दिवसीय 'कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में महोत्सव की तीसरी संध्या के नाटक में एक सन्यासी योगी अपने शिष्य को आत्मा और शरीर पृथक है, की शिक्षा देता है। शिष्य पूर्ण रूप से अभी सन्यास धारण करने योग्य नहीं होता। इसी बीच एक गणिका बाग में उसे दिखती है और चेला उसे देख कर मोहित होता है। उस समय यमदूत रूपी सर्प उस गणिका को ढस लेता है और यमदूत उसकी आत्मा को लेकर चला जाता है। चेला गुरू को मदद के लिए कहता है। जब गुरू कहता है कि इसके कर्म पूरे हो गए हैं तो चेला गुरू को कहता है कि आप तो इसकी मदद ही नहीं करना चाहते और भी गुरू को अनाप-शनाप कहता है। इस पर गुरू उसे योग शक्ति दिखाने के लिए अपना शरीर छोड़ गणिका के शरीर में प्रवेश करता है। इसी बीच यमदूत गणिका की आत्मा को भी वापस ले आता है क्योंकि वह उसे गलती से ले गया था। अब जब वह वापस आता है देखता है कि गणिका के शरीर में तो सन्यासी की आत्मा घुसी है। अब यमदूत भी शरारत करता है वह गणिका की आत्मा को सन्यासी के शरीर में घुसा देता है। अब हास्य उत्पन्न होता है। गणिका का शरीर सन्यासी जैसा व्यवहार करने लगता है तो सन्यासी का शरीर गणिका जैसा, अन्ततः यमदूत सन्यासी से आग्रह करता है कि अपना शरीर वापस ले ले। फिर सब ठीक हो जाता है।

इस नाटक में अमित, अगस्त्य, उर्वशी, रिया, कृष्णा, भुवन, मुकुल, तंजीम, अशरद, हर्ष, हर्षिता, यश, कुशाग्र, राजन और दिव्यांश आदि कलाकारों ने अपनी अपनी भूमिकाओं को बेहतर अंजाम दिया, जबकि प्रकाश संयोजन रिजवान मंसूरी का रहा और बैक स्टेज पूनम तथा शहजोर अली ने कार्य सम्पन्न किया। इस संध्या में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. दयानन्द गौतम हाजिर रहे।


कुल्लू के कलाकेंद्र में राजस्थान के कलाकार नाटक का मंचन करते हुए।

# 'हम हैं पहाड़ी' गाने को डीसी कुल्लू ने किया लॉन्च


गाने को लॉन्च करती डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश एवं दिलीप चौहान व अन्य।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

हिमाचली नाटी 'हम हैं पहाड़ी' गाने को कुल्लू के एक रेस्टोरेंट में सोमवार को विधिवत लॉन्च किया गया। 'हम हैं पहाड़ी' गाने में पहली बार बॉलीवुड के दिग्गज लेजेंड्री पार्शवगायक कुमार शानू ने हिमाचली के मशहूर गायक दिलीप चौहान सिरमौरी के साथ जुगलबंदी करते हुए अपनी आवाज से सजाया है। साथ ही हिमाचली नाटी में अपनी आवाज देकर एक रिकॉर्ड भी बनाया है। उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने 'हम हैं पहाड़ी' गाने की लॉन्चिंग की। नन्दी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बने इस गाने का फिल्मांकन हिमाचल के खूबसूरत पहाड़ी इलाकों में किया गया है। इसके अलावा कुल्लू, शिमला और मुंबई की खूबसूरत जगहों पर भी शूटिंग की गई है। इस गाने में संगीत रोहित मोदका ने दिया है, साथ ही इस गाने की वीडियो को एडिट एवं निर्देशित पिंकेश ने किया है।

इस गाने को हरी कृष्ण वर्मा ने कंपोज किया है, जबकि इस गाने की वीडियो में अभिनय इंद्र ठाकुर, दिलीप चौहान, प्रेरणा नेगी, माही पहाड़न, चेतन गर्ग और ममता ठाकुर ने किया है।

# डॉक्टरों की हड़ताल 14वें दिन भी जारी, मरीजों को नहीं मिल पाई राहत


हड़ताल के बीच ओपीडी के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते मरीज व उनके परिजन।

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में जिला चिकित्सक संघ कुल्लू की इकाई की हड़ताल 14वें दिन भी जारी रही। प्रदेश सरकार में कुछ दिनों से चल रही राजनैतिक उथलपुथल से जहां इस वक्त प्रदेश सरकार में एक अस्थिरता बनी हुई है वहीं प्रदेश चिकित्सा संघ की मांगों को लेकर चल रही हड़ताल को भी फिलहाल कोई सकारात्मक संकेत मिलते नजर नहीं आ रहे हैं।

इस कलम छोड़ हड़ताल से जिले के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सा करवाने जा रहे मरीजों को भी अब हड़ताल के चलते कोई राहत नहीं मिल पाई है। लोग सुबह से ही अपनी बारी के इंतजार में पर्ची के लिए ओर फिर ओपीडी के बाहर कतार में लग रहे हैं। करीब अढ़ाई घंटे के बाद जब हड़ताल से चिकित्सक ओपीडी में लौटते हैं तो उन्हें यहां पर अपनी बारी के लिए काफी इंतज़ार करना पड़ रहा है, जिस कारण मरीजों की शारीरिक तकलीफों में अढ़ाई घंटे देरी से शुरू होने वाला इलाज परेशानी दे रहा है। बहरहाल अब 7 मार्च का सभी को इंतजार है जिसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि हड़ताल आगे भी जारी रहेगी या फिर प्रदेश सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक संकेत मिलता है या नहीं। हालांकि, इतने दिन गुजरने के बाद भी जहां चिकित्सकों की मांगों पर गौर न किए जाने से चिकित्सकों में घोर निराशा छाई हुई है वहीं मरीजों में भारी रोष व्याप्त है।

**मीटिंग** उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने की राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक

# राजस्व लोक अदालत से पहले अधिकतर मामलों का करें निपटान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि अधिकारी 2 साल से पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित करें। सोमवार को उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों के साथ राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तकसीम विशेषकर खानगी तकसीम, भूमि की निशानदेही व इंतकाल के मामलों को समय पर निपटारा करें, ताकि लोगों को राजस्व संबंधी मामलों मे तहसील के चक्कर न काटने पड़े।

उपायुक्त ने राजस्व रिकॉर्ड संबंधी प्रविष्टियां को दुरुस्त करने के लिए भी तीव्रता से मामलों को निपटाना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निशानदेही के मामलों को सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार तीन महीने के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि हालांकि पार्टीशन के जिन मामलों में अधिक पक्षकार हैं, उन मामलों को आदेश के स्तर तक पहुंचने में तीव्रता से कार्य करें, ताकि इन मामलों में अधिक समय तक लंबित न रहे। उपायुक्त ने फौजदारी मुकदमों, ऑन रिकवरी के मामले में भी समयबद्ध निपटान सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। राजस्व लोक अदालत से पहले ही अधिकतर मामलों का निपटान सुनिश्चित करें ताकि राजस्व अदालत में कम से कम मामले पहुंच सके। राहत संबंधी मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए की विशेष राहत पैकेज के अंतर्गत जिन लोगों की खाता सख्याओं को दुरुस्त करने की आवश्यकता है इस कार्य को शीघ्र अति शीघ्र करके राहत राशि जल्द से जल्द जारी करें तथा भूमि की क्षति के मामले में भी त्वरित रूप से कार्य करें। उन्होंने भूस्खलन से हुई क्षति के मामलों में अतिरिक्त सेल्फ से डंगे लगाने के लिए भी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कृषि जनगणना, राजस्व रिकॉर्ड के कंप्यूटरीकरण के अंतर्गत जमाबंदियों को ऑनलाइन अपलोड करना पुराने तथा नए इंतकालों को ऑनलाइन करने के कार्यों को तेजी से अमली जामा पहनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी तहसील अथवा सब तहसील के स्तर पर पटवार खाना तथा कानूनगो भवन के निर्माण अथवा मुरम्मत के लिए धन की आवश्यकता है तो शीघ्र ही रिवाइज्ड ऐस्टीमेट बनाकर भेजें, ताकि इसी वित्त वर्ष के अंदर इसके लिए धन का प्रावधान किया जा सके तथा जिन भवनों के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र इस कार्यलय को शीघ्र भेजे।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, एसडीएम विकास शुक्ला, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. गणेश, व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती डीसी तोरुल एस रवीश।

# लुहणू में आज उतरेंगे क्रिकेट और बॉलीवुड सितारे

## खेल महाकुंभ का केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ से करवाएंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मंगलवार को बिलासपुर के ऐतिहासिक लुहणू मैदान में पहली बार क्रिकेट सितारे, फेमस सिंगर व बॉलीवुड अभिनेता एक साथ एक मंच पर एकत्रित होने जा रहे हैं। इस अवसर पर सांसद खेलों महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ होगा।

इस आयोजन में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। जानकारी के अनुसार इस आयोजन में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेता अपार शक्ति खुराना, पंजाबी गायक लखविंदर सिंह वडाली, नाटी किंग कुलदीप शर्मा, हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइंस और अपार शक्ति खुराना धूम मचाएंगे। हमीरपुर सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ सुबह 10 बजे लुहणू क्रिकेट मैदान में होगा। इसकी तैयारियां की जा रही हैं, मैदान में बड़ा स्टेज तैयार किया जा रहा है। खेल महाकुंभ का शुभारंभ करने के साथ रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन भी करेंगे। हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइंस कार्यक्रम में एक घंटे अपनी प्रस्तुति देगा, जबकि रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ के सामने भी उनकी 15 मिनट प्रस्तुति होगी। खेल महाकुंभ 3.0 में भाग लेने के लिए पंजीकरण पांच मार्च से ही शुरू हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस बार खेल महाकुंभ में वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबाल और एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। खेल महाकुंभ के पिछले दो संस्करणों में एक लाख से अधिक युवाओं ने भागीदारी की थी। आपको बता दें कि रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ से रू-ब-रू होने का मौका मिलना इस जिले के खेल प्रेमियों के लिए किसी बड़े सपने के साकार होने जैसा है।



लुहणू में सजा मंच।

### ये रहेंगे मौजूद

अपार शक्ति खुराना, पंजाबी गायक लखविंदर सिंह वडाली, नाटी किंग कुलदीप शर्मा, हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइंस और अपार शक्ति खुराना धूम मचाएंगे।

### हिमाचल पुलिस बैंड हार्मनी ऑफ द पाइंस कार्यक्रम में एक घंटे देगा प्रस्तुति

### खेलों से जोड़ने के लिए निभाएगा अहम भूमिका

उनका आगमन बिलासपुर के युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएगा। युवाओं को नशे से दूर रखने में सांसद खेल महाकुंभ अहम भूमिका निभा रहा है। खेल महाकुंभ के पहले दो संस्करणों में पंचायत व गांव स्तर की 3,700 से अधिक टीमों के माध्यम से 87,400 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर चुके हैं। इनमें प्रतिभागियों को लगभग 70 लाख रुपए की इनामी राशि दी गई। अनुराग ठाकुर के साथ ही रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ की मौजूदगी खेल महाकुंभ के प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ ही अन्य युवाओं के लिए निश्चित तौर पर प्रेरणादायी साबित होगी।

# घुमारवीं का ग्रीष्मोत्सव मेला राज्य अजमेर उत्सव होगा जिला स्तरीय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में सीर खड्ड के किनारे मनाया जाने वाला पांच दिवसीय ग्रीष्मोत्सव मेला राज्य स्तरीय होगा। मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त मेले को एक बार फिर स्तरोन्नत कर राज्य स्तरीय दर्जा प्रदान करने की मंजूरी दे दी है, जिससे घुमारवीं में खुशी की लहर दौड़ रही है। वहीं, भराड़ी में मनाए जाने वाले अजमेर उत्सव को भी जिला स्तरीय दर्जा प्रदान करने की मंजूरी दे दी है।

राजेश धर्माणी के प्रयासों से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा इस जिला स्तरीय ग्रीष्मोत्सव को राज्य स्तरीय दर्जा देने पर मुहर लगाई गई है। वर्ष 2016 में तत्कालीन विधायक और वर्तमान कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से इस मेले को जिला स्तरीय दर्जा प्राप्त हुआ था। इसके बाद इस मेले का दायरा और अधिक बढ़ता गया और अब आठ वर्षों के बाद एक बार फिर से कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से ही इस जिला स्तरीय मेले को राज्य स्तरीय घोषित होने के बाद एक अलग पहचान मिलेगी। वर्ष 1986 में बिलासपुर के नलवाड़ी मेले की तर्ज पर घुमारवीं उपमंडल में इस ग्रीष्मोत्सव की शुरुआत की गई थी।

### 1986 में नलवाड़ी मेले की तर्ज पर घुमारवीं में ग्रीष्मोत्सव की शुरुआत की थी

मेले की तर्ज पर इस मेले में बैलों की खरीद बड़े स्तर पर होने लगी। इसके साथ ही मेले में संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन शुरू किया गया। जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह मेला अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ और धीरे-धीरे इस मेले में बाहर से व्यापारी आकर व्यापार करने लगे। इसके साथ ही इस मेले में कुश्तियों की भी शुरुआत हुई। शुरुआती सालों में करीब 16 वर्षों तक यह ग्रीष्मोत्सव चार दिनों तक मनाया जाता था, लेकिन वर्ष 2002 में इसे पांच दिवसीय कर दिया गया।

# 157 बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

**दधोल।** घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाली पंचायत मोरसिघीं के स्वास्थ्य केंद्र कसोहल में गहन पल्स पोलिया प्रतिरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दो बूथों में पोलियों की दवाई पिलाई गई।

स्वास्थ्य कल्याण केंद्र का एक बूथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कसोहल तथा दूसरा बूथ आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी मोरसिंधी में यह आयोजन किया गया, जिसमें मोरसिंघी में 90 और कसोहल में 67 बच्चों को दवाई पिलाई गई। कसोहल में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सोनिया शर्मा और आशा वीना देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीता देवी और कुमारी सोनू ने अपनी सेवाएं दी। मोरसिंघी बूथ में आशा वर्कर्स प्रमिला कुमारी, कमलेश कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी और कांता देवी ने अपनी सेवाएं दी।

# जेपी नड्डा के छोटे बेटे बने पिता, बिलासपुर में बांटी मिठाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के छोटे बेटे हरीश नड्डा की पत्नी रिद्धि ने पुत्र को जन्म दिया।

इसकी खुशी में नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी मनाई। इस खुशी के मौके पर वाल्मीकि समुदाय में वार्ड नंबर. एक निहाल की पार्षद नरेश देवी की उपस्थिति में हर्ष बोहरा सहित कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटे और ढोल बजाया।

# व्यापार मंडल के चुनाव और अधिवेशन की तिथि जल्द होगी घोषित

**बिलासपुर।** अलग-अलग चलने के बजाए एक बैनर तले एकजुट होने की राह पर आगे बढ़ रहे बिलासपुर के व्यापारियों के संगठन व्यापार मंडल के चुनाव और अधिवेशन की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। फिलहाल वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है। 17 से 23 मार्च तक राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला संपन्न होने के बाद चुनाव व अधिवेशन का शेड्यूल तय किया जाएगा। यह निर्णय व्यापार मंडल बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष चमन गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया।

बैठक में कहा गया कि व्यापार मंडल बिलासपुर और संयुक्त व्यापार मंडल एकजुट हैं। व्यापार मंडल बिलासपुर के बैनर तले दोनों संगठनों की एक ही कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसके लिए वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है। मेले से व्यापार मंडल के चुनाव और अधिवेशन के आयोजन में कुछ देरी हुई है। मेला संपन्न होते ही इसका शेड्यूल फाइनल कर दिया जाएगा। कोई भी व्यापारी संगठन का मुखिया बन सकता है। लिहाजा अध्यक्ष पद के दावेदार इसके लिए तैयारी शुरू कर दें। बैठक में महिपाल सांख्यान, प्रकाश गुप्ता, तरुण टाड्डू, रामलाल, नगीन चंद, नवीन वर्मा, अर्पण संत, नरेंद्र खन्ना, रशिम महाजन व विजय सोनी आदि ने भाग लिया।

# प्रदर्शित चित्रों के आधार पर स्टूडेंट्स ने थीम्स व मोटिव्स पर रचनाएं लिखीं



बिलासपुर कॉलेज में लघु कथा लेखन प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर कॉलेज में सोमवार को लघु कथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. नम्रता पठानिया ने शुभारंभ करते हुए लघु कहानी लेखन की विभिन्न विधाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस साहित्यिक की विभिन्न शैलियों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा ने संबोधन में स्टूडेंट्स को इस तरह की सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह एक स्वर्णिम अवसर है, जब विद्यार्थी अपने अंदर के लेखक व कथाकार को पहचान सकते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीएस कटवाल ने लिटरेरी क्लब को इस तरह की सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। नई शिक्षा नीति 2020 में भी सृजनात्मक शिक्षा पर बल दिया गया है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 50 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शित चित्रों के आधार पर स्टूडेंट्स ने विभिन्न थीम्स और मोटिव्स पर अपनी रचनाएं लिखीं। निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग से प्रो. अनुप्रिया संस्कृत विभाग से प्रोफेसर अजीत तथा हिंदी विभाग से प्रोफेसर हेमा ठाकुर ने सर्वश्रेष्ठ कहानियों का चुनाव किया।

# जसवानी में गिरी आसमानी बिजली मकान को नुकसान

**दधोल।** दधोल पंचायत के गांव जसवानी में आसमानी बिजली गिरने से काफी नुकसान हुआ है। आसमानी बिजली गिरने से जसवानी गांव के सुनील कुमार के मकान को काफी नुकसान हुआ है। बारिश के मौसम में सुनील कुमार के मकान के पास एक चीड़ के पेड़ पर आसमानी बिजली गिरी।

यह इतनी शक्तिशाली थी कि इसने चीड़ के पेड़ को दो हिस्सों में कर दिया। इसके साथ ही सुनील कुमार के मकान तक इसकी लपट पहुंच गई, जिसके कारण सुनील कुमार के घर की बायरिंग टीवी, फ्रिज और बिजली के सभी उपकरण खराब हो गए। इसके साथ ही धमाका इतना जोरदार था कि सारा परिवार सहम गया। सुनील कुमार के मकान में भी दरारें आ गई है। उन्होंने मांग की है कि उसे आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत भवन को ध्वस्त करने को निविदाएं आमंत्रित

**ऊना।** सचिव जिला परिषद नीलम कटोच ने बताया कि प्रेम नगर, नया बस अड्डा के समीप जिला परिषद ऊना के अधीन पुराने जिला पंचायत भवन को ध्वस्त करने व मलवा हटाने हेतू निविदाएं 11 मार्च तक आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत फर्मे/ठेकेदार अपनी निविदाएं 11 मार्च तक प्रातः 10 बजे तक भेज सकते हैं। ये निविदाएं 11 मार्च को ही दोपहर 2 बजे खोली जाएंगी। बोलीदाताओं को 50 हज़ार रुपए धरोहर राशि के रूप में जमा करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि फर्मे/ठेकेदार निष्प्रयोज्य जिला पंचायत भवन का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक कर सकते हैं।

### सुरक्षा नियमों का पालन करने की ली शपथ

**ऊना।** नेस्ले इंडिया लिमिटेड टाहलीवाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 11 मार्च तक चलेगा जिसमें अलग-अलग सुरक्षा नियमों बारे प्रत्येक कर्मचारी को बताया जाएगा यह जानकारी प्रबंधक अमित दुग्गल ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षक नियमों, आग से सुरक्षा के उपाए और कैसे हम सुरक्षा और स्वास्थ्य को अपने कार्य संस्कृति व जीवन शैली में उतार सकते हैं, के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा ध्वज को भी फहराया गया तथा उद्योग के समस्त कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालने करने की शपथ दिलाई गई।

### चिंतपूणी में अवैध शराब बरामद

**ऊना।** चिंतपूर्णी बाईपास से सटे धलबाड़ी नामक स्थान से पुलिस को अवैध शराब की बोतलें बरामद हुई हैं। पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार रविवार को जिस समय चिंतपूर्णी थाने की एक टीम रुटीन गश्त पर थी और ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा ले रही थी तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ वहां से निकलने वाला है। पुलिस ने एक संदिग्ध को रोककर जब उसकी तालाशी ली तो उसके पास वीआरवी संतरा देसी शराब की 8 बोतलें पाई गईं। पुलिस ने कांगड़ा की देहरा तहसील निवासी शमशेर सिंह पुत्र तरसेम सिह के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सोहारी से दूसरे दिन की त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा शुरू

**अनंत ज्ञान, जोल**

महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्मकुमारीज मैहतपुर द्वारा त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा का सात दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन सोहरी टकोली ब्रह्मकुमारीज प्रभु उपवन भवन सें रथ यात्रा का शुभारंभ किया। रथ यात्रा का शुभारंभ समाजसेवी पवन ठाकुर, बलबीर सिंह, प्रधान (चौली) व विकास शर्मा, उपप्रधान ( चौली) ने ब्रह्मकुमारीज की ध्वजिका दिखाकर रवाना किया।

इस संदेश रथ पर ज्योतिलिंग, सोमनाथ, रामेश्वरम, त्रयंबकेश्वर, वैद्यनाथ, केदारनाथ व नागेश्वर महादेव तीर्थ स्थलों के खुबसूरत माडॅलों को दर्शाया गया है। इस रथयात्रा की अगुवाई ब्रह्मकुमारीज की जिला प्रमुख आशा दीदी, बबिता बहन, ब्रह्मकुमार अवदेश भाई, हरजीत बहन व रितू बहन सहित स्थानीय बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारीज अनुयायियों व जनता ने इस यात्रा में भाग लिया। रथ यात्रा सोहारी टकोली से चौली, पलोह, सूरी, जबेहड़, बैरियां, बडोली, रामनगर, बड्हा, टकोली, नन्दगा भलौण, जोल व चौकीमन्यार के बीच लगभग 13 गावों से होती हुई ब्रह्मकुमारीज आश्रम पर समाप्त हुई। बड़ी संख्या में शिव बाबा का गुणगान करते लोगों ने रथ यात्रा का स्वागत किया।



त्रमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा सोहारी से रवाना करते प्रमुख लोग।

रथ यात्रा के माध्यम सें शिवरात्रि के आध्यात्मिक संदेश व शिव शक्ति के रहस्यों कों बड़े सहज ढ़ग सें ब्रह्मकुमारी बहन बबिता व ब्रह्मकुमार अवदेश भाई ने विभिन्न स्थानों पर इकत्रित जन-मानस को दिया। उन्होंने बताया कि शिव का सम्बंध रात्रि से है भारतीय दर्शन में रात्रि शब्द अज्ञानता र विनाशकाल का सूचक हैं। रात्रि को मनाई जाने वाली शिवरात्रि महाविनाश से थोड़े समय पूर्व परमात्मा के लिए दिव्य अवतरण की है यादगार है। ऐसे समय में जब ईश्वरीय ज्ञान प्रायन्लोप हो चुका है। तब ज्योतिबिन्दु स्वरूप परमात्मा शिव अधर्म का विनाश करके सत्य धर्म की स्थापना करने के लिए अवतरित होते हैं। इसलिए इस पावन वेला पर अपने तथा विश्व कल्याण के लिए मन वचन व कर्म से सेवा करें।

# बीडीसी सदस्य ने लठियाणी व तनोह की समस्याओं को लेकर अध्यक्ष को लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के लाठियानी तनोह वार्ड के बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने मांगों को लेकर ब्लॉक समिती अध्यक्ष को पत्र लिखा है, जिसमें सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने लिखा है कि लोक निर्माण विभाग से संबंधित पंचायत लठियाणी के गांव हेरू, तनोह पंचायत के गांव डडयार और सासण में सड़क के किनारे कोई भी रेन शैल्टर नहीं है, जिसके चलते गर्मी में धूप से और बरसात के मौसम में बारिश से आवागमन करने वाले लोगों का बचाव नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त पंचायत तनोह में मुख्य मार्ग पर रेन शैल्टर के समीप सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग पर भी अभी तक विभाग द्वारा कोई भी कारवाई अमल में नहीं लाई गई है। गोविंद सागर झील को जाने वाली सड़क की हालत खस्ता है। उसकी दशा में भी सुधार की आवश्यकता है।

आर्य ने कहा कि खंड बंगाणा के तहत फैरी क्रॉसिंग के रूट बीहड़ू से लठियाणी पर स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन बस सुविधा न होने के चलते स्थानीय जनता और पर्यटकों को मुश्किलों से परेशान होना पड़ता है। अगर इस फैरी रूट पर बस सुविधा मुहैया हो जाता है तो आस-पास के गांवों जिसमें राजली बन्याला, राजली जडोल, अलियाणा समेत लठियाणी स्कूल में पढ़ने आ रहे छात्रों और शिक्षकों को सुविधा हो जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग के इस फैरी क्रॉसिंग के रूट बीहड़ू से लठियाणी पर बस चलाने की मांग की है आर्य ने कहा है कि खंड बंगाणा के तहत फैरी के रूटों पर सूचना पट्ट लगाए जाए, जिसमें नावों के आने और जाने की समयसारिणी और रूटों का किराया अंकित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि एक एक ग्राम रोजगार सेवक के पास चार-चार पंचायतों का दायित्व है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने ग्राम रोजगार सेवकों की संख्या में भी बढ़ौत्तरी करने की मांग उठाई है।

### एसडीएम ने दिलाई पद एवं गोपनीयता का शपथ

**ऊना।** विश्व मोहन देव चौहान ने सोमवार को पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव में पंचायत समिति ऊना के वार्ड नंबर-1 पनोह के लिए नव निर्वाचित राजकुमार को पंचायत समिति सदस्य पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# बंगाणा कॉलेज के छात्रों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक




सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर में उपस्थिति।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान आयोजित हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डा. रमेश ठाकुर ने की, जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डा. रमेश ने छात्रों को दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति में वाहन चलाने, आगे वाले वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, इसके अलावा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से दूर रहने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने और लाल सिग्नल न तोड़ने की भी अपील की गई।

इसके साथ महाविद्यालय व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर रोड सेफ्टी के कैंपस लीडर साक्षी शर्मा, प्रियंका ठाकुर, अनीता राणा, निखिल बासु, राहुल राणा, एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी,सपना एनएसएस हैड बॉय तीक्ष्ण आर्य और हेड गर्ल सबिता आदि मौजूद रहे।

**राजनीति** | अनुराग ठाकुर का हमीरपुर संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतरना लगभग तय

# 'टीम अनुराग' सक्रिय, मतदाताओं को साधने में जुटी

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा के आम चुनावों को लेकर भले ही सरगर्मियां अभी तक शुरु नहीं हुई हों, लेकिन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 'टीम अनुराग' भाजपा की ओर से युवा मतदाताओं को साधने के लिए प्रयास शुरु हो गए हैं। इस दफा युवाओं के साथ आम मतदाताओं को भी आकर्षित करने के लिए 'टीम अनुराग' और भाजपा ने कमर कस ली है। भाजपा की ओर से इस संसदीय क्षेत्र में अभी तक उम्मीदवारी को लेकर कोई स्थिति साफ नहीं है, मसलन उम्मीदवारी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन जिस तरह से रेल विस्तार और सांसद खेल महाकुंभ को लेकर प्रचार दिखा है उसमें 'टीम अनुराग' इस दफा भी उनके इस क्षेत्र की उम्मीदवारी को लेकर अश्वस्त हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की तस्वीर और बयान स्पष्ट कर रहे हैं कि कहीं न कहीं उनका हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरना लगभग तय है।

ऐसी परिस्थितियों में भाजपा और 'टीम अनुराग' की ओर से यूथ विंग के वोट को साधने के लिए खेल महाकुंभ को भी एक अस्त्र बनाया जा रहा है। इस दफा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ भी ठीक संसदीय चुनाव की घोषणा से पहले ऐन मौके पर किया जा रहा है। क्रिकेट जगत से जुड़ी हस्तियां जिनमें भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ और भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में न्योता दिया गया है। भाजपा और एचपीसीए के पदाधिकारी खासकर केंद्रीय युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जो स्वयं भी इस संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार होते रहे हैं उनके माध्यम से यूथ आईकॉन रोहित शर्मा को बुलाना कहीं न कहीं भाजपा के उम्मीदवार को फायदा भी पहुंचा सकता है। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र एकमात्र ऐसा संसदीय क्षेत्र है जहां लगातार दो दशकों से भाजपा के अनुराग सिंह ठाकुर नेतृत्व कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर से पहले इस क्षेत्र का नेतृत्व पूर्व सांसद सुरेश चंदेल और समय स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल जो अनुराग ठाकुर के पिता हैं भी नेतृत्व कर चुके हैं। इस संसदीय क्षेत्र में युवा मतदान मतदाताओं को अपनी और आकर्षित करने के लिए बतौर यंग लीडर अनुराग ठाकुर ने इससे पहले भी क्रिकेट आयोजन अथवा सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ करके पूरे संसदीय क्षेत्र के युवाओं को एक सूत्र में पिरो दिया था। 'टीम अनुराग' के नेताओं और अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा संसद खेल महाकुंभ के तहत विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।




ऊना में युवाओं के साथ बाइक रैली निकालते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

उधर हिमाचल प्रदेश भाजपा सचिव और अनुराग सिंह ठाकुर के करीबी सुमित शर्मा का कहना है की सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन पिछले कई सालों से किया जा रहा है। इस कड़ी में खेल महाकुंभ फिर से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट स्टार बुलाए जाने के लिए युवाओं की डिमांड को देखते हुए और हिमाचल में क्रिकेट के विस्तार की योजना को लेकर एचपीसीए का कोई अपना निर्णय हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

नास्ति बुद्धिरयुक्तस्य न चायुक्तस्य भावना।
न चाभावयतः शांतिरशांतस्य कुतः सुखम्।।

भावार्थ : योगरहित पुरुष में निश्चय करने की बुद्धि नहीं होती और उसके मन में भावना भी नहीं होती। ऐसे भावनारहित पुरुष को शांति नहीं मिलती और जिसे शांति नहीं, उसे सुख कहां से मिलेगा।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | मंगलवार, 5 मार्च 2024

# विजया एकादशी का व्रत दिलाता है विजय


**विजया एकादशी का व्रत भगवान श्रीराम ने भी किया था। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी यानी 6 मार्च को यह व्रत किया जाएगा।**



कहा जाता है कि विजया एकादशी के दिन भगवान श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र तट पर पहुंचे। समुद्र तट पर पहुंच कर भगवान श्री राम ने देखा कि सामने विशाल समुद्र है और उनकी पत्नी देवी सीता रावण कैद में है। इस पर भगवान श्रीराम ने समुद्र देवता से मार्ग देने की प्रार्थना की, परंतु समुद्र ने जब श्रीराम को लंका जाने का मार्ग नहीं दिया तो भगवान श्रीराम ने ऋषि गणों से इसका उपाय पूछा। ऋषियों में भगवान राम को बताया कि प्रत्येक शुभ कार्य को शुरू करने से पहले व्रत और अनुष्ठान कार्य किए जाते हैं। व्रत और अनुष्ठान कार्य करने से कार्यसिद्धि की प्राप्ति होती है और सभी कार्य सफल होते हैं। आप भी एकादशी का व्रत कीजिए। भगवान श्रीराम ने व्रत कर लंका विजयी पाई। विजया एकादशी व्रत के विषय में यह मान्यता है, कि एकादशी व्रत करने से स्वर्ण दान, भूमि दान, अन्नदान और गौदान से अधिक पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। एकादशी व्रत के दिन भगवान नारायण की पूजा की जाती है। व्रत से पहले की रात्रि में सात्विक भोजन करना चाहिए और रात्रि भोजन के बाद कुछ नहीं लेना चाहिए। एकादशी व्रत 24 घंटों के लिए किया जाता है। व्रत का समापन द्वादशी तिथि के प्रात:काल में अन्न से भरा घडा ब्राह्माण को दिया जाता है।

# सदा प्रगतिशील रहते हैं रोहिणी नक्षत्र वाले जातक

**यह** नक्षत्र फरवरी के मध्य भाग में मध्याकाश में पश्चिम दिशा की तरफ रात को 6 से 9 बजे के बीच दिखाई देता है। यह कृत्तिका नक्षत्र के पूर्व में दक्षिण भाग में दिखता है। नक्षत्रों के क्रम में चौथे स्थान पर आने वाला नक्षत्र वृष राशि के 10 डिग्री-0%-1% से 23 डिग्री-20%-0% के बीच है। किसी भी वर्ष की 26 मई से 8 जून तक के 14 दिनों में इस नक्षत्र से सूर्य गुजरता है। इस प्रकार रोहिणी के प्रत्येक चरण में सूर्य लगभग साढ़े तीन दिन रहता है। इस नक्षत्र का स्वामी शुक्र है। योग- सौभाग्य, जाति- स्त्री, स्वभाव से शुभ, वर्ण- शूद्र है और उसका विंशोतरी दशा स्वामी ग्रह चंद्र है। रोहिणी नक्षत्र किसी भी स्थान के मध्यवर्ती प्रदेश को संकेत करता है। इस कारण किसी भी स्थल के मध्य भाग के प्रदेश में बनने वाली घटनाओं या कारणों के लिए रोहिणी में होने वाले ग्रहाचार को देखा जाना चाहिए। पुराण कथा के अनुसार रोहिणी चंद्र की सत्ताइस पत्नियों में सबसे सुंदर, तेजस्वी, सुंदर वस्त्र धारण करने वाली है। ज्यों-ज्यों चंद्र रोहिणी के पास जाता है, त्यों-त्यों उसका रूप अधिक खिल उठता है। चंद्र के साथ एकाकार होकर छुप भी जाती है। रोहिणी के देवता ब्रह्माजी हैं। रोहिणी जातक सुंदर, शुभ्र, पति प्रेम, संपादन करने वाले, तेजस्वी, संवेदनशील, संवेदनाओं से जीते जा सकने वाले, सम्मोहक तथा सदा ही प्रगतिशील होते हैं। रोहिणी नक्षत्र को वृष राशि का मस्तक कहा गया है। इस नक्षत्र में तारों की संख्या पांच है। इस नक्षत्र के जातक पतले, स्वार्थी, झूठे, सामाजिक, मित्राचार वाले, दृढ़ मनोबल वाले, बुद्धिशाली, पद-प्रतिष्ठा वाले, रसवृत्ति वाले, सुखी, संगीत कला इत्यादि ललित कलाओं में रस रखने वाले, देव-देवियों में आराध्य वाले मिलते हैं। जातक मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं। एजेंट्स, जज, फैंसी आइटमों के व्यापारी, जमीन, खेती, राजकीय प्रवृत्तियों द्वारा, साहित्य आदि से धन-वैभव और सत्ता प्राप्त करते हैं। जिस स्त्री का जन्म रोहिणी नक्षत्र में हुआ हो वह स्त्री सुंदर, सावधान, पवित्र, पति की आज्ञाकारिणी, माता-पिता की भक्त और सेवाभावी पुत्र-पुत्रियों से युक्त, ऐश्वर्यवान होती है।




# उच्चारण का नहीं जप का मंत्र है

## ॐ नमः शिवाय

*पंचाक्षरेण मंत्रेण पत्रं पुष्पमथापि वा*
*यः प्रयच्छति शर्वाय तदनन्तफलं सकृत*




**पांच** अक्षरों के मंत्र अर्थात 'ॐ नमः शिवाय' का जाप करना तथा इस मंत्र के द्वारा जो भी मनुष्य पत्र-पुष्प और जल इत्यादि का समर्पण देवासुरेश्वर भगवान शंकर को एक बार भी करता है, तो वह अनंत फल पाता है। भगवान आदि अनंत शिव के मुखारविंद से सात करोड़ मंत्र निकले, परंतु वे सभी मंत्र मिलकर भी इस पंचाक्षरी मंत्र की सोलहवीं कलां के समान भी नहीं होते हैं। विधि-विधान से मुनष्य मात्र तो क्या, जो भी प्राणी इस पंचाक्षरी मंत्र का जाप किया करता है, वह अवश्य ही भगवान शंकर का भक्त हो जाया करता है। घोर पापी भी पापों से तुरंत ही मुक्त हो जाया करता है, इसमें जरा भी संदेह नहीं है। समस्त लोकों व शृष्टियों तथा चौदह भुवनों में इस पांच अक्षरों वाले मंत्र से अधिक कुछ भी श्रेय नहीं है। पंचाक्षरी मंत्र के द्वारा बिल्व के पत्रों से जो मनुष्य भगवान शिव का पूजन किया करता है, वह ईश्वरीय पद को प्राप्त करता है। बिल्व वृक्ष की बड़ी महिमा है, क्योंकि यह भगवान शिव का परम प्रिय वृक्ष है। इसके दर्शन व वंदना करने से भी एक अहोरात्र का किया हुआ पाप नष्ट हो जाया करता है, किंतु बहुत ही सावधानीपूर्वक पंचाक्षरी मंत्र का जप करने का विधान बताया गया है। शुद्ध आसन, पंचाक्षरी मंत्र गुरु परंपरा से प्राप्त हो और विधि विधान का नित्य पालन हो अन्यथा लाभ के स्थान पर बड़ी हानि भी हो जाती है। मन और मुख शुद्धि किए बिना पंचाक्षरी मंत्र का उच्चारण नहीं करना चाहिए। यदि आप सनातनी वस्त्रों में नहीं हैं, नियम और विधि विधान में नहीं हैं, तो नमः शिवाय से ही पूजा करें उसी का नित्य जप करें। शास्त्रों में कहा है कि पंचाक्षरी मंत्र उच्चारण का नहीं जप का मंत्र है इसलिए इसे उच्चारित नहीं करना चाहिए, इसका उल्लंघन करने से हानि होने की संभावना बढ़ जाती है। मंत्रों से किया गया खिलबाड़ भविष्य बनने में बाधक बन जाता है। इसलिए कलिकाल में मनुष्य विधि विधानों से बहुत ही दूर हो गया, नियम पालन भी आधुनिकता में नहीं हो पाता, इस हेतु मन में ही पंचाक्षरी मंत्र का जप करना चाहिए वह भी शुद्ध चित और नियमपूर्वक। इसी से मनुष्य कल्याण को पाता है।

**अनिल शर्मा, मंडी।**

# पितरों की शांति के लिए करें चैत्र अमावस व्रत

**अमावस्या** तिथि प्रत्येक धर्म कार्य के लिए अक्षय फल देने वाली बताई गई है, पर पितरों की शांति के लिए अमावस्या व्रत पूजन का विशेष महत्व है। जो लोग अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति, सद्गति के लिए कुछ करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक माह की अमावस्या को उपवास रखकर पूजन कार्य करना चाहिए। अमावस्या के साथ-साथ मन्वादि तिथी, संक्रांतिकाल व्यतीपात, चंद्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण इन समस्त तिथियों, वारों में पितरों की तृप्ति के कार्य किए जा सकते हैं...

## कौन-कौन अमावस्या

**जो** अमावस्या सोमवार के दिन आती है, उसे सोमवती अमावस्या कहते हैं। प्रत्येक मास में एक अमावस्या होती है। इसी प्रकार जब मंगलवार के दिन अमावस्या आए, तो उसे भौमवती अमावस्या के नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त शनिवार के दिन आने वाली अमावस्या, शनैश्चरी अमावस्या कहलाती है। अन्य वारों में आने वाली अमावस्या की तुलना में इन तीन वारों में पड़ने वाली अमावस्या व्रत-उपवास के लिए विशेष होती है।



# कल्याणकारी है महाशिवरात्रि का व्रत

**फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। भगवान शिव को शीघ्र प्रसन्न होने वाला देव कहा गया है। इस दिन देवों के देव भगवान भोलेनाथ का विवाह हुआ था। उसी के स्वरूप यह महोत्सव मनाया जाता है।**



**शास्त्रों** में कहा गया है कि जिनकी जटाओं में गंगा भी शरण लेती है, तीनों लोक के वासियों को प्रकट करने वाले हैं, जिनके नेत्रों से तीन अग्नि निकल कर शरीर का पोषण करती है। ऐसे भगवान शिव इस तिथि में विवाह रचा कर प्रसन्न हैं। महाशिवरात्रि व्रत करने से साधक को मोक्ष प्राप्ति के योग्य बनाती है। इस व्रत को करने से व्यक्ति का कल्याण होता है। उपवासक के सभी दुख, पीड़ाओं का अंत होता है। साथ ही उसकी इच्छित मनोकामना की पूर्ति होती है। यह व्रत धन, सुख-सौभाग्य, समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस व्रत को जो भी प्रेम भक्ति के साथ करता है, उसके सभी मनोरथ भगवान शिव की कृपा से पूर्ण होते हैं। भगवान शिव की पूजा शुद्ध चित से करनी चाहिए। भगवान श्री देव देवों के देव हैं। भगवान भोलेनाथ का व्रत करने से व्यक्ति की धन के प्रति क्षुधा, पिपासा, लोभ, मोह आदि से मुक्ति मिलती है। बुद्धि निर्मल होती है और जीवन सद्कार्यों की ओर प्रेरित होता है।

*__शास्त्रों__ में प्रदोषकाल (सूर्यास्त होने के बाद रात्रि होने के मध्य की अवधि) सरल शब्दों में सूर्योस्त होने के बाद के 2 घंटे 24 मिनट कि अवधि प्रदोष काल कहलाती है। प्रदोष काल के समय में भगवान शिव प्रसन्न मुद्रा में नृत्य करते हैं। प्रदोषकाल में ही शिव और पार्वती का विवाह हुआ था। यही कारण है कि प्रदोषकाल में शिव पूजा या शिवरात्रि में शिव जागरण करना विशेष कल्याणकारी कहा गया है। सभी 12 ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव भी प्रदोष काल महाशिवरात्रि तिथि में ही हुआ था। इसी कारण से फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी (महाशिवरात्रि) के नाम से जानी जाती है।*

## टोटके

### शीघ्र विवाह के लिए

*__जिन__ जातकों का विवाह मनचाहे वर से नहीं हो रहा है या बार-बार विघ्न पड़ रहे हों, वह नवरात्र में देवी भगवती के नौ व्रत रखें व आत्मसंयमी होकर एक समय दुर्गासप्तशती व एक समय शुद्ध होकर निम्न मंत्र का 11,000 बार जाप करें। जाप पूर्ण होने पर दशांश हवन, तर्पण, मार्जन व ब्राह्मणों को भोजन करवाएं, शीघ्र लाभ अवश्य होगा।*

**पत्नी मनोरमा देहि**
**मनोवृत्तानुसारिणीम। तारिणीं दुर्ग**
**संसार सागरस्य कुलोदभवाम्।।**
**यह सारा जप कात्यायनी यंत्र की**
**स्थापना करके ही करें।**

### संतान प्राप्ति के लिए

*नवरात्र में स्कंदमाता का विधिवत व्रत रखें व दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। दशहरे के दिन योग्य पंडित से मंत्र-जप करवाकर पूए से हवन करवाएं। नवरात्र में नौ दिनों तक संतान प्राप्ति का संकल्प करके भगवती का पूजन करके ध्यान करना चाहिए।*

**ध्यान**-भजे कामेश्वरीं देवीं शिवांके
रूपसन्निभाम्।
*व्रतानुष्ठान मात्रेण आशु संतान वर्धिनीम्।।*
*विनियोग*

*अस्य श्रीसंतानकामेश्वरी महामंत्रस्य मन्मथ ऋषिः त्रिष्टुपछन्दः श्री संतानकामेश्वरी देवता क्लीं बीजं श्रीं शक्तिः श्रीं कीलकं अमुक्या) मम सन्तान प्राप्तये वृद्धये जपे विनियोगः*

**जपनीय मंत्र:**

उं क्लीं ऐं ह्रीं श्रीं नमो भगवति
संतानकामेश्वरि गर्भविरोधं।
निरासय निरासय सम्यक् शीघ्रं
संतानमुत्पादयोत्पादय स्वाहा।।
श्री कामेश्वरी यै अर्पणमस्तु

इस मंत्र का सवा लाख जाप करने के पश्चात दशांश हवन, दशांश तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण को भोजन करवाएं। कन्या पूजन करके मंत्र का जाप आरंभ करें। संतान अवश्य प्राप्त होगी।


**नौकरी हेतु इंटरव्यू में सफलता के लिए**
स्फटिक की माला से नौ दिन तक 108 बार नीचे लिखे मंत्र का पाठ करें:
**उं ह्रीं वाग्वादिनी भगवती मम कार्य सिद्धि करि-करि स्वाहा**

# शिव आस्था का केंद्र मंडी शिवरात्रि

**एक** समृद्ध समाज अपने मेले,त्योहारों व संस्कृति के लिए जाना जाता है। हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अनेक अवसरों पर अनेक मेले व त्योहार समृद्धशाली संस्कृति होने का परिचय देते हैं। ऐसे में मंडी महाशिवरात्रि का महत्व मंडी सहित समूचे प्रदेश में अनोखा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। वैसे तो हर महीने मासिक शिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है, लेकिन साल के फाल्गुन माह में पड़ने वाली महाशिवरात्रि का विशेष महत्व होता है।

इस दिन शिव के भक्त भोले नाथ की विधि-विधान से पूजा और व्रत करते हैं। कहा जाता है कि भगवान शिव को प्रसन्न करना सबसे आसान है। जो भक्त सच्चे मन से इनकी अराधना करता है उस पर कभी कोई संकट नहीं आता है। महाशिवरात्रि का दिन शिव अराधना के लिए सबसे उत्तम माना गया है। फाल्गुन मास में आने वाली महाशिवरात्रि इस बार 8 मार्च के दिन पड़ी है। इस खास पर्व की पूजा विधि, सामग्री, मंत्र और व्रत कथा महाशिवरात्रि के विषय में भिन्न-भिन्न मत हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि आज के ही दिन शिवजी और माता पार्वती विवाह-सूत्र में बंधे थे, जबकि अन्य कुछ विद्वान ऐसा मानते हैं कि आज के ही दिन शिवजी ने 'कालकूट' नाम का विष पीया था जो सागर मंथन के समय समुद्र से निकला था। ज्ञात हो कि यह समुद्र मंथन देवताओं और असुरों ने अमृत-प्राप्ति के लिए किया था। एक शिकारी की कथा भी इस त्योहार के साथ जुड़ी हुई है कि कैसे उसके अनजाने में की गई पूजा से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उस पर अपनी असीम कृपा की थी। यह कथा पौराणिक शिव पुराण में भी संकलित है ।





प्रस्तुति : जितेंद्र कुमार
द्रंग, जिला मंडी

## मेले में शैव, वैष्णव और लोक देवता का संगम

**मंडी,** बाबा भूत नाथ का निवास, मांडव्य नगरी के रूप में जाना जाता था, क्योंकि मांडव ऋषि ने ब्यास नदी में कोलसारा नामक एक चट्टान पर कठिन तपस्या की थी। प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला हर साल फरवरी/मार्च के महीनों के दौरान मंडी में मनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश की संस्कृति की तरह मंडी की महाशिवरात्रि का पर्व कई मायनों में अनोखा है। यहां देवताओं और लोगों के मिलन की झलक नजर आती है। दरअसल, हिमाचल के लगभग हर गांव के अपने देवता होते हैं। इन्हीं देवताओं की जलेब शिवरात्रि में पहुंचती है और इसे खास बना देती है। जो भी देवी-देवता जिस स्थान से संबंध रखते हैं, वहां के लोग उनको पालकी या पीठ पर उठाकर मंडी के पड्डल मैदान तक लाते हैं। मंडी शहर के राज देव माधव राय की पालकी से महोत्सव की शुरुआत होती है। इसी के जरिए भूतनाथ मंदिर में भगवान शिव को न्योता दिया जाता है। महोत्सव में कमरुनाग देवता सबसे पहले आते हैं। इस मेले को शैव, वैष्णव और लोक देवता का संगम माना जाता है। अगले सात दिन तक मेला चलता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस मेले में शामिल होने के लिए पर्यटकों की भी काफी दिलचस्पी रहती है।

## इस साल 8 से 14 मार्च तक महोत्सव

**इस** साल 8 से 14 मार्च तक महोत्सव होगा। इस बार मेले में 216 देवी-देवताओं आगमन होगा, जिससे पूरा मंडी शहर देवी -देवताओं के ढोल नगाड़ों से गूंज उठेगा तथा पूरा मंडी शहर भोले बाबा की भक्ति में डूब जाएगा। मंडी की शिवरात्रि अपने आप में इसलिए महत्व रखती है, क्योंकि यहां पर मेले में बहुत से जो भी देवता आते हैं वो अपना स्थान वहीं लेते हैं जहां पर उनको राजा के द्वारा परीक्षा ली गई थी और राजा ने ही उनको ये स्थान दिया था इसलिए इनमें से अधिकांश देवता मेले के पड्डल मैदान में बैठते हैं तथा कुछ देवता राजा के महल में बैठते हैं और यह परंपरा अभी भी राजा के द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार चलती है और जो देवता राजा के महल में बैठते हैं उन्हें नरोल का देवता भी कहा जाता है जो कि सात दिन तक राजा के महल में ही बैठते हैं और जब भी राजा माधव राय की जलेब निकलती है तो तब भी प्रभु माधव राय की पालकी की जलेब निकलने पर जो देवता जलेब में जाते हैं वही इस जलेब में भाग लेते हैं। जो देवता पालकी में आगे चलते हैं वो आगे ही चलते हैं तथा और जो पीछे चलते हैं वो पीछे ही रहते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जडेजा और बुमराह पहुंचे दिल्ली से गगल एयरपोर्ट


गगल एयरपोर्ट पर जडेजा और बुमराह।

**गगल।** पांचवां टेस्ट मैच खेलने के लिए सोमवार को 11:30 के लगभग इंडिगो की फ्लाइट से रविंद्र जडेजा व जसप्रीत बुमराह भी दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को विशेष विमान से भारत व इंग्लैंड की दोनों टीमें चंडीगढ़ से गगल एयरपोर्ट पहुंच गई थीं। सोमवार को जैसे ही जडेजा और बुमराह एयरपोर्ट पहुंचे तो एचपीसीए के सदस्यों ने उनका स्वागत किया और वे फिर बस द्वारा सड़क धर्मशाला के लिए रवाना हो गए। दोनों टीमें सात मार्च को धर्मशाला के स्टेडियम में अपना पांचवां टेस्ट मैच खेलेंगी।

### इंग्लैंड के क्रिकेट खिलाड़ियों ने खनियारा गांव में किया वर्कआउट

**धर्मशाला।** टेस्ट मैच के लिए धर्मशाला पहुंचे इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों ने सोमवार को धर्मशाला के खनियारा गांव में वर्कआउट किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने बर्फ से लकदक धौलाधार की पहाड़ियों को नजदीक से निहारा। साथ ही प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। इससे पहले रविवार को धर्मशाला पहुंचे इंग्लैंड टीम के कोच और पूर्व खिलाड़ी पॉल कॉलिंगवुड दोपहर को मैक्लोडगंज घूमने निकले। हल्की बारिश के बीच कॉलिंगवुड मॉल रोड और दलाईलामा मंदिर तक पैदल घूमे। इस दौरान उन्होंने मोबाइल से फोटो भी खींचे। धर्मशाला में भारत और इंग्लैंड के बीच सात मार्च को टेस्ट मैच शुरू होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात से लेकर 11 मार्च तक खेले जाने वाले भारतीय इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए अभी से ही स्टेडियम के बाहर भीड़ जुटना शुरू हो गई है।

### ऑस्ट्रेलिया में दम दिखाएंगे सिरमौर के धावक सुनील शर्मा

**नाहन।** सिरमौर से ताल्लुक रखने वाले अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा मैराथन धावक सुनील शर्मा का ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने जा रही एशिया और ओशिनिया चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में आयोजित हो रही है। सुनील शर्मा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में लगातार 24 घंटे की दौड़ प्रतिभागी खिलाड़ियों को करनी होगी और इस चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान सहित एशिया और ओशनिया की तमाम देश प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। पत्रकार वार्ता में मौजूद सिरमौर के मशहूर उद्यमी एलडी शर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने जा रही चैंपियनशिप के लिए सुनील शर्मा का चयन होना गौरवान्वित करने वाली बात है।

### इनेलो नेता नफे सिंह राठी हत्याकांड के दो आरोपी काबू

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**नई दिल्ली।** हरियाणा इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी हत्याकांड में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, झज्जर पुलिस और हरियाणा एसटीएफ के संयुक्त ऑपरेशन में दो आरोपी सौरव और आशीष को गोवा से गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस दो अन्य शूटर्स की तलाश में लगातार अलग-अलग जगह पर दबिश दे रही है। उल्लेखनीय है कि रविवार को हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में शूटर्स ने नफे सिंह राठी की हत्या कर दी थी। इस वारदात में राठी के एक सुरक्षाकर्मी की भी जान गई, जबकि गोलीबारी में ड्राइवर जख्मी हो गया।

### कानपुर के वैभव गुप्ता ने जीता 'इंडियन आइडल 14' का खिताब



**कानपुर।** 'इंडियन आइडल' के 14वें सीजन को अपना विनर मिल गया है। कानपुर के सिंगर वैभव गुप्ता ने खिताब अपने नाम किया है। शो के अंत तक बने रहने वाले टॉप छह की सूची में वैभव गुप्ता ने सुभदीप दास, आद्या मिश्रा, अंजना पद्मनाभन, पीयूष पंवार और अनन्या पाल को पछाड़कर 'इंडियन आइडल 14' की ट्रॉफी अपने नाम की है। 'इंडियन आइडल 14' का खिताब जीतने के बाद वैभव गुप्ता को ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपए इनाम में मिले हैं। इतना ही नहीं, उन्हें एक चमचमाती कार भी गिफ्ट की गई है।

### चीता हेलिकॉप्टर की राजौरी में सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग

**जम्मू।** भारतीय सेना के चीता हेलीकॉप्टर ने तकनीकी समस्या के कारण जम्मू संभाग के राजौरी जिले में सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग की। सेना के अधिकारियों के अनुसार चीता हेलीकॉप्टर का पायलटों ने एक तकनीकी समस्या की पहचान की और सुरक्षा उपाय के रूप में एहतियाती लैंडिंग का विकल्प चुना। इसके बाद सुंदरबनी तहसील के हथल गांव के खेतों में दोपहर के आसपास लैंडिंग हुई।

### नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को मिली जमानत

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने 23 लाख अमेरिकी डॉलर के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को जमानत दे दी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। मुहम्मद यूनुस को गरीब लोगों की मदद के लिए माइक्रोक्रेडिट के उपयोग में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### चार नए अंतरिक्ष यात्री छह महीने के लिए अंतरिक्ष स्टेशन रवाना

**न्यूयार्क।** चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप के आगमन की निगरानी करेंगे। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।

---

### धर्मशाला टेस्ट: आखिरी मैच में पाटीदार या पड्डिकल में कोई एक ही खेलेगा

# तीन पेसरों के साथ उतर सकता है भारत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में दो बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं। धर्मशाला के स्टेडियम में मुकाबला सातमार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए टीम इंडिया तीन पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है।

धर्मशाला के क्रिकेट स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69 प्रतिशत विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती हैं। टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं।


देवदत्त पड्डिकल

#### धर्मशाला टेस्ट में भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11

**रोहित** शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, देवदत्त पड्डीकल/रजत पाटीदार, रवींद्र जडेजा, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, आकाश दीप/कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

#### सीरीज में 3-1 से आगे भारत

**टीम** इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज में 3-1 से आगे है। पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने दूसरा मैच 106 रन, तीसरा मैच 434 रन और चौथा टेस्ट 5 विकेट के अंतर से जीत लिया। पांचवां मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

#### पाटीदार लगातार फ्लॉप रहे पड्डिकल का डेब्यू संभव

**टीम** इंडिया दूसरा बदलाव बल्लेबाजी में कर सकती है। दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार को लगातार तीन मुकाबलों में खेलने का मौका मिला, लेकिन वह एक फिफ्टी भी नहीं लगा सके। छह पारियों में उनके नाम 63 रन रहे। ऐसे में पड्डिकल का डेब्यू संभव है।

#### कुलदीप की जगह खेलेंगे बुमराह!

**तेज** गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया तीन पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है, लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल तीन में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव पिछला मैच खेले थे। अश्विन और जडेजा अपनी बॉलिंग से ही किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम की प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं। दूसरी ओर कुलदीप ने पूरी सीरीज में इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया। उनकी बैटिंग भी अच्छी रही, लेकिन अश्विन और जडेजा का अनुभव ज्यादा है इसलिए कुलदीप को ही बुमराह के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है।

## पंकज आडवाणी ने सीसीआई स्नूकर क्लासिक खिताब रखा बरकरार



**मुंबई।** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने रविवार को यहां 'बेस्ट ऑफ 15 फ्रेम' के फाइनल में दबदबा बनाते हुए कमल चावला को आठ-तीन से हराकर सीसीआई स्नूकर क्लासिक खिताब बरकरार रखा। आडवाणी ने चावला के खिलाफ अपने कौशल, निरंतरता और सटीकता से 75-12, 1-58, 64-39, 63-29, 7-75, 66-64, 94-5, 0-81 64-47, 122-8, 72-9 के फ्रेम से जीत हासिल की। ट्रॉफी जीतने के बाद आडवाणी ने कहा, 'खिताब का बचाव करना कभी भी आसान नहीं होता, क्योंकि हर कोई आपसे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश में जुटा रहता है। मैं सीसीआई में खेलने में सहज महसूस करता हूं, जिससे शायद मैं अपना सर्वश्रेष्ठ कर पाता हूं। मैं यहां अपने खेल का अधिक लुत्फ उठाता हूं।'

## फ्रेंच ओपन में 2022 की सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक और चिराग



**पेरिस।** पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी। फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी, हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा, जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे।

## यूएस किड्स गोल्फ मलेशियाई चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगे सात भारतीय

**कुआलालंपुर।** यूएस किड्स गोल्फ मलेशियाई चैंपियनशिप 2024 में सात भारतीय युवा गोल्फर भाग लेंगे, जो यूएस किड्स सीरीज़ के एशियाई सर्किट का एक हिस्सा है। टूर्नामेंट का आयोजन पांच से सात मार्च तक ग्लेनमेरी गोल्फ एंड कंट्री क्लब में किया जाएगा। आयोजकों द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तीन दिवसीय टूर्नामेंट में मलेशिया के 37 खिलाड़ियों सहित 16 देशों के कुल 106 जूनियर गोल्फ खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। मैदान में सात भारतीय हैं, जिनमें लड़कों के आठ और उससे कम उम्र के वर्ग में; रुस्लान आलम खान और दिवजोत गुप्ता, दस और उससे कम उम्र के लड़कों में जोत सरूप गुप्ता; लड़कों के 13-14 उम्र वर्ग में अर्शवंत श्रीवास्तव, वेद साई माचिराजू और सोहांग हर कांतोर शामिल हैं। वहीं, लड़कियों के 13-14 उम्र वर्ग में कुन्नूर की कृति पारेख मैदान में एकमात्र भारतीय गोल्फर होंगी। पांच से 18 वर्ष के आयु समूहों में सौ से अधिक प्रविष्टियों वाला यह आयोजन तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा, जो विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग अंक प्रदान करता है। इसके अलावा युवा गोल्फर प्रायोरिटी स्टेटस के लिए खेलेंगे। खिलाड़ी क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय और विश्व या विश्व किशोर चैंपियनशिप में विभिन्न स्तर की स्थिति अर्जित करके यूएस किड्स गोल्फ मेजर चैंपियनशिप के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं।

## एशियन रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप शुरू

### सीएम सुक्खू ने रिज मैदान से हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से चार से नौ मार्च तक बसंतपुर के निकट सतलुज नदी में आयोजित की जा रही एशियन रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, ईरान, इराक, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा इंडोनेशिया सहित 20 टीमें भाग ले रही हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में हमीरपुर के नादौन में राफ्टिंग मैराथन और गत वर्ष जिला शिमला के जुन्गा में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

राज्य में लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए साहसिक खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इस मौके पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंदलाल, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, विधायक हरीश जनारथा, निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मानसी सहाय ठाकुर, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


एशियन रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

## सीएसके को झटका, मई तक क्रिकेट से दूर हुए डेवोन कॉनवे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है, टीम के सलामी बल्लेबाज न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे कम से कम मई तक क्रिकेट के मैदान से दूर रहेंगे।

कॉनवे, जो पिछले साल गुजरात टाइटंस के खिलाफ खिताबी मुकाबले में मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे, के बाएं अंगूठे की सर्जरी होगी, जिससे वे कम से कम आठ सप्ताह के लिए बाहर रहेंगे। 32 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में आयोजित टी-20 शृंखला के दौरान अंगूठे में चोट लग गई और परिणामस्वरूप, वह शुरुआती टेस्ट खेलने के लिए भी उपलब्ध नहीं थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को पुष्टि की है कि चिकित्सकीय परामर्श के बाद कॉनवे के बाएं अंगूठे की सर्जरी करने का निर्णय लिया गया है। रिकवरी में कम से कम आठ सप्ताह लगने का अनुमान है, पूरी संभावना है कि कॉनवे आधे से अधिक टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जो 22 मार्च को शुरू होने वाला है और मई के अंत तक समाप्त होने की संभावना है।

हेनरी निकोल्स, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए कॉनवे के कवर के रूप में बुलाया गया था, अब दूसरे टेस्ट के लिए टीम के साथ बने रहेंगे।

### मैं बदलती दिल्ली की तस्वीर पेश कर रही हूं: वित्त मंत्री आतिशी

## दिल्ली सरकार ने पेश किया 76 हजार करोड़ का बजट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी मार्लेना सिंह ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया। सदन में बजट पेश करते हुए आतिशी ने कहा कि सरकार राम राज्य के सपने को साकार करने की कोशिश कर रही है।

यह दिल्ली सरकार का दसवां बजट है। आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते हुए अपने पहले बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के सपने को साकार करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि कैसे आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के पिछले दस साल के कार्यकाल में दिल्ली की तस्वीर बदली है। वित्त मंत्री आतिशी ने बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 16,396 करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव रखा है।

दिल्ली विधानसभा में बजट पेश करते हुए आतिशी मार्लेना सिंह ने कहा कि यह गौरव की बात है कि अरविंद केजरीवाल सरकार अपना दसवां बजट पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ दसवां बजट नहीं, बल्कि बदलती दिल्ली की तस्वीर पेश कर रही हूं। हम राम राज्य के सपने को साकार करने के लिए मेहनत से काम कर रहे हैं।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि वित्त वर्ष 2014-15 में दिल्ली की जीएसडीपी 4.95 लाख करोड़ रुपए थी। पिछले दस साल में दिल्ली की जीएसडीपी करीब अढ़ाई गुना बढ़कर 11.08 लाख करोड़ रुपए हो गई है।


दिल्ली सरकार का बजट पेश करने जातीं वित्त मंत्री आतिशी व सीएम अरविंद केजरीवाल।

## अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में बच्चन परिवार का जलवा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जामनगर में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय और आराध्या, श्वेता बच्चन नंदा और उनके बच्चों अगस्त्य और नव्या नवेली का एक साथ एक वीडियो सामने आया है। सभी ने अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग तीसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और रात को जामनगर से मुंबई के लिए रवाना हो गए। वीडियो को पैपराजी इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में सभी एक के बाद एक साथ चलते नजर आ रहे हैं, लेकिन जया बच्चन मुस्कुराते हुए अकेले चलती नजर आ रही हैं। पारंपरिक पोशाक में बच्चन परिवार बेहद खूबसूरत लग रहा था। इस मौके पर बिग बी ने कुर्ता और जया बच्चन ने साड़ी पहनी थीं। प्री-वेडिंग के लिए ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या ऑफ-व्हाइट के अलग-अलग शेड्स चुनते नजर आए। नव्या नवेली लाल रंग के लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। श्वेता बच्चन नंदा ने जहां कुर्ता पहना था, वहीं अगस्त्य इंडो-वेस्टर्न कपड़ों में थे। इसी बीच ऐश्वर्या और अभिषेक के तलाक की चर्चा छिड़ गई। ऐसी बहुत अफवाहें थीं कि दोनों तलाक लेने वाले हैं, न तो अभिषेक और न ही ऐश्वर्या ने इस पर कोई प्रतिक्रिया दी, लेकिन पहले अगस्त्य नंदा की फिल्म और अब अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग के लिए बच्चन परिवार को एक साथ देखा गया।

**अर्थव्यवस्था**

### मूडीज ने आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए 6.1 फीसदी से बढ़ाया विकास दर का अनुमान

# 2024 के लिए भारत की विकास दर 6.8% रहने का अनुमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.1 फीसदी से बढ़ा कर 6.8 फीसदी कर दिया है।

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अपने पूर्वानुमान को बढ़ा कर 6.8 फीसदी कर दिया है। इससे पहले एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया था। इसके साथ ही एजेंसी ने कहा है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।



मूडीज ने वर्ष 2023 के उम्मीद से मजबूत आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए भारत के विकास दर के अनुमान को बढ़ाया है। एजेंसी ने कहा कि वर्ष 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है।

मूडीज ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में जारी है। उल्लेखनीय है कि कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत के जीडीपी के आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। दरअसल कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 फीसदी रही है। ऐसे में 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 फीसदी की दर से बढ़ी है।

## देश में 29 फरवरी तक 255.38 लाख टन चीनी का उत्पादन 3.1 लाख टन की गिरावट


**नई दिल्ली।** देश में चालू चीनी विपणन सत्र 2023-24 में 29 फरवरी तक चीनी का उत्पादन 255.38 लाख टन रहा है। इससे पिछले चीनी विपणन वर्ष में इस अवधि के दौरान 258.48 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। सालाना आधार पर इसमें 3.1 लाख टन की गिरावट आई है। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (इस्मा) ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि चीनी विपणन सत्र 2023-24 में 29 फरवरी तक 255.38 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। इससे पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 258.48 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था।



इस्मा के मुताबिक पिछले चीनी विपणन की तुलना में अभी तक 3.1 लाख टन कम चीनी का उत्पादन हुआ है। इस्मा के मुताबिक चालू चीनी विपणन वर्ष में 29 फरवरी तक चालू चीनी मिलों की संख्या 466 थी, जबकि पिछले चीनी सीजन के दौरान इसी तारीख (28 फरवरी, 2023) तक 447 चीनी मिलें संचालित थीं। उद्योग निकाय इस्मा के मुताबिक चालू सीजन में महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी मिलों के बंद होने की दर पिछले सीजन की तुलना में धीमी है। इस साल अब तक इन दोनों राज्यों में कुल 49 फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं, जबकि पिछले साल समान तारीख को 74 फैक्ट्रियां बंद हो चुकी थीं। इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के मुताबिक कुल मिलाकर, 29 फरवरी के अंत तक देशभर में 65 चीनी मीलों ने अपना पेराई का कार्य बंद कर दिया है, जबकि पिछले साल की समान अवधि के दौरान 86 चीनी मिलें बंद हो चुकी थीं।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में सोमवार को कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए, डीजल 89.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए, डीजल 94.27 रुपए, कोलकाता में 106.03 रुपए, डीजल 92.76 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर की दर पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.09 डॉलर, यानी 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 83.64 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.02 डॉलर यानी 0.03 फीसदी की उछाल के साथ 79.95 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।



## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार सेंसेक्स में 60 अंक का उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हफ्ते के पहले दिन सोमवार को शेयर बाजार में कारोबार की सकारात्मक शुरुआत हुई। हालांकि, अभी दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव दिख रहा है। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 60.38 अंक यानी 0.082 फीसदी की उछाल के साथ 73,866.53 पर ट्रेंड कर रहा है।



वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 16.70 अंक यानी 0.075 फीसदी की बढ़त के साथ 22,395.10 पर कारोबार कर रहा है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों की वजह से शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी है।

इससे पहले 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 97 अंक की बढ़त के साथ 73,903 के स्तर पर खुला। वहीं, निफ्टी 16 अंक की तेजी के साथ 22,403 के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक और मारुति के शेयर लाभ में थे। दूसरी तरफ जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, टाइटन और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट थी। उल्लेखनीय है कि शेयर बाजार ने शनिवार को विशेष कारोबार के दौरान ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया था।